वर्ष 73 अंक 154 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 03 मार्च, 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जीवन का पूरा रहस्य इस बात में है कि एक चीज में गहराई से रुचि रखो और हजारों चीजों में सिर्फ दिलचस्पी।
–होरेस वॉलपोल

ईरान पर हमला



तीसरा दिन

## कई देशों में मिसाइल, ड्रोन और बमों के धमाके, हिज्बुल्लाह भी संघर्ष में शामिल

# तेहरान में इजराइल ने मचाई भीषण तबाही, 3 अमेरिकी जेट भी जमींदोज

**वॉशिंगटन, तेहरान, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच छिड़ी जंग सोमवार को और तेज हो गई। तेहरान समर्थित हिज्बुल्लाह लड़ाकों के शामिल होने से संघर्ष का दायरा कई देशों तक फैल गया। इस बीच कुवैत में अमेरिका के तीन फाइटर जेट ईरानी मिसाइलों का निशाना बने, जबकि पेंटागन ने दावा किया कि 'गलत पहचान' के चलते तीन अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल कुवैत के निशाने पर आए। सोमवार को ईरान ने इजराइल और कुछ अरब देशों की ओर मिसाइलें दागीं, जबकि लेबनान से हिज्बुल्लाह ने रॉकेट और ड्रोन हमले किए। जवाब में इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों और दक्षिण लेबनान पर भारी हवाई हमले किए। लेबनानी अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है। इजराइल ने 1 लाख से अधिक रिजर्व सैनिकों को तैनात कर लंबी लड़ाई की चेतावनी दी है।

यह ताजा उबाल उन संयुक्त अमेरिकी-इजराइली हमलों के बाद आया है, जिनमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। ईरानी रेड क्रीसेंट के अनुसार, अभियान शुरू होने के बाद 131 शहरों में कम से कम 555 लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों घायल हैं। ईरान समर्थित समूहों ने सोमवार को कुवैत, बहरीन और अन्य ठिकानों पर हमले किए। कुवैत में लड़ाकू मिशन के दौरान तीन अमेरिकी ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### खंडहर बना 'गांधी अस्पताल'

इजराइली एयर फोर्स ने सोमवार को ईरान की राजधानी तेहरान में बमों और मिसाइलों से हमले किए। इस दौरान वहां का मशहूर गांधी अस्पताल भी चपेट में आ गया। 2008-2009 में स्थापित गांधी होटल हॉस्पिटल 32,000 वर्ग मीटर के परिसर में स्थित है। यह एशिया के जाने-माने मेडिकल सेंटर्स में से एक माना जाता है। यह 17-मंजिला अस्पताल और 21-मंजिला होटल के साथ स्वास्थ्य पर्यटन के लिए जाना जाता है जिसमें 100 से ज्यादा बेड की सुविधा उपलब्ध है।

### युद्ध में बड़ी लहर अभी बाकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सेना ईरान को बुरी तरह से कुचल रही है- लेकिन बड़ी लहर अभी आनी बाकी है।' ट्रंप से पूछा गया कि क्या अमेरिका ईरानी लोगों को शासन से अपने देश पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने में मदद करने के लिए सैन्य हमले के अलावा और भी कुछ कर रहा है, तो उन्होंने कहा, 'हां, जी हां, बिल्कुल। लेकिन अभी हम चाहते हैं कि सभी लोग घर के अंदर ही रहें। बाहर रहना सुरक्षित नहीं है। हमने अभी तक उन पर जोरदार प्रहार करना शुरू भी नहीं किया है। बड़ी लहर अभी आई ही नहीं है। बड़ी लहर जल्द ही आने वाली है।'

### अमेरिका से कोई बातचीत नहीं: ईरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि सभी मंत्रालयों को 'लगातार और एकीकृत सेवाएं' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सरकार जनता के साथ खड़ी है।' वहीं, वरिष्ठ अधिकारी अली लारीजानी ने साफ कहा- 'ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा, जबकि वॉशिंगटन ने संवाद के लिए दरवाजा खुला बताया है।

**चार अमेरिकी सैनिक मारे गए** जानकारी के मुताबिक 2 मार्च तक चार अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं। सोमवार को एक गंभीर रूप से घायल सैनिक ने दम तोड़ा।

### ब्रिटेन से तनाव

जंग के बीच ब्रिटेन के साथ तनाव भी उभरा। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि हिंद महासागर स्थित डिएगो गार्सिया बेस के इस्तेमाल की अनुमति देने में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने 48 घंटे की देरी की। लंदन ने स्पष्ट किया कि वहां से केवल ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की इजाजत दी गई।

- **हिज्बुल्लाह प्रमुख की मौत का दावा:** इजराइल ने दावा किया कि बेरूत में हिज्जबुल्लाह के खुफिया प्रमुख हुसैन मकलेद को मार गिराया है। वहीं लेबनान के पीएम नवाफ सलाम ने हिज्बुल्लाह की सैन्य गतिविधियों पर 'प्रतिबंध' की घोषणा करते हुए हथियार राज्य को सौंपने का आह्वान किया।
- **भारत की चिंता: नागरिकों की सुरक्षा, उड़ानें रद्द:** भारत में 760 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द हुईं। दिल्ली में 87 उड़ानें प्रभावित रहीं। ईरान में 10,000 और इजराइल में 40,000 से अधिक भारतीय रहते हैं। खाड़ी-पश्चिम एशिया में कुल मिलाकर लगभग 90 लाख भारतीय समुदाय है।

### पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय: पीएम



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 'पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है और भारत सभी प्रकार के विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से निकालने का समर्थन करता है।'



रंगों के त्योहार का जश्न !

## खुशखबरी: प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने सोमवार को होली से पहले कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य के कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया है। अब कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। पेंशनर्स को भी इसका लाभ मिलेगा।

राज्य में अब तक कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था, जबकि केंद्र अपने कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रहा है। सोमवार को सीएम ने कहा है कि राज्य के सभी शासकीय सेवकों को भारत सरकार के समान अप्रैल 2026 के वेतन में 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, बढ़ा हुआ वेतन मई माह से मिलेगा। जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि



मई 2026 से प्रारंभ होकर 6 समान किस्तों में दी जाएगी। इस वृद्धि का लाभ पेंशनर्स को भी मिलेगा। उन्हें जनवरी से फरवरी 2026 की पेंशन में 58 प्रतिशत का महंगाई भत्ता दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है।

किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत बड़वानी में कैबिनेट की, कई महत्वपूर्ण निर्णय किए। शाम को सभी कर्मचारी बंधुओं और पेंशनर्स के कल्याण के लिए निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईपीएफओ ने बरकरार रखी 8.25% ब्याज दर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25 फीसदी ही रखने की सिफारिश की है। यह लगातार तीसरा साल है जब ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।यह निर्णय ईपीएफओ के सर्वोच्च निर्णयकारी निकाय सीबीटी की 239वीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने की। अब 8.25 फीसदी ब्याज दर के प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। सरकार की औपचारिक अधिसूचना के बाद यह ब्याज सदस्यों के खातों में जमा किया जाएगा। ईपीएफ के 7.8 करोड़ से अधिक अंशदाताओं को इस फैसले से स्थिर रिटर्न मिलता रहेगा। इससे पहले 2023-24 के लिए ब्याज दर 8.15 फीसदी से बढ़ाकर 8.25 फीसदी की गई थी, जिसे 2024-25 में भी बरकरार रखा गया था। एक सीबीटी सदस्य के अनुसार, 8.25 फीसदी दर बनाए रखने से ईपीएफओ को करीब 650 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है, जिसे पिछले वर्ष के 5,300 करोड़ रुपये के अधिशेष से समायोजित किया जाएगा। ईपीएफओ की आय मुख्यतः सरकारी बॉन्ड, प्रतिभूतियों और इक्विटी निवेश से जुड़ी होती है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमानत

### नारे नहीं थे भड़काऊ, न ही डराने का सबूत: कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट 2026 के दौरान शर्टलेस प्रदर्शन करने के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान लगाए गए नारे न तो भड़काऊ थे और न ही किसी धार्मिक या क्षेत्रीय भावना को भड़काने वाले। साथ ही, लोगों को डराने या तोड़फोड़ करने का कोई ठोस सबूत भी सामने नहीं आया। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि के समक्ष हुई। जिन कार्यकर्ताओं को जमानत मिली, उनमें कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान शामिल हैं।

### अवकाश की सूचना

**समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि होली के अवसर पर 3 एवं 4 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक जागरण का अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।**

**- महाप्रबंधक**

## पहली कृषि कैबिनेट में बना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का खाका

# छह विभागों की 16 योजनाओं के लिए 27,746 करोड़ मंजूर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** डॉ मोहन यादव कैबिनेट ने सोमवार को जनजातीय बाहुल्य बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का खाका तैयार किया। कैबिनेट ने 6 विभागों के जरिए किसान कल्याण का रोडमैप तय किया है। चार बड़ी सिंचाई परियोजना के साथ कैबिनेट ने कृषि को उद्योग से जोड़ने पर भी मंथन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में मध्यप्रदेश का किसान आत्मनिर्भर और नवाचार के मामले में देश में अग्रणी होगा।

महाराष्ट्र की सीमा से सटे बड़वानी के नागलवाड़ी में मध्यप्रदेश मत्रिपरिषद कृषि कैबिनेट ने कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के साथ प्रत्येक प्रस्ताव पर खुलकर चर्चा की और सुझाव लिए। विशेषकर उन 6 विभागों के मंत्रियों से बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वन टू वन बात की, जिनके विभागों के प्रस्तावों पर बैठक में मंथन किया गया है।

कैबिनेट बैठक के बाद सीएम ने बताया कि राज्य सरकार के 6 विभाग किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करेंगे। इसके लिए कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और सहकारिता विभाग से जुड़ी 16 योजनाओं के प्रस्तावों पर कैबिनेट ने अपनी सहमति जताई है। इन सभी योजनाओं के लिए 27,746 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। कैबिनेट ने मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को मंजूरी दी गई। जिसमें मछली पालन को बढ़ावा देने के जहां प्रयास होंगे, तो वहीं ईको-टूरिज्म एवं ग्रीन एनर्जी को शामिल करते हुए बहुउद्देशीय आजीविका मॉडल के रूप में कार्य होगा। इसमें अगले 3 वर्षों तक रुपये 3 हजार करोड़ का निवेश एवं लगभग 20 हजार रोजगार सृजित करने का लक्ष्य तय किया गया है। नीति को अमलीजामा पहनाने के लिए 18 करोड़ 50 लाख रुपए के बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई। इसमें केज कल्चर ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### किन विभागों की कितनी योजना मंजूर

- कृषि विभाग की 02 योजना
- उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की 03 योजना
- पशुपालन एवं डेयरी विकास की 04
- मछुआ कल्याण की 02 योजनाएं
- सहकारिता विभाग की 04 योजनाएं
- नर्मदाघाटी विकास की 02 योजनाए

### पशुओं की देखभाल के लिए 610 करोड़ होंगे खर्च

कैबिनेट ने तय किया है कि पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल गुणवत्तापूर्ण हो। इसके लिए पशु चिकित्सालयों को अपग्रेड किया जाएगा। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अगले 5 वर्षों तक पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल कें लिए 610 करोड़ 51 लाख रुपए खर्च करेगी। इसी तरह पशुपालन एवं डेयरी के क्षेत्र में पशु प्रजनन, मुर्गी पालन, भेड़ बकरी प्रक्षेत्र, रोग उन्मूलन, पशुओं के टीकाकरण, गहन पशु विकास परियोजना आदि 11 योजनाओं को अगले 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 6 हजार 518 करोड़ रूपये के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी है।

**उद्यानिकी मिशन के लिए 1150 स्वीकृत:** कैबिनेट ने राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर रखने के लिए 1150 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी। पौधशाला उद्यान में रोपणियों में पौध तैयार करने और उच्च गुणवत्ता की पौध एवं बीज, रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जाने के लिए अगले 5 वर्ष के लिए 1739 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह मंत्रिपरिषद ने मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करणीय उद्योगों के उन्नयन तथा नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए 1,375 करोड़ रुपए स्वीकृति किए हैं।

## टीकमगढ़: पूर्व विधायक बोले- 'अबीर का मतलब, जो वीर नहीं, बहन होलिका को जिंदा जलाया, नहीं मानते ऐसी होली'

**टीकमगढ़, जेएनएन।** होली से पहले टीकमगढ़ में एक राजनीतिक सभा में दिए गए पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। प्रजापति ने आजाद संकल्प यात्रा के दौरान होली और अबीर को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'हमारी बहन होलिका को जिंदा जलाया गया। हम ऐसी होली नहीं मानते। अबीर का मतलब जो वीर नहीं, वही होता है।'

सोमवार दोपहर करीब 2 बजे गांधी चौराहा के पास आयोजित सभा में लगभग 200 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में भीम आर्मी और यादव महासभा के कुछ सदस्य भी मौजूद थे। प्रशासन की ओर से दी गई अनुमति में स्पष्ट किया गया था कि भड़काऊ या जाति-सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाएगा, लेकिन सभा के दौरान कई तीखे बयान दिए गए। सभा में मौजूद दामोदर यादव ने भी विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि ग्वालियर में मनु महाराज की प्रतिमा नहीं लगने देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रतिमा स्थापित की तो विरोध होगा। साथ ही, ग्वालियर न्यायालय परिषद परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग दोहराई।



### 'बेटियो इनके पंडालों में मत जाओ'

पूर्व विधायक ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'हमें अबीर नहीं लगाना है। वीर वही हैं जो मंच पर बैठे हैं। ये हिंदू हमारे लिए नहीं हैं, इनके पंडालों में मत जाओ।' उनके इन बयानों को लेकर स्थानीय स्तर पर नाराजगी भी सामने आई है।

## वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन पर पीसीबी सख्त

# पाकिस्तान: हर खिलाड़ी पर 50-50 लाख का जुर्माना

**लाहौर, जेएनएन।** टी-20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों पर कड़ा एक्शन लिया है। बोर्ड ने हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (करीब 16.28 लाख भारतीय रुपये) का जुर्माना लगाया है। पीसीबी का कहना है कि जब अच्छे प्रदर्शन पर इनाम दिया जाता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलनी चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में हार के तुरंत बाद खिलाड़ियों को इस फैसले की जानकारी दे दी गई थी। कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारत टीम ने पाकिस्तान को 61 रन से हराया था। इस हार के बाद फैंस और बोर्ड दोनों में नाराजगी देखी गई। इस जुर्माने के बाद बी कैटेगरी के खिलाड़ियों की ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### चार कैटेगरी में मिलता है मासिक वेतन

- **ए कैटेगरी:** लगभग 65 लाख रुपए
- **बी कैटेगरी:** 45 लाख रुपए
- **सी कैटेगरी:** 20 लाख रुपए
- **डी कैटेगरी:** 12.50 लाख प्रति माह

*नोट: जुलाई 2025 से जून 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में किसी खिलाड़ी को ए कैटेगरी में नहीं रखा गया है।*

## जहरीली गैस से घुटा दम, सीवर टैंक में दो कर्मचारियों की मौत

**जागरण, इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में सोमवार शाम सीवर सफाई के दौरान टैंक में उतरे नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जहरीली गैस से दम घुटने से दोनों की जान गई है। घटना चोइथराम मंडी गेट के पास की है। जानकारी अनुसार, निगमकर्मी जोन-13 क्षेत्र में सीवर सफाई के लिए आए थे। घटना शाम करीब 6. 30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के दौरान मौके पर तीन कर्मचारी मौजूद थे। सीवर की सफाई के दौरान जब सक्शन टैंकर का पाइप निकाला जा रहा था, तब पाइप का एक हिस्सा सीवर टैंक के भीतर गिर गया। उसी टुकड़े को निकालने के लिए निगमकर्मी अजय और करण टैंक के अंदर उतरे। आशंका है कि टैंक में पहले से जमा जहरीली गैस के कारण दोनों का दम घुट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।



सीवर की सफाई के दौरान ननि कर्मचारी हादसे का शिकार

बहस में

## इलेक्ट्रिक गाड़ियों के 'क्लीन' होने पर उठे सवालिया निशान

# बैटरी के लिए पर्यावरण नुकसान, बाल मजदूरी भी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया जलवायु परिवर्तन के दबाव में है। ऐसे में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को समाधान के रूप में पेश किया गया। एक ऐसी तकनीक जो सड़कों पर धुआं नहीं छोड़ती और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाती है। सरकारें सब्सिडी दे रही हैं, कंपनियां अरबों डॉलर निवेश कर रही हैं और उपभोक्ता भी इसे 'ग्रीन' विकल्प मान रहे हैं। लेकिन क्या ईवी पूरी तरह से क्लीन एनर्जी हैं?

ईवी का सबसे बड़ा तर्क है, टेलपाइप उत्सर्जन शून्य। यानी गाड़ी चलते समय कार्बन डाइऑक्साइड या नाइट्रोजन ऑक्साइड नहीं निकलते। शहरी प्रदूषण घटाने में यह अहम है। परंतु किसी भी तकनीक का आकलन केवल उपयोग-चरण से नहीं, बल्कि उसके लाइफ-साइकिल से होता है। जिसमें खनन, निर्माण, बिजली उत्पादन, उपयोग और



अंत में रीसाइक्लिंग तक शामिल है। ईवी बैटरियों में लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे खनिज लगते हैं। इनकी माइनिंग अक्सर पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से जुड़ी है। कांगो में कोबाल्ट खनन को लेकर बाल मजदूरी और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों की खबरें आती रही हैं। इंडोनेशिया में निकेल खनन से जंगल कटान और जल स्रोतों पर असर की चर्चा होती है।

### सप्लाई चेन और जियो-पॉलिटिक्स

खनिजों की प्रोसेसिंग और बैटरी निर्माण में चीन की बड़ी भूमिका है। भारी सब्सिडी और औद्योगिक रणनीति के दम पर चीन की कंपनियां, जैसे बीवाईडी वैश्विक बाजार में आगे निकली हैं। इससे खनिज संसाधनों को लेकर देशों के बीच प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक तनाव भी बढ़ा है। कई विश्लेषक इसे 1970 के दशक के तेल संकट जैसी नई 'खनिज दौड़' मानते हैं।

### बिजली का स्रोत तय करेगा 'ग्रीन' टैग

ईवी की पर्यावरणीय उपयोगिता इस बात पर भी निर्भर है कि उन्हें चार्ज करने वाली बिजली कितनी स्वच्छ है। यदि बिजली कोयला-आधारित है, तो कुल कार्बन फुटप्रिंट कम नहीं हो पाता। लेकिन यदि ग्रिड में सौर, पवन और जलविद्युत की हिस्सेदारी बढ़ती है, तो ईवी का लाभ कई गुना हो जाता है। इसलिए ईवी को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रीन ग्रिड बनाना भी जरूरी है।

### बैटरी रीसाइक्लिंग है चुनौती

बैटरी कचरा भविष्य की बड़ी चुनौती बन सकता है। हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि लिथियम-आयन बैटरियों से धातुओं की रिकवरी संभव है।

### नीति और जवाबदेही

- खनिजों की एथिकल सोर्सिंग और सप्लाई चेन की पारदर्शिता सुनिश्चित हो।
- खनन प्रभावित समुदायों के लिए पुनर्वास और पर्यावरण संरक्षण अनिवार्य हो।
- बैटरी रीसाइक्लिंग को कानूनी रूप से मजबूत किया जाए।
- नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को प्राथमिकता मिले।

## छिंदवाडा: सीएनजी कार गैरेज में घुसी, पिता-पुत्र जिंदा जले

**जागरण, छिंदवाड़ा।** प्रदेश के छिंदवाड़ा-सिवनी मार्ग पर देर रात करीब तीन बजे हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार पिता-पुत्र की जिंदा जल गए। दोनों उत्तर प्रदेश से अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान चालक नींद की झपकी आने से वाहन से नियंत्रण खो बैठा। पुलिस के अनुसार 61 साल के अमृत सिंह और उनका 22 साल का बेटा अरुण कार से अपने गृहग्राम दीघावानी लौट रहे थे। इनकी कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराई। इसके बाद वाहन पास स्थित एक गैरेज के सामने खड़ी बोलेरो में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि सीएनजी कार में तुरंत आग लग गई। देखते ही देखते वाहन आग का गोला बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने और अंदर फंसे लोगों को निकालने की कोशिश की।



तेज रफ्तार कार बोलेरो से टकराकर बनी आग का गोला

**पुलिस जांच शुरू:** कुंडीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। थाना प्रभारी महेंद्र भगत ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में ड्राइविंग के दौरान आई नींद की झपकी को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

# पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई गंभीर चर्चा

## भाजपा की जिला कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न




जागरण, सतना

भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में भाजपा की नवीन जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, आने वाले समय में होने वाले मंडल एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, आजीवन सहयोग निधि, प्रतिवर्ष होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई ।जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने भरोसा जताते हुए कहा कि नवीन पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं कर्मठता के साथ करते हुए पार्टी संगठन को एक नई मजबूती प्रदान करेंगे। श्री पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सशक्त संगठनात्मक ढांचे को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने, संगठन के दीर्घकालिक विजन, कार्ययोजनाओं, आगामी संगठनात्मक अभियानों एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत सक्रिय तथा जनसमर्पित बनाने हेतु सभी जिला पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा पार्टी की विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पांडे, बालेन्द्र गौतम ,मुरारी लाल सोनी, रामपाल यादव, राव प्रबल श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण द्विवेदी, गीतेश्वर सिंह,महामंत्री जेपी गुप्ता, श्रीमती मधू बाल्मीक, जिला प्रशिक्षण प्रभारी रमाकांत गौतम, आजीवन सहयोग निधि प्रभारी विजय तिवारी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह यादव, मंत्री राजेश शुक्ला, अतुल शुक्ला, चंद्रभान कुशवाहा, वसुंधरा सिंह पटेल, राकेश सोनी डोला, हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विपिन चतुर्वेदी, सह कोषाध्यक्ष सुदर्शन कोल, मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार, सोशल मीडिया प्रभारी रामबाबू त्रिपाठी,सह प्रभारी प्रीति रैकवार, डॉ गौरव सिंह गहरवार,रामसागर पांडे,अशोक कोल सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण का संकल्प लेकर मनाएं पर्यावरण अनुकूल होली : रंजना



**जागरण, सतना।** दिव्यदृष्टि सेवा परिषद् की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना कुशवाहा ने बयान जारी करते हुए कहा की होली के इस पावन पर्व के अवसर पर हम सभी नागरिकों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल प्रदूषण मुक्त और नशामुक्त सादगीपूर्ण होली मनाने की अपील की है। डीडीएसपी की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना कुशवाहा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि प्रेम भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। परंतु बदलते समय में रासायनिक रंगों और अत्यधिक जल उपयोग की प्रवृत्ति ने हमारे जल स्रोतों और पर्यावरण को गंभीर हानि पहुंचाई है। नदियाँए तालाब और भूजल स्तर पहले ही संकट का सामना कर रहे हैंए ऐसे में हमें जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना चाहिए। श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों का उपयोग सूखी होली खेलने की परंपरा को बढ़ावा देना तथा जल की अनावश्यक बर्बादी से बचना समय की मांग है। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगाए बल्कि त्वचा और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यदि प्रत्येक व्यक्ति थोड़ी सी जागरूकता और जिम्मेदारी दिखाए तो हम मिलकर जल संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आइए इस होली पर हम सब स्वच्छ सुरक्षित और पर्यावरण.अनुकूल उत्सव मनाने का संकल्प लें।

# भाजपा की जिला कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न

## पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई गंभीर चर्चा

**सतना।** भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में भाजपा की नवीन जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई ! बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करनेए आने वाले समय में होने वाले मंडल एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमए आजीवन सहयोग निधिए प्रतिवर्ष होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई ! जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने भरोसा जताते हुए कहा कि नवीन पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं कर्मठता के साथ करते हुए पार्टी संगठन को एक नई मजबूती प्रदान करेंगे। श्री पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सशक्त संगठनात्मक ढांचे को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनानेएसंगठन के दीर्घकालिक विजन कार्य योजनाओं, आगामी संगठनात्मक अभियानों एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूतए सक्रिय तथा जनसमर्पित बनाने हेतु सभी जिला पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा ! उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प तथा पार्टी की विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पांडेए बालेन्द्र गौतम जीए मुरारी लाल सोनीए रामपाल यादवए राव प्रबल श्रीवास्तवए श्रीकृष्ण द्विवेदीए गीतेश्वर सिंहए महामंत्री जेपी गुप्ताए श्रीमती मधू बाल्मीकए जिला प्रशिक्षण प्रभारी रमाकांत गौतमए आजीवन सहयोग निधि प्रभारी विजय तिवारीए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह यादवए मंत्री राजेश शुक्लाए अतुल शुक्लाए चंद्रभान कुशवाहाए वसुंधरा सिंह पटेलए राकेश सोनी डोलाए हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विपिन चतुर्वेदीए सह कोषाध्यक्ष सुदर्शन कोलए मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहारए सोशल मीडिया प्रभारी रामबाबू त्रिपाठीएसह प्रभारी प्रीति रैकवारए डा गौरव सिंह गहरवार रामसागर पांडे अशोक कोल सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम मात्र 3 दिनों में घोषित

**जागरण, सतना।** शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय सतना ने शैक्षणिक जगत में कार्यकुशलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय द्वारा एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम परीक्षा संपन्न होने के मात्र 3 दिनों के भीतर घोषित कर दिया गया है।

### तकनीकी टीम और समन्वय की जीत

विदित हो कि एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा 27 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थी। इसके ठीक 72 घंटों के भीतर आज 2 मार्च 2026 को परिणाम जारी कर दिए गए। प्राचार्य डॉ सुरेश चंद्र राय ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय टीम वर्क और आधुनिक तकनीक के समन्वय को दिया है। उन्होंने विशेष रूप से समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष और स्वशासी समन्वयक डॉ विनोद कुमार रस्तोगीए गोपनीय विभाग के नियंत्रक डॉ नागेश्वर अग्रवाल मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों और प्रोग्रामर अभिनव गुप्ता तथा समाज कार्य विभाग के शिक्षक डॉ दिनेश कुमार डॉक्टर संजय चौरसिया और राजाराम के सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य डा सुरेश चंद्र राय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हमारा मुख्य उदेश्व छात्रों को समय पर परिणाम देकर उनके भविष्य की राह को आसान बनाना है। सत्र नियमित करने और विद्यार्थियों को कैरियर के अगले पड़ाव के लिए तैयार रखने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रोग्रामर और तकनीकी टीम के अथक प्रयासों से ही हम इतनी शुद्धता और तीव्रता के साथ परिणाम घोषित कर पाए हैं। इस त्वरित परिणाम से न केवल छात्र उत्साहित हैं बल्कि उच्च शिक्षा जगत में भी कॉलेज की इस कार्यप्रणाली की चर्चा हो रही है।

# भुगतान न होने से नाराज शिक्षक सौंपेंगे ज्ञापन



**जागरण, सतना।** मैहर जिले के अमरपाटन विकास खंड के प्राथमिकए माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की अत्यावश्यक बैठक ब्रजनंदन तिवारी की अध्यक्षतामें विवेकानंद पार्क अमरपाटन संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में विकासखंड के अलग अलग संकुलों के शिक्षकों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

विकासखंड के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु आगामी कार्यक्रमों के संबंध में मंथन किया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि आगामी 8 मार्च को रंग पंचमी के अवसर पर शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय होली मिलन कार्यक्रम एवं शिक्षा का गुणवत्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें मैहर जिले के जनप्रतिनिधियों जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा जिले के शिक्षकों की समस्याओं को भी अतिथियों के समक्ष रखकर उनका निदान भी कराया जाएगा। अमरपाटन विकासखंड के शिक्षकों के वेतन में विलंब होने तथा शेष प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति न होनेए क्रमोन्नति प्राप्त कर चुके शिक्षकों के एरियर्स का भुगतान न होनेएअनुकंपा नियुक्ति में देरी तथा केंद्र के समान डी ए न मिलने से शिक्षकों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। बैठक में यह भी तय किया गया कि अगर शिक्षकों के वेतन का भुगतान एवं अन्य एरियर्स का भुगतान समय से नहीं किया गया तो विकासखंड के शिक्षक जिला कलेक्टर मैहर से मिलकर विकासखंड के शिक्षकों की समस्याओं अवगत कराया जाएगा।साथ ही आगामी समय में स्थानीय शिक्षा विभाग की समस्याओं के निराकरण हेतु स्थानीय विधायकों एवं प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। बैठक में ब्रजनंदन तिवारी, विनोद कुमार त्रिपाठी, अजय पाठक, मणिलाल प्रजापति, वाल्मीक प्रसाद पटेल, विनोद त्रिपाठी, पुंडरीकाक्ष द्विवेदी, प्रदीप तिवारी, नरेंद्र सिंहए घनश्याम दास बुनकर रवि शुक्ला, सुजीत श्रीवास्तव, दुर्गा प्रसाद शुक्ला, चंद्रशेखर पटेल सहित अन्य शिक्षक सम्मिलित रहे।

# जनगणना 2027 के लिए सतना में दल गठित

## 5 दिवस में पूर्ण होगा मकान सूचीकरण कार्य

**जागरण, सतना।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत सतना जिले में मकानों की नंबरिंग एवं ब्लॉक गठन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सतना डॉ. सतीष कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार भारत की जनगणना 2027 के तहत जिले के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मकान सूचीकरण, मकानों की नंबरिंग एवं गणना ब्लॉक के गठन का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाएगा। गठित दल में समस्त अनुभाग के अनुविभागीय जनगणना अधिकारी तथा नगर जनगणना अधिकारी नगरपालिका निगम सतना को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के चार्ज जनगणना अधिकारी, नगर पालिक निगम सतना के जोनल जनगणना अधिकारी तथा समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए पटवारी, सचिव/वार्ड प्रभारी, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम कोटवार को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर ने निर्देष दिये है कि संबंधित दल 5 दिवस के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में मकानों की नंबरिंग एवं ब्लॉक गठन का कार्य पूर्ण करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# पुलिस कस्टडी से फरार हुआ आरोपी पकड़ाया

**जागरण, रीवा।** वाहन चोरी के मामले में जवा पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर बिछिया पुलिस को सुपुर्द किया था। पुलिस आरोपियों को लेकर रीवा आ रही थी तभी एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर विश्वविद्यायल थाना क्षेत्र के पास से फरार हो गया था। पुलिस लाइन से वाहन चोरी के मामले में आरोपी पकड़े गए थे। विश्वविद्यालय थाना में फरार आरोपी के संबंध में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस हिरासत से फरार हुए वाहन चोर की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी जिसके बाद आरोपी सागर नामदेव 15 दिन बाद आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सिलपरा का रहने वाला यह आरोपी 12 फरवरी को पुलिस लाइन कॉलोनी से वाहन चोरी के मामले में पकड़ा गया था, लेकिन आरोपी हथकड़ी छुड़ाकर भाग निकला था। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया था कि आरोपी पुलिस लाइन कॉलोनी से पुलिसकर्मियों सहित कई लोगों की निजी मोटरसाइकिलें चोरी किए थे, तीन आरोपियों को इस मामले में जवा पुलिस ने पकड़ा था जिसके बाद दो को पूर्व में भी पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया था जबकि एक आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था जो आखिरकार पकड़ा गया।

**जवा से ला रही थी बिछिया पुलिस विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पास से हो गया था फरार**

# लायन की रीजन कॉन्फ्रेंस संपन्न



**जागरण, रीवा।** लायंस इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के रीजन-12-की रीजन कॉन्फ्रेंस रविवार को होटल सेलिब्रेशन के सभागार में संपन्न हुई। रीजन चेयरपर्सन लायन वीरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नरद्वितीय लायन पवन मलिक, विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सज्जी जॉन एवं कटनी से लायन गीता अग्रवाल, एडी डिस्ट्रिक्ट केबीनेट सेक्रेटरी लायन लता आर्च उपसिथत थे। शुभारंभ राष्ट्र ध्वज के स्थापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन अध्यक्ष सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री ने सभी का स्वागत किया, ध्वज वंदन का वाचन दर्पण स्वर्णकार ने किया, जोन चेयरपर्सन मनोज्ञा सिंह एवं धर्मेन्द्र सेन ने अपने जोन के क्लबों की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। रीजन चेयरपर्सन वर्मा ने गतिविधियों ने डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त निर्देशों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने काम करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सज्जी जॉन, मीता अग्रवाल ने भी मार्गदर्शन दिया। सक्रिय सदस्यों को पिन लगाकर सम्मानित किया। लता आर्य ने भी अपनी बात रखी। विभिन्न क्लबों की विगत 8 माह की सेवा गतिविधियों के लिए रीजन चेयरपर्सन ने सभी क्लबों को पुरस्कृत कर सहयोगियों को सम्मानित किया। संचालन वीरेन्द्र आर्य, अर्चना श्रीवास्तव ने कियया। कार्यक्रम में कटनी, सतना, अमर पाटन, पन्ना, सेमरिया व रीवा के सभी क्लबों के 100 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हार्टफुलनेस संस्थान में 10 से 13 मार्च तक प्रशिक्षण

**रीवा।** राज्य आनंदम संस्थान द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद तेलंगाना में 10 से 13 मार्च तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस आनंदम शिविर के लिए अधिकारी और कर्मचारी अपना पंजीयन करा सकते हैं। वर्तमान में पंजीयन किया जा रहा है। राज्य आनंद संस्थान के माध्यम से शासकीय प्रतिभागी अपने सेवाकाल में केवल एक आनंद शिविर में ही भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 20 हजार रुपए शुल्क निर्धारित है जिसका वहन राज्य आनंदम संस्थान द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को केवल पंजीयन की राशि पाँच सौ रुपए वहन करना है। इस संबंध में अन्य विवरण आनंदम संस्थान एमपी डॉट इन वेबसाइट पर प्राप्त किया जा सकता है।

# महापौर ने सीसी रोड निर्माण किया भूमि पूजन



**जागरण, सतना।** योगेश कुमार ताम्रकार ने आज वार्ड क्रमांक 24 में नगर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड मरम्मत कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 33.59 लाख एवं 28 लाख की लागत से सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य किए जाएंगे। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी साथ ही वार्ड का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में नगर निगम निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी सुरेश गुप्ता कैलाश शिवानी गणेश सोनी वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती प्राची पुष्पराज कुशवाहा पुष्पराज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी आज और कल बंद रहेगा




**रीवा।** होली अवकाश के कारण महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर पर्यटकों के लिए 3 व 4 मार्च को बंद रहेगा। पांच मार्च को मुकुन्दपुर जू पूर्व निर्धारित समय पर पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जायेगा। उल्लेखनीय है कि टाइगर सफारी बुधवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन पर्यटकों के लिए खुला रहता है। यह चिड़ियाघर केवल रीवावासियों के लिए नहीं अपितु देश-प्रदेश के साथ ही देश दुनियां के लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं जहां लोग वन्य प्राणियों व विभिन्न प्रजातियों के पशु पक्षियों का न्याभिराम करने आते हैं।

# जुआ फड़ में पुलिस की रेड, 8 जुआरी पकड़ाए, 7300 रुपए जब्त

**अमहिया पुलिस ने गल्ला मंडी के पास की कार्रवाई**

**पुलिस को सूत्रों से मिली थी जानकारी**



**जागरण, रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गल्ला मंडी में अमहिया पुलिस ने रविवार को रेड कार्रवाई करते हुए जुआं फड़ पर दबिश दी। मौके से पुलिस ने घेराबंदी कर 8 जुआरियों को पकड़ा जिनके कब्जे से 7300 रुपए नकद व ताश पत्ते जब्त किए गए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि जुआ की फड़ मे हार जीत की बाजी लगाने वाले जुआरियों के विरुद्ध रविवार को गल्ला मंडी अमहिया में कार्रवाई की गई। बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से जुआ फड़ संचालन की जानकारी मिली थी, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी अमित मिश्रा पिता पंचू लाल मिश्रा 45 वर्ष निवासी गुढ .चौराहा, कमलेश सिंह वैश्य पिता रामाधार सिंह वैश्य 45 वर्ष निवासी अमहिया, मोहम्मद असलम पिता मरहूम असलम हाफिज 48 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह, मोहम्मद शहीद अंसारी पिता मोहम्मद जहूल अंसारी 46 वर्ष निवासी तरहटी, पुरुषोत्तम दास गुप्ता पिता गयादीन प्रसाद गुप्ता 52 वर्ष निवासी रानीगंज, अशोक कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल गुप्ता 40 वर्ष निवासी अर्जुन नगर, रामलाल सोनी पिता शिव प्रसाद सोनी 62 वर्ष निवासी विशाल मेगा मार्ट के सामने व सरजीत प्रसाद साकेत पिता रामावतार साकेत 58 वर्ष निवासी इंदिरा नगर टीडीएस गार्डन के पास को पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपियों की पृथक-पृथक तलाशी ली जिनके पास से कुल 7300 रूपये एवं ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए है।

# 5 माह पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

## सोने चांदी के आभूषण और चोरी गए बर्तन बरामद



**जागरण, रीवा।** जनेह पुलिस ने पांच माह पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई सामग्री बरामद कर ली है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सोने चांदी के आभूषण व पुराने कीमती बर्तन बरामद किए है। जनेह पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक चोरी की सूचना बीते वर्ष 11 सितंबर को सुनीता देवी कोल पति चन्द्रगोपाल कोल सरुई थाना जनेह ने दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि अज्ञात चोर उसके घर से 04 कसहड़ी, 01 हाड़ा पीतल का एवं पुराने और इस्तमाली जेवरात कान का सुई धागा, 02 नग सोने की लॉकेट, 02 नग चांदी का झुमका, 01 जोड़ी पैर की पायल व फोन चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध किया था। जनेह पुलिस ने चोरी गये मोबाईल के तकनीकी साक्ष्यों से पूर्व में ही आरोपी राधेश्याम विंद पिता हिन्छलाल विंद 20 वर्ष निवासी कपुरी थाना मेजा जिला प्रयागराज उ.प्र. को दिनांक 08 नवंबर को गिरफ्तार किया था। मामले में फरार आरोपी पाण्डेय मुसहरा पिता छोटे लाल मुसहरा 26 वर्ष निवासी सोहर्वा नईबस्ती थाना जनेह को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से पुराने और इस्तमाली जेवरात कान का सुई धागा, 02 नग सोने की लॉकेट, 02 नग चांदी का झुमका, 01 जोड़ी पैर की पायल बरामद किया साथ ही अन्य आरोपी गोरेलाल केवट पिता बेचनलाल केवट 52 वर्ष निवासी कूड़ी थाना जनेह के कब्जे से चोरी गये पीतल के बर्तन 04 कसाहड़ी व 01 हाड़ा पीतल का बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए दानों आरोपियों को न्यायायल में पेश किया है।

## सतना जिले में 4 मार्च को बंद रहेंगी मदिरा दुकाने

**जागरण, सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीष कुमार एस द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के तहत 4 मार्च 2026 बुधवार अर्थात् होली (जिस दिन रंग खेला जायेगा) का त्यौहार होने पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार 3 मार्च को रात्रि 11:30 बजे से 4 मार्च 2024 को सायं 5 बजे तक संपूर्ण सतना जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें, एफएल.-3, वाईन की फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), एफएल.-9 इकाईयां पूर्णत: बंद रखी जायेंगी। मदिरा दुकानों पर बिक्री पूर्णत: निषेध रहेगी। इस दौरान देशी मदिरा भण्डागार सतना से प्रदाय पूर्णत: निषेध रहेगा। कलेक्टर ने जारी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# रंगोत्सव: चहुंओर बरसेगा रंग गुलाल, त्योहार की धूम




## रंग एवं गुलाल खरीदने बाजार में उमड़ती रही भीड़

### भद्रा और चंद्र ग्रहण के सूतक के चलते कल भी रंगोत्सव

जागरण, सीधी



जिले भर में होरियारों की टोलियों द्वारा रंग एवं गुलाल बरसा कर होली खेली जायेगी। भद्रा और चंद्र ग्रहण के सूतक के चलते इस वर्ष रंगोत्सव दो दिन मनाया जायेगा। मंगलवार के साथ बुधवार को भी रंगों की बहार रहेगी। होली पर रंग खेलने को लेकर बच्चों एवं युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिसके चलते सोमवार को देर शाम तक लोगो भीड़ रंग एवं गुलाल खरीदने दुकानों में उमड़ती रही। शहर में रंग एवं गुलाल की दुकानें सडक की पटरियों पर जगह-जगह सजी हुई थी। बाजार क्षेत्र में लालता चौक, सोनांचल बस स्टैण्ड के सामने, संजीवनी पालिका बाजार क्षेत्र, गांधी चौक, अस्पताल तिराहा, न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में सैकड़ों दुकानें रंग अबीर की सजी हुई थी। जहां खरीदी करने वालों की भीड़ सुबह से ही उमड़ रही थी। सुबह से बाजार क्षेत्र में खरीदी करने वालों में ज्यादातर लोग ग्रामीण अंचलों के थे। जिनके द्वारा अपनी जरूरत के अनुसार रंग अबीर की खरीदी की गई। होली पर रंग एवं गुलाल की भारी मांग होने के कारण व्यवसाइयों द्वारा भी काफी स्टाक जमा किया गया था। रंग एवं गुलाल की बिक्री करने का सिलसिला शहर में करीब एक सप्ताह से चल रहा था। आज होलिका दहन के दिन बाजार क्षेत्र में सबसे ज्यादा खरीददारी करने लोगों की भीड़ दुकानों में जमा थी। जहां पिचकारी एवं गुब्बारों की खरीदी भी जमकर लोगों ने की। होली के त्यौहार को लेक,र जहां चहुंओर रंगोत्सव की खुमारी छाई हुई है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा भी कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए व्यापक इन्तजाम किये गये हैं। जिला मुख्यालय में रंगोत्सव पर बाजार क्षेत्र में होरियारों की टीमों पर नजर रखने के लिए प्वाइन्ट बनाकर पुलिस बल तैनात किया गया है। जिससे लोग किसी के साथ जबरजस्ती पूर्वक रंग गुलाल न लगायें। वहीं कस्बाई क्षेत्रों में भी पुलिस बल पूरी तरह से मंगलवार को मुस्तैद रहेगी। पुलिस की गस्त सुबह से लेकर पूरी रात अनवरत रूप से चलती रहेगी। वहीं पुलिस की गस्त व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण पर निकलेंगे। होली के त्यौहार को लेकर पुलिस थानों में पहले ही शांति समिति की बैठक लेकर गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में यह अपील की गई है कि सभी लोग प्रेम एवं सद्भावना के साथ होली त्यौहार की खुशियां बांटें। यदि कहीं अराजक तत्व अशांति फैलाते हैं तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें।

### जगह-जगह किया गया होलिका दहन



जिले भर में आज शुभ मुहूर्त में होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस बार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 6:22 बजे होने से लोगों को इंतजार भी ज्यादा नही करना पड़ा। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होलिका दहन के आयोजन एवं भाग लेने को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। होलिका दहन के बाद से ही रंग पंचमी का आगाज हो जाता है। होलिका दहन के बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर गले मिलते हुए होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों की ओर से सार्वजनिक होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

### होली में गांवों में गूंजता है फाग संगीत

फागुन का महीना लगते ही गांव-गांव में फाग संगीत का आयोजन होने लगता है। समाज के हर वर्ग के लोग मिलकर फाग गीतों का गायन कर खुशिया मनाते है। फाग में प्रत्येक अवस्थाएं, प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक समय और प्रकृति का एक-एक अंश समाहित रहता है। लोक अहंकार से यह शून्य है और एक परंपरा के प्रवाह में जीवित रहता है। यही कारण है कि लोक हर काल में सजग और परिवर्तनशील है। लोक ऐसी परम्परा का निर्वहन करता है जो खुद पर भी सवाल खड़े करने से तनिक नहीं हिचकिचाती। साधारण जनता से संबंधित साहित्य को लोक साहित्य कहना चाहिए। साधारण जनजीवन विशिष्ट जीवन से भिन्न होता है। अतः जनसाहित्य, लोक साहित्य का आदर्श विशिष्ट साहित्य से पृथक होता है।

### आज साल का पहला ग्रहण दोपहर 3.20 बजे से

आज दोपहर साल का पहला ग्रहण लगेगा। 3:20 मिनट से शुरू होकर शाम 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। खास बात यह है कि यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए यहां सूतक काल मान्य होगा और धार्मिक नियमों का पालन किया जाएगा। मान्यताओं के अनुसार सूतक काल के दौरान मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं और पूजा-पाठ नहीं किया जाता। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों की सफाई कर गंगाजल का छिड़काव किया जाता है और फिर नियमित पूजा-अर्चना शुरू होती है। इस पूर्ण चंद्र ग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले सुबह 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। यह चंद्र ग्रहण भारत के पूर्वी हिस्सों में ज्यादा स्पष्ट रूप से दिखाई देगा, जबकि अन्य क्षेत्रों में आंशिक रूप से नजर आ सकता है। भारत के अलावा यह ग्रहण ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण पूर्व एशिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका के कुछ हिस्सों में भी दिखाई देगा। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस चंद्र ग्रहण का असर सबसे पहले मन और भावनाओं पर पड़ेगा। इस दौरान व्यक्ति को मानसिक अस्थिरता, चिंता या निर्णय लेने में भ्रम महसूस हो सकता है इसलिए इस समय शांत रहना और बड़े फैसलों से बचना बेहतर माना जाता है।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### अजय सिंह ने विधानसभा में आवारा पशुओं का उठाया मुद्दा



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आरोप प्रत्यारोप और पक्ष विपक्ष की असहमति के बीच में एक मुद्दा ऐसा भी आया जिसे विपक्ष के साथ साथ सत्ता पक्ष ने पूरी संजीदगी से लिया य आवारा पशुओं से संबंधित यह मामला पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया था। आम तौर पर ध्यानाकर्षण में मामला उठाने वाले सदस्य के अतिरिक्त किसी अन्य सदस्य को स्पीकर बोलने की इजाजत नहीं देते लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पक्ष विपक्ष के कई सदस्यों को भी अपना मत रखने का अवसर दिया। अजय सिंह ने उजागर किया कि सरकार द्वारा पशुपालन विभाग पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद लगभग 10 लाख आवारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इन पशुओं के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं और राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सड़कों पर यातायात बाधित हो रहा है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। रीवा, सतना, सीधी, ग्वालियर और शिवपुरी जैसे जिलों में अरहर, चना और गेहूं की फसलें विशेष रूप से प्रभावित हुई हैं। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अन्य मंत्रियों ने जोर देकर कहा कि गौ सेवा केवल पैसे से नहीं बल्कि संवेदनशीलता से होती है, और सरकार की योजनाएं देश में एक मॉडल बनेंगी। उन्होंने कहा कि शेड बनाने और भूसा भंडारण का काम पहले शुरू करने के लिए कहा जा रहा है ताकि बरसात से पहले मवेशियों को वहां स्थानांतरित किया जा सके। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह एक मानव जनित समस्या है और इसके समाधान के लिए सरकार और सभी सदस्यों को मिलकर काम करने की जरूरत है।

### पुलिस ने सतना से सकुशल बरामद की नाबालिग बालिका

**जागरण, सीधी।** थाना मडवास पुलिस ने गुमशुदगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता नाबालिग बालिका को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला है। पुलिस की सक्रिय जांच के फलस्वरूप अपहृता को जिला सतना के ग्राम खुरधरा से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 16 फरवरी 2026 को मडवास थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। परिजनों की शिकायत पर मडवास पुलिस ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं अनुविभागीय अधिकारी रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने मामले की बारीकी से पड़ताल की। पुलिस ने उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल संसाधनों और प्राप्त विश्वसनीय सूचनाओं का उपयोग करते हुए त्वरित कार्यवाही की। जांच के दौरान मिली पुख्ता जानकारियों के आधार पर उपनिरीक्षक आरबी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को टीम के साथ तत्काल जिला सतना भेजा गया। पुलिस टीम ने निरंतर प्रयास कर ग्राम खुरधरा, थाना जसो जिला सतना से अपहृता को सही सलामत दस्तयाब किया। बालिका के मिलने के उपरांत पुलिस ने नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की और उसे सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ और जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि किशोरी अपनी पढ़ाई न करने को लेकर परिजनों द्वारा की गई डांट-फटकार से नाराज थी। इसी नाराजगी के कारण वह बिना बताए घर छोड़कर चली गई थी। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक कुमार द्विवेदी, उपनिरीक्षक आरबी सिंह तथा आरक्षक राहुल गिरवार की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

### हनुमान प्रतिमा तोड़ने की घटना पर शिवसेना का उग्र विरोध



**जागरण, सीधी।** मझ्रेटी समर दहियन स्थित वीर हनुमान स्वामी मंदिर में प्रतिमा तोड़े जाने की घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से दोषी शेरा खान के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रशासनिक उपस्थिति में नई प्रतिमा स्थापित कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को पुनर्स्थापित किया जा सके। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा कि यह तीसरी बार है जब आरोपी द्वारा मंदिर को निशाना बनाया गया है, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने का गंभीर प्रयास है। उन्होंने आरोपी पर रासुका राष्ट्रीय सुरक्षा कानून सहित कठोर धाराओं में कार्रवाई, जिला बदर की कार्यवाही तथा उसकी निजी संपत्ति को सीज करने की मांग उठाई। उन्होंने आशंका जताई कि इस घटना के पीछे कोई संगठित साजिश या समूह भी हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों और धार्मिक नेताओं से अपील की कि वे ऐसी घटनाओं की खुलकर निंदा करें और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग करें, ताकि भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व धार्मिक स्थलों की गरिमा भंग करने का दुस्साहस न कर सके। शिवसेना ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और दोषियों को उदाहरणात्मक दंड मिलना चाहिए, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रह सके।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की सांसद ने बचाई जान



**जागरण, सीधी।** आज ग्राम झोंको के समीप एक सड़क दुर्घटना में रायपुर कर्चुलियान निवासी शैलेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय सीधी-सिंगरौली के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा सिंगरौली से सीधी की ओर यात्रा कर रहे थे। दुर्घटना स्थल पर घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई। उन्होंने बिना समय गंवाए अपने ड्राइवर और सहायक को प्राथमिक उपचार सामग्री पट्टी, औषधि आदि लाने के निर्देश दिए और स्वयं घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके पश्चात नजदीकी अस्पताल से एंबुलेंस बुलवाकर घायल शैलेन्द्र सिंह को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सीधी भेजा गया। सांसद के इस संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे जनप्रतिनिधि के दायित्व और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# अबोध की हत्या के आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा

## द्वितीय अपर सत्र न्यायालय सीधी ने सुनाया फैसला

जागरण, सीधी



अबोध की हत्या के चिन्हित मामले में आरोपी पिता को द्वितीय अपर सत्र न्यानयालय सीधी के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया दिनांक 29 जनवरी 2024 को सूचनाकर्ता बलजीत सिंह गोड़ पिता स्व. शिवप्रसाद सिंह गोड़ उम्र 65 वर्ष साकिन गिजवार चौकी पथरौला ग्राम गिजवार में अपना खेत देखने गया तो उसे खेत की मेड़ पर लगे पेड़ पर काफी पक्षी इकट्ठे होकर आवाज करते हुए दिखे, तब उसने वहां जाकर देखा तो उसे खेत का पानी निकालने के लिए बनी नाली में मिट्टी और पत्ते से ढका एक बच्चे का हाथ दिखाई दिया, तब बलजीत ने सरपंच एवं आस-पास के लोगों को जानकारी दी और शव मिलने के संबंध में पुलिस चौकी पथरौला में सूचना दी, जिस पर से पुलिस चैकी पथरौला द्वारा मर्ग कायम कर मृत बच्चे के शव का फोटोग्राफ निकालकर शव पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव परीक्षण कराया और मर्ग जांच के दौरान मुखबिर से यह पता लगा कि आरोपी प्रदीप करीब दो साल से एक लड़की को लेकर बिना विवाह किये साथ रह रहा है और कुछ समय पहले उन्हें बच्चा हुआ था, जिस पर विभा, अभियुक्त प्रदीप और उसके परिजनों से पूछताछ की गई। मृत बालक आर्यन सिह का फोटो विभा सिंह को दिखा कर पहचान कराई गई तो विभा ने मृतक को उसका और प्रदीप का पुत्र होना बताया। तब संपूर्ण मर्ग जांच, साक्षियों के कथन एवं पीएम रिपोर्ट से बालक आर्यन की मृत्यु, मृत्यु पूर्व गला दबाकर मारने से होना पाये जाने तथा शव को जमीन में छिपा कर साक्ष्य को विलोपित कर देना पाये जाने पर आरक्षी केन्द्र मझौली द्वारा धारा 302, 201 भादसं का अपराध क्रमांक 72/2024 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण को पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। मामले की विवेचना उपनिरी प्रीति वर्मा के द्वारा की गई। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय मझौली में प्रस्तुत किया गया, जहां से अंतरण पश्चात प्रकरण द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय में विचारण हेतु प्राप्त हुआ, जिसके न्यायालयीन सत्र प्रकरण क्रमांक एसटी/71/2024 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक रमाशंकर दुबे के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त प्रदीप सिंह गोड़ तनय राजेन्द्र सिंह गोड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गिजवार थाना मझौली जिला सीधी मप्र को धारा 302 भादवि के आरोप में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए जुर्माना तथा धारा 201 भादवि के आरोप में 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## एंजेल फ्लावर स्कूल गन्नौद चुरहट में मनाई गई होली

**जागरण, चुरहट।** एंजेल फ्लावर स्कूल में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल, अबीर और बच्चों की खुशियों से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को होली के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व से अवगत कराने के साथ हुई। उन्हें बताया गया कि होली प्रेम, भाईचारे तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने रंगारंग गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया। रंगों की महक और बच्चों की मुस्कुराहटों ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार का आनंद उठाया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित, संयमित एवं पर्यावरण मित्र होली मनाने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# रॉयल पब्लिक स्कूल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**जागरण, सीधी।** रॉयल पब्लिक स्कूल चंदैनिया चुरहट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान के प्रति रुचि जागृत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद् राम बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट रमेश सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं कार्यशील विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे उपस्थित अतिथियों ने सराहा। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स एवं विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। मॉडल निर्माण में तौसीफ सर एवं पारुल मैम का विशेष मार्गदर्शन एवं सराहनीय सहयोग रहा। मुख्य अतिथि राम बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान तार्किक सोच और नवाचार का आधार है। वहीं एडवोकेट रमेश सिंह ने विज्ञान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग सदैव मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ विज्ञान के सकारात्मक उपयोग की प्रेरणा दी। विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य राजेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रयोगधर्मिता अपनाने और देश के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य राजेंद्र पटेल, एकेडमिक हेड मनीष सेन, एक्टिविटी इंचार्ज दीपक सिंह, कल्चरल इंचार्ज श्रीमती नीलम तिवारी, व्याख्याता विनय, अजीत नामदेव, बीके पाण्डेय, जय सिंह, शेर बहादुर सिंह, प्रवीण विश्वकर्मा, शशि गिरी, कमलाकर पटेल, अजय वर्मा, गौसिया परवीन, सुमन पटेल, साधना पटेल, अपर्णा गुप्ता, रीनू विश्वकर्मा, जया मिश्रा, निशा पटेल, अमृत लाल पाण्डेय, माधव तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## प्रमोद द्विवेदी बने किसान मोर्चा के प्रदेश आईटी प्रभारी



**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश आईटी प्रभारी की नियुक्ति के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान से मिलकर शुभकामनाएं प्राप्त कर अभिनंदन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि प्रमोद द्विवेदी की नियुक्ति से संगठन को गति मिलेगी और नवीन दायित्व के लिए बधाइयां प्रेषित की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि प्रमोद द्विवेदी इसके पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश आईटी प्रभारी के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह छावड़ा ने नियुक्त किया है। प्रमोद द्विवेदी की नियुक्ति पर शुभकामनाएं देने वालों में जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विश्व वन्धुधर द्विवेदी, अंजू केशरी, ऊषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, अखिलेश पाण्डेय, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, चन्द्रपाल सिंह उइके, लोरिक प्रसाद यादव, गजराज सिंह चन्देल, पूजा सिंह कुशराम, उर्मिला साकेत, उमाशंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, कपूर चन्द साहू, अनीता चौरसिया, पुनीत पाण्डेय, सन्दीप सिंह गहरवार, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेन तिवारी, मण्डल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल है।

# हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर, निकाला गया फ्लैग मार्च

## त्योहारों की सुगमता बनाए रखने पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से की अपील

### घटनाओं को रोकने दिशा-निर्देशों का करें पालन

जागरण, सीधी




रंगों का त्यौहार होली मिलन एवं उत्साह का पर्व है। ऐसे में त्यौहार की खुशियां बनाए रखने के लिए सभी को शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाना चाहिए। आए दिन त्यौहारों में यह देखने को मिलता है कि अति उत्साह एवं तेज रफ्तार वाहनों का दौर चलने से अकस्मात घटनाएं सामने आ जाती हैं जो पल भर में खुशियों को मातम में बदल देती हैं। रंगोत्सव पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक संतोश कोरी ने जिले वासियों से होली के इस रंगीन और उमंग भरे त्यौहार पर सभी जिलेवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है और कहा कि होली रंगों, मिठास और भाईचारे का प्रतीक है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस त्यौहार को उसी भावना के साथ मनाएं। आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम न केवल स्वयं सुरक्षित रहेंगे, बल्कि दूसरों की सुरक्षा और मर्यादा का भी पूरा सम्मान करेंगे। होली पर्व हेतु सुरक्षा एवं सावधानी बरते हेतु पुलिस द्वारा अपील की गई है। जिसमें त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। किसी भी व्यक्ति पर उनकी इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ शालीनता का व्यवहार करें। नशा करके वाहन चलाना या सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करना आपके और दूसरों के लिए घातक हो सकता है। सीधी पुलिस त्यौहार के दौरान विशेष चेकिंग करेगी और ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य करें। ट्रिपल राइडिंग एक बाइक पर तीन सवारी न करें और यातायात के सभी नियमों का पालन करें। सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक, नफरत फैलाने वाले या आपत्तिजनक संदेशों को फॉरवर्ड करने से बचें। साइबर सेल की सोशल मीडिया पर पूरी नजर है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम तथा संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन करना सुनिश्चित करें। होली के जुलूस या आयोजनों में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। कोई भी ऐसा कृत्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। सार्वजनिक स्थानों पर अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु बैग, डिब्बा आदि को देखने पर तुरंत नजदीकी पुलिस को सूचित करें।

### सिहावल और अमिलिया बाजार में पुलिस ने निकाला मार्च



जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत अमिलिया मुख्य बाजार में होली एवं ईद के पावन पर्वों के मद्देनजर अमिलिया पुलिस प्रशासन ने संयुक्त फ्लैग मार्च निकालकर शांति, सौहार्द और सुरक्षा का संदेश दिया। एसडीओपी चुरहट, थाना अमिलिया एवं सिहावल पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रमुख मार्गों पर मार्च करते हुए आमजन से संवाद स्थापित किया और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सिहावल की एसडीएम श्रीमती प्रिया पाठक चुरहट एसडीओपी के साथ थाना प्रभारी पुलिस बल ने बाजार और संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य जहां आमजन में सुरक्षा का विश्वास जगाना है, वहीं असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना भी है। अमिलिया थाना प्रभारी राकेश बैस का संदेश साफ है त्योहार खुशियों के हों और वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे। उन्होंने अमिलिया बाजार को जाम करने वाले व्यापारियों को भी कड़ी फटकार लगाई और कहा है कि रोड को पूरी तरह साफ रखें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल

आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है।

गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे।

सवाल है कि देश की सबसे महत्वपूर्ण एजेंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआई की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था।

सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआई के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के दौरान ईडी और सीबीआई पर किसी खास मंशा से ग्रस्त होकर या अप्रत्यक्ष रूप से किसी के इशारे पर काम करने के आरोप कई बार लगे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इन एजंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट को भी कई बार सख्त टिप्पणियां करनी पड़ीं। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा था कि ये एजंसियां गवाहों से लेकर आरोपियों तक के मामले में भेदभावकारी नीति अपनाती हैं।

मगर हैरानी की बात है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों की ओर से बार-बार सवाल उठाए जाने के बावजूद ईडी और सीबीआई के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा। इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि ईडी की ओर से जितने भी मामले दर्ज किए जाते हैं, उसमें दोषसिद्धि की दर कितनी है और ऐसा क्यों है। क्या यह चिंता की बात नहीं होनी चाहिए कि सिर्फ कामकाज की शैली की वजह से जिस तरह इन एजंसियों की साख पर सवाल उठ रहे हैं, उससे सही मामलों में भी इनकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में रहेगी?

पाक-अफगान जंग

पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन

# अफगान पर हुकूमत करना चाहता है पाक

सुशांत सरीन

पाकिस्तान ने डुरंड सीमा पर 'खुली जंग' का एलान करके बेवजह मुसीबत मोल ले ली है। इस्लामाबाद का दावा है कि बीते 48 घंटों में उसके हवाई हमलों से अफगान-तालिबान के 133 लड़ाके मारे गए हैं, जबकि 200 से अधिक घायल हुए हैं, उधर काबुल ने भी बयान जारी करके कहा है कि उसकी जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक ढेर हुए हैं। इस बदलते घटनाक्रम पर तमाम देशों की नजर है। रूस सहित कई मुल्कों ने तुरंत संघर्ष-विराम की अपील भी की है।



आखिरकार अफगानिस्तान-पाकिस्तान के संबंध इतने खराब कैसे हो गए? यह सही है कि बीते दो दिनों में सीमा पर काफी कुछ अप्रत्याशित घटा है, लेकिन दोनों देशों में तनातनी तो तभी शुरू हो गई थी, जब 2021 में तालिबान ने काबुल की सत्ता संभाली थी। दरअसल, दुनिया भर में तालिबान की 'तारीफ' कर पाकिस्तान ने तकरीबन दो दशकों तक उस पर 'निवेश' किया था, लेकिन जब तालिबान को बागडोर मिली, इस्लामाबाद का भ्रम टूटने लगा। इसकी शुरुआत हुई तहरीक-ए-तालिबान के करीब 5,000 लड़ाकों की रिहाई से, जो अफगान जेलों में बंद थे। इसके बाद पाकिस्तान में छोटे-बड़े हमले बढ़ गए, जिनको इस्लामाबाद अफगान-तालिबान की कारस्तानी बताता है, जबकि उनके पीछे तहरीक-ए-तालिबान का हाथ था।

अब चूंकि तहरीक-ए-तालिबान (पाकिस्तान के तालिबान) और अफगान-तालिबान में करीबी रिश्ता रहा है, इसलिए इस्लामाबाद ने इन हमलों के जवाब में अफगानिस्तान के भीतर बमबारी शुरू की। इन कार्रवाइयों की एक वजह यह भी थी कि पाकिस्तान अफगान हुकूमत को अपने अधीन रखना चाहता था, जबकि अफगानों के बारे में यही कहा जाता है कि 'उनको किराये पर तो लिया जा सकता है, मगर खरीदा नहीं जा सकता'। इससे अफगानिस्तान को अपना पांचवां सूबा बनाने की पाकिस्तान की मंशा भी टूट गई।

यहां मुल्ला अब्दुल सलाम जईफ की किताब माई लाइफ विद द तालिबान का जिक्र भी जरूरी है। जईफ 2000-01 के दौरान पाकिस्तान में अफगानिस्तान के राजदूत थे। उन्होंने लिखा है, इस्लाम का गलत इस्तेमाल करने के कारण अफगानों को पाकिस्तान पसंद नहीं। उनके मुताबिक, अरब मुल्कों से इमदाद लेने के लिए पाकिस्तान इस्लाम के राग अलापता है और धर्म का कथित ठेकेदार बना हुआ है। अफगानों को लगता है कि पाकिस्तान ने उनको धोखा दिया है, क्योंकि अपने हित के लिए उसने तालिबान के विरुद्ध अमेरिका से हाथ मिला लिया था। उनको पाकिस्तान की वे यातनाएं भी याद हैं, जब संरक्षण का भरोसा देने के बावजूद उनके लोगों को बंधक बनाया गया व बर्बर कार्रवाई की गई।

बहरहाल, डुरंड रेखा पर फिलहाल 'पारंपरिक जंग' शायद ही होगी, क्योंकि जिस तरह से अक्तूबर 2025 से यहां तनाव बना हुआ है, उसका असर खूब पड़ रहा है। उस समय करीब एक हफ्ते तक संघर्ष चला था, जिस पर तुर्किये और कतर की मध्यस्थता के बाद विराम लग सका था, लेकिन उसके बाद पाकिस्तान ने सीमा बंद कर दी। इससे पाकिस्तान का व्यापार तो प्रभावित हुआ ही, क्योंकि अफगानिस्तान उसके लिए एक बड़ा बाजार रहा है, लेकिन काबुल को कहीं ज्यादा समस्याएं हुईं। इससे वहां दवाई जैसी जरूरी चीजों की आपूर्ति भी बाधित हो गई थी, जिसकी पूर्ति बाद में भारत ने 'मानवीय मदद' के रूप में की। दबाव बनाने का पाकिस्तान का यह दांव यहीं तक नहीं रुका। उसने अपने यहां दो-ढाई दशकों से रह रहे अफगान शरणार्थियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया और उनकी संपत्ति लूट ली। मूलतः पंजाबी मुसलमानों ने ऐसा किया और उनको अफगानिस्तान वापस भेजना शुरू किया। इन सबसे अफगानिस्तान में पाकिस्तान को लेकर जबर्दस्त नाराजगी फैली। रही-सही कसर 'आतंकवाद विरोधी अभियान' के नाम पर शुरू की गई हालिया कार्रवाइयों ने पूरी कर दी। हालांकि, ये हमले पाकिस्तानी हुकूमत ने 'मजबूरीवश' किए हैं, क्योंकि बीते दो हफ्तों में जब कुछ बड़े हमले पाकिस्तान के भीतर हुए, तो वहां की हुकूमत पर 'कुछ करने' का दबाव बढ़ गया था। मौजूदा हुकूमत अवाम में लोकप्रिय नहीं है। लिहाजा, फौज की शह पर अफगानिस्तान के सरहदी इलाकों में बमबारी की गई, जिनमें तालिबानी लड़ाकों से कहीं ज्यादा आम अफगान की मौत हुई। इससे अफगानिस्तान की हुकूमत को भी कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ा है।

यह संघर्ष आखिर कहां रुकेगा? तीन स्थिति बनती दिख रही है। पहली, पाकिस्तान की तरफ से लगातार हमले होते रहेंगे और ये तब रुकेंगे, जब अफगानिस्तान के अंदर करीब 10 किलोमीटर तक 'नो मेन्स लैंड' बनाने की अपनी योजना इस्लामाबाद पूरी कर लेगा। दूसरी, दोनों तरफ से ठहर-ठहरकर संघर्ष होते रहेंगे और बीच-बचाव से मामला शांत किया जाता रहेगा। तीसरी स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। संभव है कि अफगान हुकूमत अपने यहां के तालिबान को खुली कार्रवाई करने की छूट दे दे। चूंकि काबुल की सरकार पाकिस्तान से खार खाए हुए है, इसलिए स्थिति कोई भी बनेगी, चुनौती इस्लामाबाद के सामने ही अधिक रहेगी।

इससे पाकिस्तान की दुविधा कहीं अधिक बढ़ जाती है। वह तालिबान को सह भी नहीं सकता और उसे रोक भी नहीं सकता। अमेरिका इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसने ढाई-तीन लाख अफगानों को मारा, फिर भी उसे अफगानिस्तान में मुंह की खानी पड़ी। लिहाजा, यह पूरा घटनाक्रम पाकिस्तान द्वारा उड़ता तीर लेने जैसा है। अफगानिस्तान के पक्ष में उसका यह आश्वासन भी है, जिसमें उसने कहा था कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी के खिलाफ नहीं होने देगा। उसने कई देशों से यह वायदा किया है और अब तक वह इस पर खरा उतरा है। ऐसे में, पाकिस्तान अपनी करनी का फल ही भोग रहा है। आतंकवाद की जिस आग को उसने भड़काया, आज वही उसको लील रही है।

रही बात भारत की, तो हमें शायद ही कोई खतरा है। भारत का रुख स्पष्ट है। हम पाकिस्तान की कार्रवाई को अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन मानते हैं। सीमा पार कार्रवाइयों से तनाव ही बढ़ेगा।

खुला मंच

# कॉपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट बनाम टैरिफ की वसूली

भुवन पंत

मैं सुबह के नाश्ते में दो पीस ब्रेड या एक पराठा लेता हूँ और चाय पीता हूँ। बस। किंतु जब मुझे किसी होटल में कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट की सुविधा मिलती है, मेरे पाचन तंत्र में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) हो जाता है।

हाल ही में गोवा के एक खूबसूरत से रिसॉर्ट में हम रुके थे। कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट का टाइम सुबह आठ से दस बजे के बीच का था। हम पति-पत्नी ठीक 8.00 बजे डाइनिंग हॉल में पहुँच जाते थे और दस बजे फ़ूड काउंटर क्लोज होने पर ही अपने कमरे की तरफ़ लौटते थे। पूरे दो घंटे तक ब्रेकफास्ट करने के पीछे मेरे पास कुछ ठोस तर्क है, जो शत प्रतिशत जायज कहे जा सकते हैं।

दरअसल कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट करते समय भूख नहीं, बल्कि हम यह देखते हैं कि होटल के टैरिफ़ की अधिक से अधिक वसूली यहां की जा सकती है। बहुत अधिक मात्रा में कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट खाए जाने के पक्ष में दूसरा तर्क है कि दिन का खाना भी स्किप किया जा सकता है और इससे टूरिस्ट प्लेसेज पर पैसे भी बच जाते हैं। तीसरा तर्क होता है- यहाँ बुफे की हर चीज टेस्ट कर सकते हैं, जिनको कहीं और जाकर टेस्ट करने के लिए हमें समय और ढेरों पैसे ख़र्च करने पड़ते। बाजार में यह भी डर रहता है अगर स्वादिष्ट नहीं हुई तो पैसा बर्बाद हो जाएगा, किंतु कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट में यह समस्या नहीं। यहां तो वसूली हो रही है। कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट में ठूंसने की प्रवृत्ति को देखते हुए लगता है कि धीरे-धीरे मानव का पेट भी जुगाली करने वाले जानवरों की भाँति विकसित हो जाएगा।

दूसरी समस्या जब आती है, जब एयरपोर्ट पर होता हूं। अकसर नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के लोगों को देखकर हम पति-पत्नी सिहर उठते हैं। हमारे सामान में ड्रग्स इत्यादि मिलने से ज्यादा शर्म की बात तो तब होती है जब होटल के लेबल लगे टूथपेस्ट, टूथब्रश के अलावा चाय-पत्ती, कॉफी और चीनी के छोटे-छोटे सैशे मिलते हैं। यही बातें सोच-सोचकर हम पति-पत्नी एयरपोर्ट पर बहुत अधिक एंजॉय भी नहीं कर पाते हैं। यह डर मध्यम वर्गीय लोगों को उच्च वर्गीय बनने से रोकता है।

अगर ईश्वर प्रकट हो और पूछें- हे वत्स! तुम कितना अमीर बनना चाहते हो? तो मैं उनसे कहूँ- हे प्रभु, बस इतना अमीर बना दीजिए कि मैं जब किसी महंगे होटल में कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट करने जाऊं तो वहां पर मैं उतना ही खाऊँ जितनी मुझे भूख हो। हे प्रभु, चेक-आउट के वक्त पत्नी से कहूँ कि कमरे में कोई सामान रह तो नहीं गया, तो पत्नी चाय, कॉफी तथा चीनी के सैशे को 'कोई सामान' में न गिने।

प्रसंगवश

# न्यायपालिका की गरिमा बचाने किताब पर पाबंदी

सर्वोच्च अदालत ने एक किताब पर 'पूर्ण प्रतिबंध' (ब्लैंकेट बैन) का आदेश दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का अध्याय संकलित था। किताब 8वीं कक्षा में सामाजिक विज्ञान के तौर पर पढ़ाई जानी थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्' (एनसीईआरटी) ने छापी थी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत समेत अन्य न्यायाधीश भी बहुत कुपित हुए और इस अध्याय को शामिल करने को 'गहरी साजिश' करार दिया। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी थी कि एनसीईआरटी ने गोली चला दी है और न्यायपालिका लहूलुहान है। यह महज एक गलती नहीं है, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा गिराने और युवाओं के भीतर जहर भरने की एक 'सोची-समझी साजिश' लगती है। संस्था के निदेशक ने गलती मानने के बजाय लिखित में इन विवादित अंशों का बचाव किया है। यह और भी गंभीर है। हम पता लगाएंगे। हम न्यायपालिका सरीखे संवैधानिक संस्थान को इस तरह बदनाम नहीं होने देंगे।

न्यायपालिका पर आज भी करोड़ों लोगों का भरोसा है। उसे टूटने कैसे दिया जा सकता है?' इसी के साथ न्यायिक पीठ ने किताब के फिजिकल या डिजिटल, हार्ड या सॉफ्ट और वेब पोर्टल आदि सभी प्रारूपों और संस्करणों को जब्त करने का आदेश दिया है। किताब की जो 38 प्रतियां बिक चुकी हैं, उन्हें भी हासिल कर जब्त किया जाए। न्यायिक पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी और केंद्रीय स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कराए हैं। वे 11 मार्च को अदालत में मौजूद रहेंगे। सर्वोच्च अदालत ने यहां तक कहा है कि क्यों न निदेशक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए? अदालत ने जो आदेश दिया है, उसकी अनुपालना रपट दो सप्ताह में जमा करानी होगी। सामाजिक विज्ञान की ऐसी किताब और उसमें न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की खबर सामने आई, तो कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गुस्सा जताते हुए सवाल किया-यह हम क्या पढ़ा रहे हैं? कौन देख रहा है यह सब? ऐसी सामग्री का अनुमोदन कौन कर रहा है? किसी को तो जवाबदेह ठहराना चाहिए। प्रधानमंत्री की यह सख्त टिप्पणी, हालांकि, सूत्रों के हवाले से सार्वजनिक हुई है। बहरहाल किताब के विवादित अध्याय में लिखा गया है कि सर्वोच्च अदालत में करीब 81,000 मुकदमे लंबित हैं, जबकि देश के उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा करीब 62.40 लाख है। 2017-21 के दौरान भ्रष्टाचार की करीब 1600 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रधान न्यायाधीश के दफ्तर को जो शिकायतें मिलीं, वे अलग हैं। 2016-25 के दौरान न्यायाधीशों के खिलाफ 8639 शिकायतें मिलीं, यह कानून मंत्रालय ने संसद में खुलासा किया है। क्या ये शिकायतें ही भ्रष्टाचार की प्रमाण हैं अथवा यह व्यवस्था का गंभीर सवाल है? क्या शिकायतों के आधार पर ही मान लिया जाए कि समूची न्यायपालिका भ्रष्ट है और गरीब, जरूरतमंद आदमी के लिए न्याय मिलना बहुत मुश्किल है? दरअसल आजकल संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ संस्थानगत हमले किए जा रहे हैं और यह एक नया फैशन बन गया है। विवादित किताब के लिए क्या लेखक ही 'खलनायक' हैं? ऐसा नहीं है, क्योंकि एनसीईआरटी में कई स्तरों पर पाठ्यक्रम और विषय-वस्तु तय किए जाते हैं। विशेषज्ञ और समितियां होती हैं। तो फिर लेखकों को ही 'काली सूची' में डालने का औचित्य समझ के परे है। एनसीईआरटी में पाठ्य पुस्तकों को लेकर विवाद होते रहे हैं। यह सरकार की वैचारिक दखलअंदाजी हो सकती है या कुछ और, लेकिन विवाद सामने आते रहे हैं। मसलन-मुगल इतिहास को 12वीं की किताब से हटाया गया। गांधी की हत्या और आरएसएस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को हटाया गया। किताबों में अब 1984, 1992 और 2002 के दंगों के उल्लेख नहीं हैं। संविधान की प्रस्तावना तक पढने को छात्रों को वंचित किया गया। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं।




सामाजिक सरोकार

स्कूली बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ी समस्या है

# बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की पहल

क्षमा शर्मा



हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूली बच्चों के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस बड़े संस्थान का कहना है कि बच्चों का मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बेहद जरूरी है, ताकि छात्र-छात्राएं खुद को स्कूलों के बीच सुरक्षित महसूस कर सकें।

कई बार स्कूलों में बच्चों को भेदभाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी ऐसी समस्याओं पर बहुत सारे स्कूलों में ध्यान नहीं दिया जाता। इसके कारण कई बच्चे आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। इसलिए समय-समय पर बच्चों की काउंसलिंग बेहद जरूरी है, ताकि स्कूलों में बच्चे न केवल सुरक्षित महसूस करें, बल्कि खुद को समर्थ और सम्मानित भी समझें। इसलिए वेलनेस अध्यापकों की नियुक्ति और प्रति 500 बच्चों पर एक काउंसलर का होना आवश्यक है। इसी दिशा में आगे कदम उठाते हुए अध्यापकों और स्कूल कर्मचारियों को साल में दो बार मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बच्चों में अगर तनाव है या वे किसी मानसिक समस्या से जूझ रहे हैं, तो जल्दी से जल्दी उसका हल निकाला जा सके। इन दिनों स्कूली बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ी समस्या है, लेकिन अपने देश में इस तरफ बहुत कम ध्यान दिया जाता है। बच्चों को भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या हो सकती है, इसे कोई मानने को तैयार ही नहीं होता है। दिल्ली के एक मशहूर मनोचिकित्सक ने एक बार बताया था कि उनके पास आठ-आठ साल के बच्चे आ रहे हैं। यह एक चिंताजनक बात भी है।

बच्चों की इस हालत की वजह क्या है? इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि इन दिनों बच्चों की सुनने वाला कोई नहीं रहा। मध्यवर्ग में इन दिनों एक बच्चे का चलन बढ़ रहा है। ऐसे में, घर में भी बच्चा अकेला है। पहले भाई-बहन के साथ वे खेलते-कूदते, लड़ते-झगड़ते थे, तो तमाम तरह की अभिव्यक्ति के अवसर उन्हें मिलते थे, लेकिन अकेले बच्चे के पास यह सुविधा नहीं। माता-पिता अपने-अपने दफ्तर और उनसे जुड़े कामों में व्यस्त हैं, बचे समय में वे मोबाइल और रील्स में लगे हैं। बच्चे द्वारा पूछे गए किसी सवाल का जवाब देने की फुर्सत भी बहुत से माता-पिता के पास नहीं है। हाल यह है कि रील के चक्कर में कोई अपने बच्चे को ऑटो में भूल जा रहा है, तो किसी का बच्चा सड़क पर जख्मी हो जा रहा है। हाल ही में बेंगलुरु की एक गर्भवती महिला अपने दूसरे बच्चे की 'मैटरनिटी फोटोशूट' वाटर पूल के पास करा रही थी और पहला बच्चा पानी में गिरकर मर गया।

पहले संयुक्त परिवार में रहने वाले दादा-दादी बच्चों के साथ खूब समय बिताते थे। वे उनकी समस्याओं पर भी ध्यान देते थे। उनके साथ खेलते-कूदते थे। कुछ वर्ष पहले चेन्नई में एक सर्वेक्षण हुआ था, जिसमें पाया गया था कि जो बच्चे संयुक्त परिवार में दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहते हैं, उनमें तनाव कम होता है। ऐसे बच्चों को बाहरी दुनिया की बहुत जरूरत नहीं होती थी। आजकल बच्चे भी अपना अधिकतर समय मोबाइल पर बिताते हैं। माता-पिता भी उनके सवालों से बचने के लिए उन्हें या तो कोई तोहफा दे देते हैं या फिर मोबाइल पकड़ा देते हैं। जाहिर है, मानसिक और शारीरिक सेहत, दोनों के लिए यह सही नहीं है। बच्चा यदि माता-पिता से ही कुछ नहीं कह सकता, तो आखिर वह जाए कहां?? कायदे से सीबीएसई को स्कूलों को यह सुझाव भी देना चाहिए कि वे कुछ महीनों के अंतराल पर माता-पिता के लिए भी ऐसे प्रशिक्षण की व्यवस्था करें, जिनमें उन्हें अपने बच्चों की समस्याओं से निपटने के तौर-तरीके समझाए जाएं। बच्चे स्कूल में जो समय बिताते हैं, उस पर तो स्कूल वाले ध्यान दे सकते हैं, पर घर में कौन सी बातें उसमें तनाव पैदा करेंगी, उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगी, इस पर तो घर वाले ही ध्यान दे सकते हैं।

7-14 के एजग्रुप को पढ़ने और सही समझ विकसित करने के लिए रखा गया है। यही साल उनके जीवन से जुड़ी कई बातों को लेकर सही समझ पैदा करने का भी है। अध्ययन बताते हैं कि नौ से 12 साल की उम्र के बच्चे किसी फ्रंट पर पीछे रह जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। अपनी तकलीफ साझा करना सीखते हैं तो पैरेंट्स और टीचर्स से गहराई से जुडते हैं। मूड स्विंग्स के अलावा इस समय वे इमोशनली भी आसानी से आहत हो जाते हैं। ऐसे में अभिभावक सीधे-सीधे कोई नेगेटिव रिएक्शन ना दें। सहजता के साथ अपनी बात समझाएं। बच्चों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही बच्चों के मन में भी मानवीय संवेदनाएं पोसें। यह उम्र घर के बड़े-बुजुर्गों से जुड़ने, उनकी मदद करने और रिश्तेदारों से जुड़ाव बनाने के लिए भी बहुत अहम है।

14-21 बच्चों को सही मार्गदर्शन देने वाला दौर होता है। इस दौरान वे टीनएज से एडल्टहुड में प्रवेश करते हैं । इसीलिए यह आयुवर्ग बहुत हद तक स्पष्ट-सधी सलाहें देने का भी है। ऐसे में बच्चों के साथ नियमित संवाद रखना भी आवश्यक है। समाज, परिवार या फ्रेंड सर्कल में अपनी जगह, अपनी पहचान के मायने समझने लगते हैं। यह जीवन की बुनियाद बनाने वाला एक निर्णायक चरण है। साथ ही भावनात्मक रूप से टूटने का जोखिम भरा पड़ाव भी। किसी से सहज लगाव, प्रेम-प्रसंग, पढ़ाई में पीछे छूटने या अकेले पड़ जाने से जीवन से हारने मामले भी इस उम्र में ज्यादा होते हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में अभिभावकों का भावनात्मक समर्थन बहुत जरूरी होता है।

सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य ही क्यों, जंक फूड की लत के कारण स्कूली बच्चे उन रोगों के शिकार भी हो रहे हैं, जिन्हें बुजुर्गों का रोग कहा जाता था। तमाम रिसर्च बताती हैं कि बाहर के खाने के मुकाबले घर का खाना हमेशा ही अच्छा होता है। यह न केवल हमारे शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है, लेकिन इन दिनों एक सच यह भी है कि घर में खाना बनाना एक छोटा काम मान लिया गया है।

जीवन दर्शन

# बार-बार आने वाले सपने भविष्य की चेतावनी

कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि उन्हें एक ही सपना बार-बार दिखता है। सपने अक्सर किसी न किसी छिपे सन्देश के साथ आते हैं। ऐसे में क्या एक ही सपने का बार-बार आना किसी चेतावनी का संकेत होता है, जिन्हें समझना जरूरी होता है या फिर ये महज एक संयोग होता है? बार-बार एक ही सपना देखना आपके अवचेतन मन की दबाई गई भावनाओं और विचारों को दर्शाता है, जिसे समझना आवश्यक है।

सपने कभी बेवजह नहीं होते, बल्कि वो आपके अवचेतन मन या आपके कर्मों से जुड़े कोई न कोई सन्देश लेकर आते हैं। कई बार ऐसा होता है कि कोई एक ही सपना बार-बार दिखता है। ऐसे में वह सपना सिर्फ सपना नहीं होता, बल्कि यह आपके लिए संदेश हो सकता है। कोई सपना बार-बार आना इस बात का संकेत भी हो सकता है कि कोई इच्छा या लक्ष्य अधूरा है, या फिर ऐसे सपने अपनी तरह के संकेत और चेतावनी लेकर आते हैं, जिन्हें समझना ज़रूरी है।



बार-बार आने वाले सपनों का अपना एक अनोखा पैटर्न होता है। इस प्रकार के सपने देखने बाद दिनभर थकान लगती है क्योंकि यह थकान असंतुलित ऊर्जा का प्रमाण होते हैं। जब कोई भावना, चिंता या पुराना अनुभव पूर्ण रूप से सुलझा नहीं होता, तो वही सपना बार-बार दिखाई दे सकता है, जैसे कि ऊंचाई से गिरना, साँपों का दिखना, किसी अनजान जगह पर खो जाना, पीछा किया जाना या परीक्षा में असफल होना। ऐसे सपने हमें बताते हैं कि जीवन में कोई स्थिति है जिसे हमने अभी तक पूरी तरह स्वीकार या हल नहीं किया है। यदि यह सपना बार-बार आता है, तो जीवन में नुकसान, डर या अप्रत्याशित बाधाओं की चेतावनी भी हो सकती है।

कई बार सपने में बार-बार रिश्तेदारों या पूर्वजों का आना अधूरी भावनाओं, रिश्तों या जिम्मेदारियों का संकेत देता है। स्वप्न शास्त्र में यह माना जाता है कि इससे यह संदेश मिलता है कि आपको अपनी भावनाओं को संभालने या किसी पुराने बंधन को पूरा करने की ज़रूरत है। सपने यह बताते हैं कि आपको आपकी भावनाओं को संतुलित करने और आध्यात्मिक यात्रा करने की आवश्यकता है। ऐसे सपने आपको आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है कि आप अपनी यात्रा को समझें और संतुलन बनाएं।

सबसे पहले तो बार-बार आने वाले सपने को संदेश के रूप में देखें, शुभ या अशुभ सपने के रूप में नहीं। यह सपने किसी धार्मिक कारण से आपको नहीं दिखते हैं, बल्कि यह आपके मन, चेतना और भावनात्मक स्थिति से जुड़ा एक संदेश है, जो आपको कुछ समझने के लिए बार-बार दिखाई देता है। सपनों को लिखने से पैटर्न समझ आता है। इसलिए, ऐसे सपनों को लिखकर और पैटर्न को समझकर, आप सपनों के पीछे छिपे संदेश को समझने की कोशिश कर सकते हैं। प्रातः सूर्य को जल अर्पित करना, ध्यान और मंत्र की साधना। इन उपायों से अवचेतन मन शांत होता है और सपने की आवृत्ति कम हो सकती है।

चंदा कुमारी

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।**
**तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम॥**

**भावार्थ**

जो भक्त अनन्य भाव से मेरा चिंतन और उपासना करते हैं, मैं उनके योग (नवीन आवश्यकताओं) और क्षेम (जो कुछ उनके पास है उसकी रक्षा) का वहन करता हूँ।

# दिग्विजय सिंह के कान्हा दौरे पर भाजपा सरकार पर हमला

## पर्यटन, पानी और रोजगार के मुद्दों पर उठाए सवाल; बैगा समाज से किया संवाद



जागरण मंडला

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने रविवार को मंडला जिले के कान्हा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए पर्यटन, पानी और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सवाल उठाए। सिंह ने कलाकारों, बैगा आदिवासियों और मनरेगा श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनकी जमीनी समस्याओं को जाना। दिग्विजय सिंह ने अपने दौरे की शुरुआत कान्हा किसली मंडला गेट स्थित %कान्हा सरई आर्ट गैलरी% से की। यहाँ उन्होंने पत्थर और लकड़ी के मूर्तिकारों सहित अन्य लोक कलाकारों से मुलाकात की। कलाकारों की व्यथा सुनने के बाद उन्होंने कहा कि स्थानीय कला और संस्कृति को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें संरक्षण देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें वर्तमान सरकार विफल दिख रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व के प्रबंधन और पर्यटन नीति पर सवाल उठाते हुए दिग्विजय सिंह ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कान्हा में पर्यटन से होने वाली आय का वास्तविक लाभ यहाँ के मूल निवासी आदिवासियों और ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। गाइड, जिप्सी संचालन और बड़े रिसोर्ट्स पर बाहरी रसूखदारों का कब्जा है, जबकि स्थानीय युवा रोजगार के अवसरों से वंचित हैं। उन्होंने मांग की कि कान्हा के पर्यटन व्यवसाय में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दौरे के दौरान सिंह बैगा आदिवासियों की बस्ती पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और वनाधिकार जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने जिले में व्याप्त भीषण जल संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार के बड़े-बड़े दावों के विपरीत ग्रामीण इलाकों में लोग आज भी पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। उन्होंने इसे जनता के मौलिक अधिकारों का हनन बताया। ग्राम मोचा में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उन्होंने बोडाछपरी स्कूल ग्राउंड में %पंचायत कांग्रेस कमेटी% का गठन किया। %मनरेगा बचाओ अभियान% के तहत जॉब कार्ड धारियों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करें।

# मंडला के खालसा ढाबा के पास मिला युवक का शव, कल से था लापता, बाइक हादसे की आशंका

## पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा



**जागरण मंडला।** मंडला के महाराजपुर थाना क्षेत्र में खालसा ढाबा के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रमन मरावी (23) पिता मिठ्ठन मरावी, निवासी ग्राम खिरसारु रमगढ़ी, थाना बम्हनी के रूप में हुई है।

सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे युवक का शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल के पास ही एक बाइक भी पड़ी मिली। सूचना मिलते ही महाराजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## काम से लौटते समय युवक लापता, सुबह मिला शव

पुलिस के अनुसार, रमन इन दिनों केहरपुर गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर रह रहा था। वह मंडला के लालीपुर स्थित एक टेंट हाउस में काम करता था। रविवार शाम वह घर जाने की बात कहकर निकला था।प्राथमिक जांच में मामला बाइक के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं : कलेक्टर



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिलेवासियों को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का यह उल्लासपूर्ण पर्व हमारे जीवन में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश लेकर आता है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियाँ बाँटने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रंगों का यह त्यौहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सुख-समृद्धि और आनंद का संचार करे। उन्होंने कामना की कि प्रत्येक परिवार में खुशहाली बनी रहे तथा समाज में सौहार्द और सद्भाव का वातावरण और अधिक मजबूत हो। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि होलिका दहन, धुरेड़ी, भाई दूज एवं रंग पंचमी के पर्व को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाएं। साथ ही शांति, कानून व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# ग्राम पंचायत हिरदेनगर में आयोजित मचलेश्वर मेला

## कलेक्टर ने पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**जागरण मंडला।** महाशिवरात्रि से ग्राम पंचायत हिरदेनगर में आयोजित मचलेश्वर मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा है। मेले के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला समिति सदस्यों से चर्चा करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल एवं स्वच्छता, पार्किंग और यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधा एवं प्राथमिक उपचार केंद्र इन सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने आयोजन समिति के सदस्यों से चर्चा कर भविष्य में मेले को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय सहभागिता से ही ऐसे आयोजन सफल होते हैं। कलेक्टर ने कहा कि मेले में आने वाले वर्षों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और व्यापक रूप दिया जाए, जिससे स्थानीय कलाकारों को मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की पहचान हैं। ये आयोजन सामाजिक समरसता,भाईचारे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी श्री शिव कुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, सीईओ श्री कपिल तिवारी सहित अन्य अधिकारी, सरपंच मौजूद रहे।

सीता रपटन की मान्या पांडे ने कलेक्टर को भेंट की स्वयं निर्मित पेंटिंगमेला भ्रमण के दौरान यहां ग्राम सीता रपटन निवासी प्रतिभावान बालिका मान्या पांडे ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा को स्वयं के हाथों से बनाई गई कलेक्टर श्री मिश्रा की पेंटिंग भेंट की। बताया गया कि मान्या ने यह पेंटिंग केवल एक दिन में लगभग दस घंटे की लगातार मेहनत से तैयार की। पेंटिंग में कलेक्टर श्री मिश्रा का सजीव चित्रण किया गया है, जिसे देखकर सभी उपस्थित लोग प्रभावित हुए।कार्यक्रम के दौरान जब मान्या ने कलेक्टर को पेंटिंग भेंट की, तो उपस्थित जनसमूह ने तालियों से उसका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मान्या को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे प्रयास अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनते हैं।

# जिले में 5 वर्ष बाद भी नहीं खुला कन्या विश्वविद्यालय

## धरा रह गया जिले के 4 विधायकों का अशासकीय संकल्प



जागरण,रीवा

जिले में शासकीय कन्या विश्वविद्यालय खुलने की आस धूमिल होने लगी है। जिले के चार विधायकों ने 5 वर्ष पहले मप्र विधानसभा में अशासकीय संकल्प पारित कराया था, जिस पर कुछ नहीं हुआ। इधर, नया शैक्षणिक सत्र 2025-26 भी खत्म होने को है, परंतु रीवा में कन्या विश्वविद्यालय को लेकर विभागीय स्तर पर कोई चर्चा नहीं है। अशासकीय संकल्प को लेकर जो स्थिति है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि प्रदेश सरकार ने अपनी ही पार्टी के विधायकों के इस संकल्प को महत्व नहीं दिया। विदित हो कि गत वर्ष जुलाई 2021 में गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह, मऊगंज विधायक प्रदीप सिंह पटेल, तत्कालीन त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी व सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने इस बाबत पत्राचार किया था। इन विधायकों ने विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 117 के अधीन यह संकल्प प्रस्तुत कराया। विधायकों की इस कार्यवाही का उत्तर सदन में 2 अगस्त को दिया गया। उस समय विधायकों की इस पत्राचार कार्यवाही से उच्च शिक्षा विभाग भी सक्रिय हुआ और कन्या विश्वविद्यालय खोलने संबंधी आवश्यक जानकारी संकलित की गई। आखिर में उक्त सारी कार्यवाही रद्दी की टोकरी में चली गई।

### छात्रों की तुलना में 2860 छात्राएं अधिक

उस समय एडी रीवा ने विभाग को जानकारी दी थी कि जिले के 16 सरकारी व अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में 30 हजार 612 विद्यार्थी हैं। इनमें से 13 हजार 876 छात्र हैं और 16 हजार 736 छात्राएं हैं, जिनकी संख्या छात्रों की तुलना में 2860 अधिक है। अर्थात जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत कुल विद्यार्थियों में से 60 प्रतिशत छात्राओं की संख्या है।

### वर्षों से उठ रही है मांग

विधायकों के पत्राचार और एडी रीवा द्वारा दिए गए जवाब से जिले में कन्या विश्वविद्यालय खुलने की उम्मीद जगी, लेकिन कार्यवाही न होने से अब छात्राएं फिर निराश होने लगी हैं। बताते चलें कि करीब 6 साल पहले कांग्रेस की सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री ने नवीन कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी कर दी थी, जो सरकार बदलने के बाद पूरी नहीं हो सकी। विभाग ने उस समय भी कन्या महाविद्यालय खोलने संबंधी प्रस्ताव की जानकारी मांगी थी।

### छात्राओं के अनुपात में कम पद स्वीकृत पदस्थ शिक्षक उससे भी कम

जिले में इकलौते शासकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना 1961 में हुई थी। चूंकि स्थापना के समय छात्राओं की संख्या 1 हजार से कम थी, लिहाजा महाविद्यालय में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक के मिलाकर 60 पद स्वीकृत किए गए। अब महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या 6 हजार 700 से अधिक हैं। यानी छात्राओं की संख्या के अनुपात में महाविद्यालय में नियमित शिक्षक के स्वीकृत पद की संख्या ही बहुत कम है। इस पर भी वर्तमान में महाविद्यालय में केवल 40 के लगभग नियमित शिक्षक ही पदस्थ हैं। बताते हैं कि महाविद्यालय में 4 संकाय के अंतर्गत 16 शैक्षणिक विभाग हैं। गणित विभाग को छोड़कर प्रत्येक विभाग में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित हैं। अब यूजीसी के मापदण्ड के अनुसार बात करें तो प्रत्येक विभाग में 10 नियमित शिक्षक अर्थात महाविद्यालय में न्यूनतम 160 नियमित शिक्षक के पद स्वीकृत होने चाहिए। हालांकि अभी हाल ही में राज्य शासन ने नियमित शिक्षक के 5 नये पद स्वीकृत करने का उपकार जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय पर किया है।

# चित्रांश परिवार समिति ने आयोजित किया नि:शुल्क बाल्य स्वास्थ्य शिविर



**रीवा।** रीवा में रविवार को स्थानीय अनंतपुर वार्ड क्रमांक 10 में पायनियर स्कूल के कैंपस में संत प्रसाद शिक्षा समिति के साथ चित्रांश परिवार कायस्थ समाज समाज रीवा के संयुक्त तत्व प्रावधान में 3 से 14 साल तक के बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण सुबह 11:00 से 3:00 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दंत चिकित्सक डॉक्टर पल्लवी श्रीवास्तव चिरायु हॉस्पिटल रीवा एवं पूर्व सीएमएचओ डॉक्टर सुधीर कुमार श्रीवास्तव बाल्य रोग विशेषज्ञ ने परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान बच्चों में कैल्शियम की कमी एवं आधुनिक जीवन पद्धतियों के कारण अन्य कमियां भी परिलक्षित हूं, जिसकी जानकारी एवं इलाज उनके अभिभावकों को दिया गया। विद्यालय में आए छात्रों के लिए स्कूल के झूले एवं बड़ा गुब्बारा आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजक समितियों ने अप्रैल माह में वृहद स्तर पर कैंप लगाने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम में चित्रांश परिवार समिति के प्रतिनिधि के रूप में सह सचिव महेंद्र मोहन श्रीवास्तव एवं विद्यालय स्टाफ के साथ ही संत प्रसाद शिक्षा समिति के पदाधिकारी रहे दोनों चिकित्सकों एवं अभिभावकों का चित्रांश परिवार समिति की ओर से धन्यवाद एवं आभार सहसचिव महोदय के द्वारा दिया गया।

## श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन के लिए अभियान 15 मार्च तक

**रीवा।** जिले में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पात्र मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 15 मार्च तक अभियान चलाया जा रहा है। पात्र श्रमिकों के पंजीयन के लिए संकल्प से समाधान अभियान के शिविरों के साथ शिविर लगाए जा रहे हैं। पात्र श्रमिक श्रम योगी मानधन योजना में अपनी पात्रता के अनुसार 55 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की छोटी बचत योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। मजदूरों द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाएगी। मजदूर की आयु 60 साल पूरी होने पर उसे तीन हजार रुपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाएगी, जिससे वृद्धावस्था में उसे आर्थिक सुरक्षा मिलती रहे। मजदूर की मौत होने पर उसके पति अथवा पत्नी को भी पारिवारिक पेंशन का लाभ इस योजना में दिया जा रहा है। मजदूर शिविरों में आवेदन देकर श्रम योगी मानधन योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## पुनर्गठन आयोग की बैठक 12 मार्च को

**रीवा।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। बैठक में आईजी, डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभागीय अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है।

किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर का सख्त संदेश



## त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था सर्वोपरि, सभी अधिकारी रहें अलर्ट

**जागरण मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और समन्वय बनाए रखना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए आवश्यकतानुसार फ्लैग मार्च करने को कहा। साथ ही, शांति समिति की बैठकें आयोजित कर नागरिकों को आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए अवगत कराने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में त्यौहारों को देखते हुए जिला अस्पताल में आपातकालीन वार्ड पूरी तरह तैयार रखने तथा आवश्यकतानुसार ड्यूटी रोस्टर लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसी तरह की व्यवस्था अन्य शासकीय चिकित्सा संस्थानों पर करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। रबी विपणन वर्ष के तहत जिले में किसानों का गेहूं पंजीयन अधिक से अधिक कराने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी को इस कार्य में तेज़ी लाने को कहा। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा एवं टंट्या मामा योजना में प्रगति लाने तथा पीएम आवास योजना की तीसरी किश्त वितरण में किसी भी प्रकार की देरी न होने देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती को एचपीवी वैक्सीन अभियान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया। 14 से 15 वर्ष की उम्र की बालिकाओं को समय पर वैक्सीन लगाने के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समुचित प्लानिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि त्यौहारों के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और विकास कार्यों की गति भी निरंतर बनी रहे। बैठक के अंत में उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **23/03/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स आन्या एक्वा एसोसिएट्स** प्रोपराइटर- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह निवासी : एलन टाउन स्कूल के सामने, जेपी टर्न के पास, पडारा, रीवा म.प्र.-486001 श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह | 1) भूमि खसरा नं. 3/21, रकवा 0.014 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 25*60=1500 वर्गफिट (0.014 हेक्टेयर), मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- लालमनी शर्मा की भूमि, उत्तर- श्रीमती नीतू सिंह का प्लाट, दक्षिण- भूतपूर्व वेन्डर का बिका हुआ प्लाट खसरा नं. 3/20/2, रकवा 0.012 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 23.5*60=1350 वर्गफिट, (0.012 हेक्टेयर) मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- वेन्डर द्वारा 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- श्री रमेश पांडे का प्लाट, उत्तर- सियावती मिश्रा का प्लाट, दक्षिण- श्रीमती प्रीतू सिंह का खरीदा हुआ प्लाट **सांकेतिक कब्जा** BAANKNET PROPERTY ID: AANYAALB COORDINATES: 24.546324, 81.268863 | 04-05-2021 / 20-10-2021 / दि. 27.02.2026 को ₹ 76,98,598.34/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 42,75,000/- / ₹ 4,27,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 22/03/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 23/03/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 02.03.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# दिगम्बर जैन समाज ने निकाली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

**जागरण, कटनी।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में श्री 1008 नंदीश्वर दीप महामण्डल विधान के समापन अवसर पर धर्मप्रभावना हेतु श्रीजी की भव्य शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मेन रोड़, जयदयाल रोड, साधूराम हाईस्कूल के सामने से होते हुये कीर्ति स्तंभ के सामने समाप्त हुई। यात्रा में आगे धार्मिक धुन बजाते हुये बैण्ड, जय जयकार के नारे लगाते धर्मानुरागी बन्धु एवं रथ पर सवार श्रीजी के साथ पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन बड्डे, मंत्री अजीत सिंघई, उपाध्यक्ष सुकमाल जैन, सहमंत्री मनीष जैन बर्तन, अनिल सिंघई, धन्यकुमार सत्कार, बल्ली जैन, सत्येन्द्र जैन सिहुड़ी, मनोज जैन, प्रकाश डेहरिया, पं.विकास जैन, संतोष जैन के साथ धर्मानुरागी बन्धु एवं माताओं बहनों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।



# कलेक्टर ने होली पर किया शुष्क दिवस घोषित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने होली पर्व के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा 1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से मंगलवार × मार्च की रात्रि 11.×0 बजे से बुधवार 4 मार्च धुरेडी जिस दिन रंग खेला जावेगा को संपूर्ण दिवस हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 2 रेस्तरा बार, एफएल × होटल बार, एफएल 4 क्लब बार एवं वाईन शॉप परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को आंशिक शुष्क दिवस घोषणा संबंधी आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि के दौरान जिले में अवैध रूप से मदिरा के आयात निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा एवं विक्रय इत्यादि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# महापौर, निगमाध्यक्ष और निगमायुक्त ने नगर वासियों को दी होली की शुभकामनाएं

## पर्यावरण संरक्षण के साथ रंगों का पर्व मनाने नागरिकों से की अपील



**जागरण, कटनी।** नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगरवासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कामना की है कि रंगों का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली लाए तथा नगर में शांतिए सद्भाव और भाईचारे की परंपरा और अधिक सुदृढ़ हो। महापौर, निगमाध्यक्ष तथा निगमायुक्त नें होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं सभी नागरिकों से होलिका दहन के दौरान लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग करनें तथा होली खेलते समय पानी का मितव्ययता से प्रयोग करनें की अपील की है। उन्होने अपने संदेश में कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का उपयोग कर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें। नगर निगम प्रशासन नें नगरवासियों से अपील की है कि इस बार होली के उत्सव को नगर निगम की योजनाओं जैसे साफ सफाई अभियान, नागरिकों की सुविधाओं हेतु कराये जा रहे नवीन निर्माण कार्यो की सुरक्षा एवं देखरेख के साथ समन्वयित रूप से मिल जुलकर प्रेम, सद्भाव और आपसी विश्वास के साथ मनाएं तथा जिले की समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाएं।

# आवास निर्माण में रुचि न दिखाने वाले हितग्राहियों के पोर्टल से कटेंगे नाम

## जिला पंचायत सीईओ ने 5 मार्च तक हितग्राहियों का पुर्नसत्यापन करने के दिये निर्देश

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत किस्त प्रदान करने के बाद भी जिले के जिन हितग्राहियों ने अभी तक आवास निर्माण नहीं किया हैए उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को 5 मार्च तक इन सभी हितग्राहियों का पुर्नसत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक के ऐसे आवास हितग्राही जो किस्त प्राप्त होने के लगभग 4 से 8 वर्ष बाद भी आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया है उन्हें शासन के निर्देशानुसार केटेगरी ए, बी और सी में चिन्हित किया गया था। ऐसे हितग्राही जिनकी रुचि अभी भी प्राप्त किस्त उपरांत आवास निर्माण में नहीं है पुर्नसत्यापन उपरांत उन्हे पोर्टल से डिलीट किया जाना है जिसके उपरांत उन्हे न तो आगामी किस्त की राशि, न ही अन्य नवीन आवास का भविष्य में लाभ मिल पायेगा। जनपद पंचायतवार स्थिति के अनुसार सबसे अधिक ढीमरखेड़ा में 29× और विजयराघवगढ़ में 281 ऐसे मामले सामने आए हैं। इसी प्रकार बहोरीबंद में 27×, बड़वारा में 175, रीठी में 152 और कटनी में 1×0 ऐसे प्रकरण हैं।

**नाम कटने पर नहीं मिलेगा भविष्य में लाभ :** पोर्टल से नाम हटा दिए जाने के बाद इन हितग्राहियों को न तो वर्तमान आवास की अगली किस्त मिलेगी और न ही भविष्य में किसी नवीन आवास योजना का लाभ मिल सकेगा। प्रशासन ने इ' छुक हितग्राहियों को निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर अगली किस्त प्राप्त करने का अंतिम अवसर दिया है।

# निगम अध्यक्ष नें रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## सुरक्षा व गुणवत्ता पर की चर्चा, दिए आवश्यक निर्देश

**जागरण, कटनी।** नगर पालिक निगम सीमांतर्गत बाबू वंश स्वरूप वार्ड में खदान के किनारे निर्मित की जा रही रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य का निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री पाठक ने मौके पर उपस्थित नियोजक रजनीश तिवारी से निर्माण कार्य की प्रगति, तकनीकी मानकों, लागत एवं समय सीमा के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निगम अध्यक्ष ने कहा कि रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि खदान क्षेत्र के आसपास निवासरत नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री सीमेंट, सरिया, गिट्टी एवं रेत निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए तथा निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इस बात का ध्यान रखा जाए। श्री पाठक ने कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रबंधों को और सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि खदान के किनारे होने के कारण यह कार्य संवेदनशील श्रेणी में आता है अतः श्रमिकों के लिए सुरक्षा बेल्ट, हेलमेट, जाल सेफ्टी नेट एवं आवश्यक बैरिकेटिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही आमजन की आवाजाही को सुरक्षित रखने के लिए चेतावनी बोर्ड एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था लगाने के निर्देश भी दिए। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक नें संबंधितों को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों सर्वोपरि हैं। वार्ड के नागरिकों ने भी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने की अपेक्षा व्यक्त कीए जिस पर श्री पाठक ने उन्हे आश्वस्त किया है। निरीक्षण के दौरान नियोजक रजनीश तिवारी, सानू तिवारी राजेश, हेमंत, दुर्गेश सहित क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 16/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 27/01/2026

**इश्तहार**

आवेदक ज्ञानेन्द्र कुमार साकेत पिता श्री शिव बहोर साकेत उम्र-25 वर्ष निवासी-ग्राम रायपुर कर्चुलियान थाना व तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका सुमित साकेत पिता श्री पवन कुमार साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी-ग्राम हन्ना चौर शिव नारायण पोस्ट रतनगवां थाना व तहसील-मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रु. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक-06.04.2026

विवाह अधिकारी
RN-85319 जिला रीवा ( म.प्र. )

# पालतू कुत्तों से चीतल का शिकार कर मना रहे थे जश्न

**कटनी।** वन्य प्राणियों के संरक्षण की दिशा में कटनी वन विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में पालतू कुत्तों के जरिए एक चीतल का शिकार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। विभाग ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

**शिकार के बाद चल रही थी पार्टी :** घटना 28 फरवरी की रात लगभग 10 बजे की है। बरहटा बीट के कक्ष क्रमांक 47 में कुछ शिकारियों ने पालतू कुत्तों का इस्तेमाल कर एक चीतल को मार गिराया। शिकार के बाद आरोपी मांस के साथ पार्टी मनाने की तैयारी में थे। जैसे ही वन विभाग की टीम को इसकी गुप्त सूचना मिली, अधिकारियों ने बिना समय गंवा, मौके पर घेराबंदी की। टीम को देखते ही शिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके से × आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। × आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में वन विभाग की टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लिये खाद्य पदार्थों के 5 नमूने

**कटनी।** आगामी त्यौहार होली एवं ईदुलफितर के अवसर पर नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार के खाद्य सुरक्षा अधिकारियो की टीम द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों के दुकानों की जांच हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत विगत एक सप्ताह में ×5 नमूने जांच हेतु रा'य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए है।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/स्टोर/2025-26/3566 सीहोर दिनांक 27.02.2026

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं हेतु निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। ऑनलाइन निविदा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 27.02.2026 प्रातः 11 बजे से अंतिम दिनांक 09.03.2026 समय दोपहर 2 बजे तक जेम पोर्टल के माध्यम से लिया जा सकता है। विस्तृत जानकारी/शर्तें पोर्टल पर उपलब्ध है।

निविदा क्रमांक GEM/2026/B/7300312

सचिव कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर के पास उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर
जिला सीहोर म.प्र.

**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.**
Regd. Office - Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN: U40109MP2002SGC015120Tel-0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website: www.mpez.co.in, emasil: cepurez@yahoo.in

No. 142 **NOTICE INVITING TENDER** Dtd: 02.03.2026

Tender are invited as following -

| Sr. No | TS No. (For e-Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work |
|---|---|---|
| 1 | 142 (e-Tender No. 486823) | Installation, testing and commissioning of 11 KV Line, Distribution Transformer, LT line & providing Household Connection with House Wiring to Dharti AabaJanjatiya(DA-JGUA) households in the O&M Circle Shahdol. |

Note:-
1. Tender Details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
2. The under signed reserves the right to accept/reject all/any offer without assigning any reason what so ever.

- SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer
(O&M) MPPKVVCL, Shahdol

# आवारा कुत्ते के काटने से 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** थाना बाकल के अंतर्गत ग्राम रक्सेहा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है जहाँ एक आवारा कुत्ते के हमले का शिकार हुए 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रक्सेहा निवासी छोटे सिंह गोड़ पिता पुरुषोत्तम सिंह गोड़ को बीते फरवरी को दोपहर करीब 12.52 बजे एक कुत्ते ने काट लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 15 दिनों तक चले इलाज के बाद किशोर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और बीते रविवार 1 मार्च की रात करीब 8.40 बजे उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अस्पताल की सूचना पर थाना बाकल के अशोक तिवारी द्वारा मामले की जानकारी दर्ज कराई गई है। बाकल पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)**

सुभाष साहू पिता श्री रामनारायण साहू सा. हर्दी पोस्ट खैरा कनकेसरा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. **...अपीलार्थी**

1. श्री कौशल प्रसाद साहू पिता स्व. रामावतार साहू सा. हर्दी पो. खैरा कनकेसरा तहसील मऊगंज 2. श्री रामनारायण साहू पिता स्व. रामावतार साहू सा. हर्दी पो. खैरा कनकेसरा तहसील मऊगंज 3. श्रीमती सकुन्तला साहू पिता स्व. रामावतार साहू पिता श्री रामरहीस साहू सा. सिघौल पो. सिघौल तह. ताला जिला सतना म.प्र. 4. श्रीमती मुन्नी साहू पिता स्व. रामावतार साहू पति श्री राजरूप साहू ग्राम बरेही पो. रायपुर कर्चुलियान तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. 5. श्रीमती सत्यवती साहू पिता स्व. रामावतार साहू पत्नी शतुधन प्रसाद साहू ग्राम लोही पोस्ट लोही तहसील हुजूर जिला रीवा 6. श्रीमती अन्नू देवी साहू पिता स्व. रामावतार साहू पति श्री मोहनलाल साहू ग्राम पो. सिघौल तहसील ताला जिला सतना म.प्र. 7. श्री धमेन्द्र साहू पिता स्व. छोटकी साहू पिता बद्री प्रसाद साहू सा. सिघौल तहसील ताला जिला सतना म.प्र. 8. श्रीमती लकी साहू माता स्व. छोटकी साहू पति श्री प्रदीप कुमार साहू ग्राम झाझर तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. **...उत्तरवादीगण**

समाचार पत्र के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज के न्यायालय में अपीलार्थीपक्ष के द्वारा नायब तहसीलदार देवतालाब तहसील मऊगंज के राजस्व प्रकरण क्रमांक 314/अ6/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 09/09/2024 के विरुद्ध अंतर्गत धारा 44(1) म.प्र. भू.रा.संहिता 1959 ई के तहत यह अपील पेश की गई। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो दिनांक 10/3/2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उत्तरवादीगण या अन्य हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत दिनांक 10/3/2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मऊगंज
RN-85320 जिला मऊगंज म.प्र.

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal – 462011 (M.P.)
Website : www.mpsedc.mp.gov.in, Ph. : 0755-2518300
E-mail : marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

| S. No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ P&A/2026/678 | RFP for Supply and installation of Air Conditioners at State IT Centre, Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh |

For detailed scope of work, terms and conditions, please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/124720/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना सं. झांसी/उमुसाप्र/2026/21** **दिनांक: 01.03.2026**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे, झांसी, निम्नलिखित ई-खरीद निविदाएं आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.: 1** | **निविदा सं.:** 51256329 | **बयाना राशि:** ₹ 9,52,300/-

**संक्षिप्त विवरण:** कोच सेट में एलएचबी ई.ओ.जी कोचों के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेट यूनिट (आरएमपीयू) टाइप 1 की आपूर्ति जिसमें आरडीएसओ विशिष्टता संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0061-2005 रेव 2 के अनुसार आर407सी रेफ्रिजरेंट 02 संख्या के साथ आरएमपीयू शामिल है, साथ में डीआरजी संख्या आरडीएसओ/पीई/एसके/एसी/0069-2004 रेव-3 और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर यूनिट 01 संख्या आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार है। आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0139-2009 संशोधन 1 या नवीनतम टाइप-1 आरडीएसओ विनिर्देश में परिकल्पित आपूर्ति के दायरे के अनुसार सहायक उपकरण के साथ पूर्ण जिसमें 01 आपूर्ति वायु बेलो, 02 ताजा वायु बेलो और 02 वापसी वायु बेलो नलिकाओं से युक्त बेलो सेट की आपूर्ति है जो आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0197-2020 के अनुसार एलएचबी ईओजी/एचओजी प्रकार के एसी कोचों के लिए दोनों तरफ सिलिकॉन रबर कोटिंग के साथ मेटा अरामिड/पैरा अरामिड कपड़े से बने हैं। (संशोधन-0) या नवीनतम। उपरोक्त विनिर्देश के खंड संख्या 2 के अनुसार आपूर्ति का दायरा। एक कोच सेट में 02 छत पर लगे एसी पैकेज इकाइयाँ हैं।

**मात्रा :** 10 सेट | **निविदा खुलने की तिथि :** 18.03.2026

**संक्षिप्त विवरण:** कोच सेट में एलएचबी ईओजी कोचों के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट (आरएमपीयू) टाइप-1 की आपूर्ति, जिसमें आरडीएसओ विशिष्टता संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0061-2005 रेव 2 के अनुसार आर407सी रेफ्रिजरेंट-02 संख्या के साथ आरएमपीयू शामिल है, साथ में डीआरजी संख्या आरडीएसओ/पीई/एसके/एसी/0069-2004, रेव-3 और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर यूनिट-01 संख्या आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार है। आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0139-2009 संशोधन 1 या नवीनतम, टाइप-1 आरडीएसओ विनिर्देश में परिकल्पित आपूर्ति के दायरे के अनुसार सहायक उपकरण के साथ पूर्ण, जिसमें 01 आपूर्ति वायु बेलो, 02 ताजा वायु बेलो और 02 वापसी वायु बेलो नलिकाओं से युक्त बेलो सेट की आपूर्ति है जो आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0197-2020 के अनुसार एलएचबी ईओजी/एचओजी प्रकार के एसी कोचों के लिए दोनो तरफ सिलिकॉन रबर कोटिंग के साथ मेटा अरामिड/पैरा अरामिड कपड़े से बने हैं। (संशोधन-0) या नवीनतम। उपरोक्त विनिर्देश के खंड संख्या 2 के अनुसार आपूर्ति का दायरा। एक कोच सेट में 02 नग है।

**मात्रा :** 10 सेट | **निविदा खुलने की तिथि :** 18.03.2026

**क्र.सं.: 2** | **निविदा सं.:** 512651296 | **बयाना राशि:** ₹ 1,90,450/-

**संक्षिप्त विवरण:** 500KVA (336kW),750V,3PH डीजल अल्टरनेटर सेट LHB पावर कार के लिए बिना पावर और कंट्रोल पैनल के और नवीनतम CPCB उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप, ध्वनिक पैनलों के बिना शोर कम करने की विशेषताओं के साथ।, चित्र के अनुसार: RDSO/PE/SPEC/AC/0084-2008,REV-1,RCF अनुलग्नक-A के साथ RDSO संशोधन पत्रक संख्या के अनुसार शोर कम करने की विशेषताओं के साथ। RDSO/PE/MS/AC/0045-2008,REV-0,AM-1 RCF ANNEXURE-C के साथ रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ MCF/RBL MEDTS-0006 REV 0 के अनुसार, पैकिंग निर्देश: स्टैंडर्ड पैकिंग के अनुसार। यह पक्का करें कि ट्रांसपोर्टेशन के दौरान आइटम रगड़े नहीं। आइटम को सही मज़बूती से पैक किया जाना चाहिए। अगर कोई ट्रांज़िट डैमेज होता है, तो उसका खर्च सप्लायर उठाएगा।

**मात्रा :** 02 नग | **निविदा खुलने की तिथि :** 09.03.2026

**नोट:** (1) उपरोक्त निविदाओं की पूरी जानकारी IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र के लिए, कृपया नियमित रूप से इस वेबसाइट का अवलोकन करें। समाचार पत्रों में अलग से कोई शुद्धिपत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **486/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T क्र 33 (E.T)/ निर्माण/ न.पा.नि/2025-26 सतना दिनांक 27.02.2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र व जारी दिनांक | टेण्ड़र क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/01 27.02.2026 | 2026_UAD _486222_1 | मरम्मत कार्य निकाय अंतर्गत समस्त पार्क में | 01 to 45 | 29,57,352/- | 50,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2 | 33/02 27.02.2026 | 2026_UAD _486224_1 | आर.सी.सी. कवर्ड नाली निर्माण अमृत कॉलोनी | 09 | 34,32,485/- | 50,000/- | 5000/- | 05 माह |
| 3 | 33/03 27.02.2026 | 2026_UAD _486225_1 | नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में (नई बस्ती) | 01 | 21,99,663/- | 44,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 4 | 33/04 27.02.2026 | 2026_UAD _486276_1 | सी.सी.सडक गली नं 07, 09 एवं 10 (पार्षद निधि ) | 38 | 21,14,479/- | 42,300/- | 5000/- | 04 माह |
| 5 | 33/05 27.02.2026 | 2026_UAD _486278_1 | सी.सी.रोड निर्माण विजडम स्कूल रोड (पार्षद निधि ) | 35 | 21,14,479/- | 42,300/- | 5000/- | 04 माह |
| 6 | 33/06 27.02.2026 | 2026_UAD _486282_1 | सी.सी. रोड निर्माण जेपी रोड विभिन्न स्थानो में (पार्षद निधि ) | 04 | 21,01,638/- | 42,100/- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | 33/07 27.02.2026 | 2026_UAD _486284_1 | नाली कव्हर विभिन्न स्थानो में | 24 | 18,78,824/- | 37,600/- | 2000/- | 04 माह |
| 8 | 33/08 27.02.2026 | 2026_UAD _486286_1 | आर.सी.सी नाली कव्हर कार्य गली 01 से 03 कश्यप नगर | 45 | 19,74,627/- | 39,500/- | 2000/- | 04 माह |
| 9 | 33/09 27.02.2026 | 2026_UAD _486296_1 | सी.सी. रोड निर्माण सिंधी कैम्प (पार्षद निधि ) | 21 | 21,12,280/- | 42,300/- | 5000/- | 04 माह |
| 10 | 33/10 27.02.2026 | 2026_UAD _486297_1 | सी.सी.रोड निर्माण विभिन्न स्थानो में पौराणिक टोला | 04 | 29,26,800/- | 50000/- | 5000/- | 04 माह |
| 11 | 33/11 27.02.2026 | 2026_UAD _486298_1 | पेवर्स रोड कार्य रामटेकरी एवं हनुमान नगर नई बस्ती (पार्षद निधि ) | 17 | 18,34,460/- | 36,700/- | 2000/- | 04 माह |
| 12 | 33/12 27.02.2026 | 2026_UAD _486299_1 | नाली व रोड मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानो में (पार्षद निधि ) | 14 | 21,16,646/- | 42,400/- | 5000/- | 04 माह |
| 13 | 33/13 27.02.2026 | 2026_UAD _486300_1 | पीसीसी रोड निर्माण मजनू का बाडा शिब्बू नेपाली एवं विभिन्न गलियो में (पार्षद निधि ) | 28 | 17,68,719/- | 35,400/- | 2000/- | 04 माह |
| 14 | 33/14 27.02.2026 | 2026_UAD _486301_1 | पेवर्स रोड कार्य बब्बू पाण्डेय से बरदाडीह चौराहे तक (पार्षद निधि ) | 05 | 13,18,927/- | 26,400/- | 2000/- | 02 माह |
| 15 | 33/15 27.02.2026 | 2026_UAD _486302_1 | सीसी सडक निर्माण शुलभ कॉम्पलेक्स के सामने गुरूमुक्त सिंह से विमल मुरारका तक | 40 | 10,68,835/- | 21,400/- | 2000/- | 02 माह |
| 16 | 33/16 27.02.2026 | 2026_UAD _486303_1 | शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 25 | 18,43,111/- | 36,900/- | 2000/- | 05 माह |
| 17 | 33/17 27.02.2026 | 2026_UAD _486305_1 | नाली निर्माण हर्ष तिवारी एडवोकेट के घर से ज्ञानाश्रम कोचिंग के पास एवं प्रभात गौतम के घर तक | 31 | 11,60,370/- | 23,300/- | 2000/- | 03 माह |
| 18 | 33/18 27.02.2026 | 2026_UAD _486306_1 | सीसी सडक निर्माण गली 10 में पार्क पास राजेन्द्र नगर (पार्षद निधि ) | 26 | 12,19,500/- | 24,400/- | 2000/- | 03 माह |
| 19 | 33/19 27.02.2026 | 2026_UAD _486307_1 | नाली निर्माण रीवा रोड से हैप्पी नर्सरी स्कूल खेरमाई रोड तक | 25 | 10,81,495/- | 21,700/- | 2000/- | 03 माह |
| 20 | 33/20 27.02.2026 | 2026_UAD _486308_1 | पार्क निर्माण कार्य | 31 | 11,15,800/- | 22,400/- | 2000/- | 03 माह |
| 21 | 33/21 27.02.2026 | 2026_UAD _486318_1 | नाली निर्माण पाण्डेय जी से विकास गर्ग एवं सुधीर निगम से प्रेम पयासी तक | 33 | 12,80,000/- | 25,600/- | 2000/- | 03 माह |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 02.03.2026 समय 15:30 से दिनांक 02.04.2026 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना म.प्र.

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - **8962086944**

**आवश्यकता है**

प्रगतिशील बायोटेक भारत की एक कृषि प्रधान कम्पनी है, जिसमें कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आयु-18-45 वर्ष, योग्यता-10वीं, स्नातक, वेतनमान-12000-18000+CTC, Room फ्री, संपर्क-9111000096, 6262959512 जॉब लोकेशन-रीवा, जबलपुर

RN-83376(7/3)

# शहरी बनने का सपना देखने वाले ग्रामीण सुविधाओं से कोसों दूर

## 250 से अधिक ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत परिषद तो बना दिया, लेकिन विकास के नहीं हुए काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में 250 से अधिक ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत परिषद तो बना दिया गया, लेकिन यहां अभी भी मूलभूत सुविधाएं वहां के वाशिंदों से कोसों दूर है। स्थिति यह है कि अब तक ऐसे दो सौ से ज्यादा नगर पंचायतों के लिए न तो सीवेज और कचरा प्रबंधन काम काम हुआ है और न वहां के विकास के लिए कोई कदम उठाए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षो में मध्यप्रदेश की 273 ग्राम पंचायतों को अपग्रेड कर नगर पंचायत परिषद का दर्जा दिया गया है। लेकिन यहां पर अभी भी सुविधाएं जस की तस हैं। इनमें सबसे अहम गांव वे हैं, जिन्हें प्रदेश के नगर निगम क्षेत्र के दायरे में लाकर वहां सेमी-अर्बन एरिया के रूप में चिन्हित किया गया है। स्थिति यह है कि इन गांवों में प्रशासनिक बदलाव के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का काफी अभाव है। ग्रामीण से शहरी ढांचा बनने की प्रक्रिया में इन क्षेत्रों में जल निष्कासी के साथ-साथ पक्की सड़कें, स्ट्रीट लाइट और शहरी नियोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं पंचायतों के अधिकार खत्म होने और नगर परिषद के अधिकार पूरी तरह से लागू न होने से वहां के विकास के काम पूरी तरह से ठप्प पड़े हुए हैं। इसी तरह इस बदलाव से वहां के नागरिकों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। क्योंकि उनसे शहरी कर वसूल किया जा रहा है।




### दूर-दराज के गांवों का विकास धीमा

मध्यप्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विशेषकर दूर दराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों की गति अपेक्षाकृत काफी धीमी है। यहां पर सड़क,पानी,बिजली जैसी समस्याओं से स्थानीय वांशिदों को हर दिन संघर्ष करना पड़ता है। हालांकि मौजूदा सरकार कृषि भवन सह गार्डन के माध्यम से विकास को गति देने का दावा भी कर रही है। सरकार ऐतिहासिक स्थलों के आसपास पर्यटकों के लिए होम स्टे जैसी योजनाए क्रियान्वित कर रही है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे है। लेकिन ऐसे गांवों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है।

### मेट्रोपॉलिटिन एरिया के गांवों को मिलेगा लाभ

मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर को दूसरे जिलों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटिन क्षेत्र के रूप में तब्दील किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ उन इन क्षेत्रों में आने वाली ग्राम पंचायतों को मिलेगा, जिन्हें नगर परिषद बनाया जाएगा। हालांकि ये ग्राम पंचायतें आबादी की मापदंड के अनुरूप होगी, यानि कि इसका लाभ बड़ी ग्राम पंचायतों को ही मिलेगा। बताया गया है कि इन क्षेत्रों की बसाहट जहां व्यवस्थित ढंग से की जाएगी,तो वहीं यातायात,सार्वजनिक यातायात, वहां की पेयजल व्यवस्था, सीवेज व कचड़ा प्रबंधन, बिजली आपूर्ति और वहां के दूसरे विकास के लिए प्रयास किए जाएं। इस दिशा में सरकार ने अपने प्रयास भी शुरू कर दिए हैं।

### नियम बदले, लेकिन विकास नहीं हुआ

पहले प्रदेश में 10 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत परिषद का दर्जा मिल जाता था। लेकिन लगभग एक दशक पहले इन नियमों में बदलाव करते हुए आबादी का मापदंड बढ़ा दिया। उसके बाद यदि किसी ग्राम पंचायत की आबादी 20 से 50 हजार के बीच होगी, तभी उन्हें नगर पंचायत में अपग्रेड किया जाएगा। इसके पीछे तत्कालीन सरकार की मंशा थी,कि शहरीकरण से गांवों को बचाया जाएगा और इसके लिए गांवों के समग्र विकास के लिए अलग से योजनाएं बनाई जाएगी। इससे उनका प्रशासनिक ढांचा भी बदल जाएगा। लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर तत्कालीन सरकार ने नियमों में बदलाव किया था, उसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। नगर पंचायत बनने की राह में खड़ी कई ग्राम पंचायतों में समस्याओं का अंबार है। मौजूदा सरकार ने इनमें से कुछ ग्राम पंचायतों को आदर्श बनाने की दिशा में काम किया है और उनके पंचायत भवन से लेकर सामुदायिक भवनों को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक पूर्ण बनाने की दिशा में योजना के एवज में राशि भी उपलब्ध कराई है, लेकिन ऐसी पंचायतों को आसानी से गिना जा सकता है।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय मंत्री

भारत ने एआई स्टैक की बुनियाद तैयार करने के बाद अब उसके उन्नत मॉडल, कंप्यूट क्षमता और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में 5 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। समिट में दुनिया भर के प्रमुख एआई खिलाड़ी शामिल हुए और अनेक स्टार्टअप्स को अपने नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 13 लाख ठगे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर निजी कंपनी के अकाउंटेंट से 13 लाख की ऑनलाइन ठगी सामने आई है। अवधपुरी पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 58 वर्षीय आदी मूलम सुरेश शिवलोक फेस-5 अवधपुरी में रहते हैं। वह निजी कंपनी में अकाउंटेंट हैं। वह शेयर मार्केट में ट्रेडिंग भी करते हैं। फरवरी 2025 में वाट्सएप पर एक मैसेज आया। उन्हें ग्रुप से जोड़ा गया। जहां अन्य लोग भी मौजूद थे। एक लाख रुपए निवेश करने पर 20 प्रतिशत मुनाफा दिखाया गया। उन्होंने एक लाख निवेश किए जो मुनाफे के साथ वापस आ गए। दो लाख रुपए निवेश करने पर 40 फीसदी मुनाफा दिखाया गया। अंत में 10 लाख रुपए निवेश करने पर 100 प्रतिशत मुनाफा था। उन्होंने 13 लाख रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद उनसे और रुपए निवेश करने को कहा गया। अकाउंटेंट ने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उनका खाता ब्लॉक कर मोबाइल नंबर बंद कर लिए और ग्रुप से उन्हें हटा दिया।

### भगोरिया उत्सव में शामिल हुए सिंघार

**विंस, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि भगोरिया उत्सव हमरी पहचान और हमारे अस्तित्व की याद दिलाता है। यह पर्व आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति भी पहचान है। सिंघार रविवार को गंधवानी में आयोजित भगोरिया महोत्सव में शामिल हुए। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी रविवार को झाबुआ प्रवास के दौरान भगोरिया उत्सव में भाग लिया। उनके साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रात भूरिया,विधायक प्रताप ग्रेवाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर पटवारी ने कहा कि आदिवासी संस्कृति,परंपराऔर उत्साह से सराबोर यह महापर्व हमारी समृद्ध विरासत की जीवंत पहचान है।

# योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को 1,500 करोड़ की सब्सिडी राशि जारी की



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की 1500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में गरीब, अन्नदाता किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य जारी है। होली व दीपावली पर लाभार्थियों परिवारों को एक-एक निशुल्क सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत देश में 10 करोड़ से अधिक लोगों को गैस कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। सीएम योगी ने इस अवसर पर दस लाभार्थी महिलाओं को स्वयं सब्सिडी राशि के प्रतीकात्मक चेक सौंपे। योगी ने कहा कि कोरोना महामारी समाप्त हुए काफी समय हो चुका है, लेकिन आज भी देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। इनमें अकेले उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं। यह सरकार की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण है। सीएम ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर के मानदेय को क्रमिक रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## बीओआई अधिकारी संघ की आमसभा आयोजित

**भोपाल।** बैंक आफ इंडिया अधिकारी संघ मप्र-छग की 48वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन भोपाल में सम्पन्न हुआ। आम सभा में संघ के आल इंडिया के अध्यक्ष राव व महासचिव नीलेश पवार मुम्बई से और अन्य पदाधिकारी नागपुर, हैदराबाद और अहमदाबाद से पहुंचे। मप्र-छग के अध्यक्ष अमित गुप्ता, महासचिव कुलदीप स्वर्णकार, बैंक के महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव और भोपाल अंचल, जबलपुर अंचल, खंडवा अंचल के आंचलिक प्रबंधक भी उपस्थित रहे। बैक आफ इंडिया सेवानिवृत्त संघ के महासचिव अभय वर्मा व अध्यक्ष ए के वत्सल, कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गिरीश जग्गी व कई बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक गण भी उपस्थित रहे। इसके अलावा मप्र-छग से 1450 से अधिक आधिकारियों ने हिस्सा लिया। आमसभा में वर्तमान चुनौतीयो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैंक में पांच दिवसीय कार्य के लिए संघर्ष करने पर चर्चा हुई और भविष्य में बैंकों के विलीनिकरण के विरुद्ध संघर्ष की बात की गई।

# भाजपा भोपाल जिला टीम घोषित 25 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी



**भोपाल।** काफी जद्दोजहद के बाद भोपाल भाजपा की जिला टीम की घोषणा रविवार को देर शाम कर दी गई। सूची में 25 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने जो सूची जारी की थी उसे होल्ड कर दिया गया था। इसके बाद वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देश पर स्थानीय विधायकों से तीन-तीन नाम मांगे गए थे। इनमें दो-दो नाम पर सहमति बनते ही सूची को अंतिम रूप दिया गया। जानकारों की मानें तो तीन दिन पहले सूची तैयार कर ली गई थी जिसे रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास भेजा गया था। सूची पर मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही रविवार देर शाम जारी कर दी गई। सूची में ८ उपाध्यक्ष बनाए गए हैं जिनमें राम बंसल, भाषित दीक्षित, राजकुमार विश्वकर्मा, भीकम सिंह बघेल, अमन ,यादव, अभय पंडित, विनय ददनानी व गुंजन चौकसे के नाम शामिल हैं । इसी तरह प्रदीप शेखावत और मुकेश राय को जिला महामंत्री बनाया गया है। सात जिला मंत्रियों में राकेश कुकरेजा, जितेंद्र अहिरवार, सरिता पिपलोदे, उत्कृष्ट नायक, योगेश वासवानी, धर्मेंद्र परिहार और संतोष हिरवे के नाम शामिल हैं। राघवेंद्र द्विवेदी को कोषाध्यक्ष व आशा पारोचे को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मुकेश लोखंडे कार्यालय प्रभारी होंगे जबकि सुमित पांडे मन की बात के प्रभारी, विश्वजीत सिंह आईटी सेल के प्रभारी और विभा गरुड़ को सोशल मीडिया की प्रभारी बनाया गया है।

### भोज विवि 15 तक देगा यूजी-पीजी कोर्स में प्रवेश

**भोपाल।** मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश देने के लिए नोटिफिकेशन में संशोधन जारी कर दिया है। प्रवेश की अंतिम तिथि को 15 दिनों की बढ़ोतरी की गई है। भोज विवि ने प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी रखी थी। अब तक यूजी और पीजी में करीब तीन हजार 900 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए थे। प्रवेश संख्या को देखते हुए भोज विवि ने जनवरी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया को 15 दिन बढ़ाते हुए अंतिम तिथि को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है। भोज विवि को यूजीसी-डीईबी से यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा स्तर के करीब 45 कोर्सों की मान्यता मिली है। जनवरी सत्र में काफी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। अभी प्रवेश की संख्या बहुत कम है।

## बीयू दस से कराएगा यूजी की परीक्षाओं के फार्म जमा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के अप्रैल के दूसरे सप्ताह में स्नातक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षाएं लेना शुरु करेगा। परीक्षा में करीब 90 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों को परीक्षाओं में शामिल करने के लिए फार्म दस मार्च से खोल दिए जाएंगे। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में परीक्षाओं का टाइम टेबिल जारी कर दिया जाएगा। बीयू को एकेडमिक कैलेंडर के मुताबिक मार्च में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं करा लेना थी, लेकिन दस मार्च से परीक्षा फार्मा खोले जाएंगे। बीयू अप्रैल में ही परीक्षा दूसरे सप्ताह से शुरु हो सकेंगी। परीक्षा एक माह विलंब से शुरु होने की वजह ओएसडी तुलसीराम दहायत का लापरवाही पूर्ण रवैया है। वे समय रहते विद्यार्थियों का त्रुटिरहित नामांकन तैयार कर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय तक नहीं भेज पाए। क्योंकि बीयू को ओएसडी दहायत द्वारा भेजे गए नामांकन के डाटा को संशोधित करने में काफी समय लगा है। बीयू ने स्नातक के प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों के नामांकन खोल दिए हैं।

# एलिफेंट कॉरिडोर में कोल ब्लॉक को दी गई खनन की अनुमति, एनजीटी ने मांगा जवाब

## नियम अनुसार कॉरिडोर की 10 किमी की परिधि में नहीं कर सकते खनन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सिंगरौली में अडानी कोयला ब्लॉक को खनन की अनुमति जारी करने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की नई दिल्ली स्थित मुख्य पीठ ने केंद्र व राज्य सरकार सहित अडानी ग्रुप और नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है। एनजीटी चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति अफरोज अहमद की युगल पीठ ने पर्यावरणविद् अजय दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अडानी कोयला ब्लॉक को सिंगरौली के अत्यंत सघन वनों में 1500 हेक्टेयर भूमि कोयला माइनिंग हेतु आवंटित कर दी गई है। भूमि को आवंटित करते हुए तमाम नियमों का दरकिनार किया गया है और इसके बाद पर्यावरणीय अनुमति प्रदान की गई है। साथ ही जिस क्षेत्र में कोयला ब्लॉक आवंटित किया गया है, उस क्षेत्र में वन विभाग की साइट सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार एलिफेंट कॉरिडोर या हाथियों का गलियारा पड़ता है, जिसकी 10 किलोमीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का खनन करने की अनुमति नहीं प्रदान की जा सकती। इसके बाद भी अडानी ग्रुप को नियमों को दरकिनार कर खनन करने की अनुमति दी जा रही है। सर्वविदित है कि अडानी ग्रुप को मई 2025 में कोयला ब्लॉक आवंटन के बाद खनन की अनुमति दी गई थी। बता दें कि जिस जगह पर खनन अनुमति जारी की गई है। वहां पहले ही मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा पूर्व में दिए गए आदेशों के बाद भी आज तक एलिफेंट कॉरिडोर अधिसूचित नहीं किया गया है। इस पर भी संज्ञान लेते एनजीटी की मुख्य पीठ ने केंद्र व नेशनल वाइल्डलाइफ वोर्ड से जवाब मांगा है।



### समिति ने चेताया क्षेत्र में सघन वन न करें कटाई

साल 2022 में केंद्र सरकार ने सिंगरौली में अडानी ग्रुप की कंपनी महान कोल एनर्जी और स्ट्रेटाटेक मिनरल्स को 1500 हेक्टेयर वन भूमि कोयला खनन के लिए आवंटित की थी। आवंटन के बाद अडानी समूह द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए केंद्र व राज्य सरकार के समक्ष आवेदन दिया गया। जिसको लेकर गठित की गई एक उच्च स्तरीय समिति ने पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के बाद अप्रैल 2024 में रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के कोयले के उत्खनन की अनुमति देना संभव नहीं लगता है, क्योंकि इस क्षेत्र में अत्यंत ही वृहद और समृद्ध वन क्षेत्र है, जिसके बीच से होकर एलिफेंट कॉरिडोर निकलता है। जहां हमेशा हाथियों की आवाजाही रहती है।

# प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा की नई टीम घोषित, 29 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने संगठन नियुक्तियों को लेकर अपनी रफ्तार बढ़ा दी है। जिलों की टीमों की घोषणा के बाद अब प्रदेश किसान मोर्च में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। 29 सदस्यीय टीम में 8 प्रदेश उपाध्यक्ष और 3 महामंत्री बनाए गए है। इस टीम में कई ऐसे चेहरे है,जिन्हें पहली बार पार्टी ने दायित्व सौंपे है। संघ की पृष्ठभूमि वाले जयपाल सिंह चावड़ा किसान मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष है। जानकारी के अनुसार शंकरलाल पाटीदार,राजेन्द्र सिंह राजपूत.मेघ सिंह गुर्जर,नारायण पटेल,विवेक शर्मा,कल्पना मर्सकोले,राजेश पंवार,लोकपालसिंह लोधी को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद का दायित्व दिया गया है। जबकि मनोज लदवे,कप्तान सिंह यादव और गोपाल कुर्मी पटले को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। संदीप रघुवंशी को किसान मोर्चे का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा संदीप रघुवंशी,अर्जुन रघुवंशी ,सुमेर सिंह सोलंकी,राजममि बघेल, राजीव पटेल,हरिनारायण यादव,सीताराम रावत,बृजेन्द्र प्रताप सिंह,अशोक पांसे को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है।

### महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा टीम का ऐलान भी जल्द

जानकारों की माने तो प्रदेश नेतृत्व जल्द ही प्रदेश महिला मोर्चा , ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा व अनुसूचित जनजाति मोर्चे की प्रदेश टीम का भी ऐलान कर देगी। ऐसा माना जा रहा है कि होली के उपरांत इन मोर्चो की नई टीम का एलान हो जाएगा। जिसे लेकर पिछले एक पखवाड़े से प्रदेश भाजपा दफ्तर में कवायद की जा रही है।

# युद्ध के कारण दुबई में फंसे पूर्व विधायक शुक्ला, बोले-सरकार सुरक्षित निकाले

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** इजराइल और ईरान युद्ध की वजह से दुबई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने उन्हें एवं शहर के ही दूसरे लोगों को सुरक्षित निकालने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि दुबई में एक शादी में शामिल होने गए इंदौर के आधा दर्जन से ज्यादा लोग फ्लाइट्स कैंसिल होने की वजह से वहां फंस गए है। जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक शुक्ला उनके पुत्र आकाश, पूर्व विधायक विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, पिंटू छावड़ा, मनीष शाहरा, गोलू पटनी और संजय अग्रवाल के अलावा दूसरे अन्य लोग दुबई में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने वहां गए थे। ये सभी लोग एक होटल में रुके हुए है,तभी इजराइल-ईरान युद्ध की वजह से फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई, जिससे ये सभी लोग इंदौर वापस नहीं लौट पा रहे है। इस संबंध में पूर्व विधायक शुक्ला ने एक वीडियों सोशल मीडिया में जारी किया है,जिसमें उन्हें ये कहते सुना गया है कि दुबई में ईरान की ओर से बम बरसाए जा रहे है। जिसकी वजह से फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई और लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि उन्हें सुरक्षित स्वदेश पहुंचने के लिए सरकार तत्काल व्यवस्था करे। शुक्ला ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट भी किया है,जिसमें उन्होंने लिखा है कि वे अपने पुत्र के साथ कुशल और सुरक्षित हैं। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से दुबई एयरपोर्ट अस्थायी रुप से बंद होने की वजह से हमारी भारत वापसी संभव नहीं हो सकी है।

### अमेरिका की गोद में बैठे हैं सुन्नी देश : खान

पूर्व अधिकारी नियाज खान ने कहा है कि अरब के सुन्नी मुस्लिम देश अमेरिका की गोद में बैठे हैं, इसलिए ईरान अरब देशों पर हमला कर रहा है, जबकि अरबों का इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध को लेकर पूर्व आईएएस ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा कि जह अमेरिका ने इजराइल की मदद की और गाजा में लोगों को मारने में साथ दिया, तब कतर अमेरिका को विमान उपहार में दे रहा था। उन्होंने कहा कि उनके विचार से इन देशों में इस्लाम से कोई लेना -देना नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### संघर्ष में हिज्बुल्लाह भी हुआ...

एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल गिराए जाने की खबर है। हालांकि सभी पायलट सुरक्षित बताए गए। बहरीन के बंदरगाह में अमेरिकी ध्वज वाले टैंकर स्टेना इम्पीरेटिव पर दो अज्ञात प्रोजेक्टाइल लगे, जिससे आग लगी, जिसे बाद में बुझा लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक ३,000 से अधिक बम गिराए गए और 1,२00 से ज्यादा ठिकाने निशाने पर रहे। पहले दिन एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत और 45 के घायल होने की खबर है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

**भारत-पाकिस्तान में प्रदर्शन, सुरक्षा कड़ी:** खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षा बलों ने आंसू गैस और लाठीचार्ज किया गया और कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। पाकिस्तान के कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में भी अमेरिकी ठिकानों के बाहर प्रदर्शन हुए। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसा में 35 लोगों की मौत की खबर है। गिलगित-बाल्टिस्तान में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और सरकारी इमारतों को नुकसान पहुंचाया गया; फायरिंग में सात प्रदर्शनकारियों की मौत बताई गई।

**इतिहास का सबसे सटीक और घातक हवाई ऑपरेशनः पेंटागनः** अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीधे आदेश पर 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' शुरू किया गया। यह इतिहास का सबसे घातक, जटिल और सटीक हवाई अभियान है।' उनका कहना था कि '47 वर्षों से तेहरान का विस्तारवादी इस्लामी शासन अमेरिका के खिलाफ परोक्ष युद्ध छेड़े हुए था- अब हमने रेखा खींच दी है।' हेगसेथ ने कहा है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में इसे समाप्त करेंगे।' वहीं, ट्रंप ने संकेत दिया कि यह 'कभी न खत्म होने वाला युद्ध' नहीं होगा, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी-'अगर आप कहीं भी अमेरिकियों को मारेंगे या धमकी देंगे, तो हम बिना हिचक जवाब देंगे।'

### छह विभागों की 16 योजनाओं...

को आधुनिक स्वरूप में बढ़ावा देते हुए लगभग एक लाख केज स्थापित किये जायेंगे। इसी तरह मछुआ समृद्धि योजना को आगामी 2 वर्ष, वर्ष की निरंतरता के लिए 200 करोड़ रूपये की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

**3 हजार 502 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाए स्वीकृतः** झक्कमंत्रिपरिषद ने बैठक में इस बात पर जोर दिया कि किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने और राज्य में कृषि का विकास करने के लिए जो प्रयास सरकार द्वारा किए जा रहे है,उसे और मजबूती से जारी रखा जाए।

इसके लिए कैबिनेट ने 500 करोड़ से कम वित्तीय आकार की 20 परियोजनाओं को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर जारी रखने जाने की स्वीकृति दी है। इसके लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैबिनेट ने सहकारी बैंकों की माली हालत सुधारने और उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए अगले 5 साल तक के लिए 1 हजार 975 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना के लिए 3 हजार 909 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी दी गई है।

### पाकिस्तानः हर खिलाड़ी पर...

लगभग एक महीने की सैलरी कटेगी, जबकि सी और डी कैटेगरी के खिलाड़ियों को दो से तीन महीने की सैलरी के बराबर राशि देनी पड़ेगी। पीसीबी अधिकारियों ने साफ किया है कि आगे से आर्थिक लाभ केवल प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा।

**बैठक** — सीएम एकाएक पहुंचे पुलिस कमिश्नर कार्यालय, कानून व्यवस्था को लेकर अफसरों की ली बैठक

# सतर्कता, समन्वय और प्रभावी निगरानी के दिए निर्देश

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव रविवार रात करीब सवा आठ बजे पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। त्यौहारों के मद्देनजर उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेशभर के अफसरों को अहम दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के आईजी और एसपी जुड़े। सभी जिलों में सतर्कता, समन्वय और प्रभारी निगरानी के लिए निर्देश दिए। सीएम यहां पर करीब पौन घंटे रुके और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। सीएम ने दो टूक में कहा कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी तरह का कोई कंप्रोमाइज ना करें। होली का त्यौहार सभी अच्छे से मनाएं। मध्य प्रदेश शांति का टापू है। होली का त्यौहार भी सभी मिलकर अच्छे से मनाएं। मेरी ओर से होली की सभी को बधाई और शुमकामनाएं। सीएम ने कहा कि आगामी सभी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मैदानी अफसरों की बैठक ली है। मैदानी अफसर डटकर अपनी ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि मैं पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हूं। पुलिस ने अच्छा काम करते हुए नक्सलवाद को खत्म किया है। आगे भी पुलिस अपनी ड्यूटी पूरी तन्मयता से निभाएगी। बैठक के दौरान एसीएस मुख्यमंत्री सचिवालय नीरज मंडलोई, डीजीपी कैलाश मकवाणा, एडीजी इंट एस साईं मनोहर, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सिंह, एडिशनल सीपी अवधेश गोस्वामी समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।



### त्योहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्योहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्योहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, ताकि कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को आगामी सभी त्योहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की। इस मौके पर सीएम ने निर्देश दिए कि त्योहारों के चलते विशेष निगरानी और ऐहतियात बरती जाए। पुलिस सूचना-तंत्र को और भी अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें।

### कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक बिना किसी बाधा के अपने-अपने पर्व आनंदपूर्वक मनाएं। शासन-प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा में तत्पर होकर तैनात है। डॉ. यादव ने कहा कि त्योहारों के समय बेहद सतर्क रहें। हर घटना-दुर्घटना पर बारीक नजर बनाएं रखें। जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करें। समाज के अच्छे और प्रभावशाली लोगों को शांति समिति में लेकर आए। उन्होंने कहा कि सभी एसपी अपने पुलिस कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाएं। हर हाल में सुव्यवस्था बनी रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ने कहा कि आगामी दिनों में वे प्रदेश के पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। पुलिस थानों के कार्य-व्यवहार और पब्लिक फीडबैक के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सजगता और सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि कानून- व्यवस्था के संबंध में जो भी कार्रवाई हो, वह पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए सभी परीक्षा केन्द्रों और हॉस्टल्स पर निगरानी रखें।

# 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' करेगी ईरान के सुप्रीम लीडर का चुनाव


ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताने के लिए लोग तेहरान के एक चौक पर इकट्ठा हुए। अयातुल्ला खामेनेई यूएस और इजराइल के जॉइंट स्ट्राइक में मारे गए थे।

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद संविधान में 'सर्वोच्च नेता' का पद बनाया गया, जो देश का सबसे ताकतवर पद है। सुप्रीम लीडर सेना के सर्वोच्च कमांडर होते हैं, न्यायपालिका प्रमुख की नियुक्ति करते हैं, गार्जियन काउंसिल के आधे सदस्यों को नामित करते हैं और युद्ध या शांति की घोषणा का अधिकार रखते हैं। राष्ट्रपति के चुनाव के बाद नियुक्ति पत्र भी उन्हीं की ओर से जारी होता है।

संविधान के अनुच्छेद 111 के अनुसार, सुप्रीम लीडर की मृत्यु के बाद नए नेता के चयन तक तीन सदस्यीय अंतरिम परिषद—राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल के एक न्यायविद—अस्थायी जिम्मेदारी संभालते हैं। हालांकि उनके अधिकार सीमित होते हैं। नए सुप्रीम लीडर का चुनाव 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' करती है, जिसके सदस्य हर आठ साल में चुने जाते हैं। बैठक वैध होने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की मौजूदगी जरूरी है और चयन के लिए भी दो-तिहाई बहुमत चाहिए। उत्तराधिकार की दौड़ में मुजतबा खामेनेई का नाम प्रमुख है। इसके अलावा अली रजा अराफी और हसन खुमैनी जैसे नाम भी चर्चा में हैं। अंतिम फैसला असेंबली की बैठक में होगा।

- **यूके बेस पर दागे दो मिसाइल:** ईरान ने साइप्रस की दिशा में दो मिसाइल दागे हैं। साइप्रस में ब्रिटेन के सैन्य अड्डे मौजूद हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि ये मिसाइल सीधे ब्रिटिश ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागे गए थे, लेकिन इससे यह साफ होता है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई बिना भेदभाव के हो रही है।
- **ब्रिटेन की चेतावनी:** रक्षा मंत्री ने ईरान से अपील की कि वह अपने अनियंत्रित और बिना भेदभाव वाले हमले बंद करे और अपने हथियार कार्यक्रमों को छोड़ दे। उन्होंने कहा कि हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं, इसलिए क्षेत्रीय स्थिरता जरूरी है।
- **अमेरिका की एडवायजरी:** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए आधिकारिक ट्रेवल एडवाइजरी जारी की है। ट्रंप प्रशासन ने एडवाइजरी में अमेरिकी नागरिकों को दुनिया के 21 देशों की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। इन देशों में रूस, यूक्रेन, लीबिया, बुर्किना फासो जैसे देश शामिल हैं, हालांकि इनमें भारत-पाकिस्तान का नाम नहीं है।

### खामेनेई की मौत 'क्रूरहत्या': पुतिन, चीन ने की युद्धविराम की मांग

रूस ने प्रतिक्रिया देते हुए खामेनेई की मौत को क्रूर हत्या करार दिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद को भेजे शोक संदेश में कहा कि सुप्रीम लीडर की हत्या अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। उधर, चीन ने भी पूरे घटनाक्रम पर सख्त रुख अपनाया है। विदेश मंत्री वांग यी ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से टेलीफोनिक बातचीत में कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमले अस्वीकार्य हैं, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता चल रही थी। किसी संप्रभु देश के नेता की हत्या और वहां की जनता को सत्ता परिवर्तन के लिए उकसाने जैसी कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सिरे से खारिज करना चाहिए।

### प. एशिया में हमलों के दौरान मौतों की संख्या

*अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद ईरान, इजराइल और कई अरब देशों में लगातार धमाकों की आवाजें सुनी जा रही हैं। इस दौरान 10 देशों में मौतों और घायलों का विवरण, जिसकी पुष्टि की गई है।*




## 10-12 रु. बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के भाव, सोना होगा 1.90 लाख के पार

- जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो भारत में तेल शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है असर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। अगर ये जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90 फीसदी तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50 फीसदी क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।




**फिर छलांग लगाएंगे सोना-चांदी:** कमोडिटी एक्सपर्ट के मुताबिक सोना 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 2.67 लाख रुपए किलो है जो बढ़कर 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध के समय निवेशक सोने को सुरक्षित मानते हैं।

**शेयर बाजार में दिखेगी गिरावट:** शेयर बाजार में 1-1.5 फीसदी की गिरावट आ सकती है। आज सेंसेक्स 1300 और निफ्टी 300 अंक तक गिर सकता है। युद्ध हालात में निवेशक बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित जगह निवेश करते हैं।

### होर्मुज बंद हुआ तो ईरान को भी नुकसान

ईरान के पास सबसे बड़ा 'जियोपॉलिटिकल हथियार' होर्मुज स्ट्रेट को बंद करना है। इससे वो पूरी दुनिया की इकोनॉमी पर दबाव बना सकता है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ईरान की अपनी इकोनॉमी भी तबाह हो सकती है, क्योंकि वह खुद अपना तेल एक्सपोर्ट नहीं कर पाएगा। इसके अलावा, ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है।

## 11 साल की उम्र में मौलवी, संविधान बदलकर रहबर बने खामेनेई



**19 अप्रैल 1939।** ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर मशहद। एक मौलवी सैयद जावेद खामेनेई के घर अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई का जन्म हुआ। वे 8 भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे। 4 साल की उम्र में खामेनेई को मकतब भेजा गया, जहां उन्होंने कुरान, अरबी और इस्लामी तालीम हासिल की।

अयातुल्लाह अली खामेनेई अपनी किताब 'सेल नम्बर 14-द ऑटोबायोग्राफी ऑफ अयातुल्लाह खामेनेई' में लिखते हैं, 1950 के दशक में मेरा दाखिला मशहद के एक नए इस्लामी स्कूल में हुआ। मुझे क्लास में सबसे आगे की सीट पर बैठाया जाता था। मैं मैथ्स और इंग्लिश में अच्छा था और ब्लैकबोर्ड पर लिखे हर सवाल का जवाब सुलझा देता था। एक बार स्कूल में प्रोग्राम हुआ, जिसमें मैंने कुरान की आयतें पढ़कर सुनाईं।

मेरी जमकर तारीफ हुई और फिर मैंने अपने पिता की तरह मौलवी बनने की राह चुनी। इसके बाद वो ईरान के कोम शहर में गए, जहां उन्होंने अयातुल्लाह रूहोल्लाह खामेनेई से तालीम ली और 11 साल की कम उम्र में ही मौलवी बन गए। 1960 के दशक में खामेनेई पर ईरान के धर्मगुरु रुहोल्ला खोमैनी का गहरा असर हुआ। खामेनेई ईरान के शासक की नीतियों और 1963 में व्हाइट रिवोल्यूशन के खिलाफ खड़े हो गए थे, जिसके तहत ईरान को पश्चिमी देशों की तरह डेवलप करना था। खामेनेई को लगता था कि यह इस्लाम और ईरानी संस्कृति के खिलाफ है। खामेनेई ने मशहद की एक मस्जिद में कहा, शाह का शासन इस्लाम और लोगों के खिलाफ है। हमें अपने धर्म और देश की हिफाजत करनी होगी। खामेनेई को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इससे वे युवाओं और शाह के खिलाफ आंदोलनों में मशहूर हो गए। 1970 का दशक आते-आते खामेनेई राजनीति में माहिर हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्टी को खत्म करने की कोशिश की गई : केजरीवाल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। इसे राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। मुझ पर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और भाजपा के लिए करारा जवाब है।

### दीया विज बनी न्यूयॉर्क में सांस्कृतिक आयुक्त



**न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन।** भारतीय मूल की क्यूरेटर दीया विज को न्यूयॉर्क सिटी के सांस्कृतिक अफेयर का अगला कमिश्नर नियुक्त किया गया है। यह विभाग अमेरिका में कला के लिए सबसे बड़ा नगर निगम फंडिंग संस्थान माना जाता है। 40 वर्षीय दीया विज इस पद पर पहुंचने वाली दक्षिण एशियाई मूल की पहली व्यक्ति बन गई हैं। भारतीय प्रवासी परिवार में जन्मी और कनेक्टिकट के ट्रंबुल शहर में पली-बढ़ीं विज वर्तमान में ब्रूकलिन में रह रही हैं। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्हें 'दूरदर्शी और गहराई से सोचने वाली नेता' बताया। मेयर ने कहा कि विज के नेतृत्व में शहर यह सुनिश्चित करेगा कि कलाकार न्यूयॉर्क में रहकर सृजन कर सकें और हर बोरो के नागरिक कला की ऊर्जा और प्रेरणा का अनुभव कर सकें।

### भूकंप के झटके से कांपी जम्मू-कश्मीर की धरती

**डोडा, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। भूकंप के झटके से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई और कई लोग घरों से बाहर निकल आए। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप रविवार रात 1 बजकर 25 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 5 किलोमीटर नीचे 33.08 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इससे पहले, शुक्रवार 27 फरवरी को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 थी। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश था। नेपाल में भी शुक्रवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई थी।

### सुनेत्रा की पकड़ मजबूत शरद पवार हुए किनारे



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार ने गुरुवार को स्वर्गीय पति अजित पवार की जगह एनसीपी अध्यक्ष का पद संभाला, तो साफ हो गया कि एनसीपी और एनसीपी (शरद) के ग्रुप शायद ही मतभेदों को सुलझाकर मर्जर की तरफ कोई बड़ा कदम उठाएंगे। यह कहकर कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति ने 'सुनेत्रा पर्व (युग)' की शुरुआत की है, पार्टी के बड़े नेताओं का दावा है कि उन्होंने यह मैसेज दिया है कि वे शरद ग्रुप के 'खींचने और दबाव' में 'झुकेंगे' नहीं। इसके बजाय, सुनेत्रा शर्तों पर संगठन चलाएंगी और अजित की विरासत, विचारधारा को आगे बढ़ाएंगी। मुंबई में सुनेत्रा ने अध्यक्ष के तौर पर कार्यकर्ताओं के बीच पहला भाषण सिंपल रखा, अजित के मकसद को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा किया।

### फंसे लोगों का होटल खर्च देगी यूएई सरकार



**अबूधाबी, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और उड़ानों में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बीच अबू धाबी के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने अमीरात के सभी होटलों को निर्देश दिया है कि वे यात्रा प्रतिबंधों के कारण फंसे मेहमानों को अपना ठहराव बढ़ाने की अनुमति दें। सरकार खर्च वहन करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को होटलों के महाप्रबंधकों को जारी एक परिपत्र में विभाग ने कहा कि कुछ आगंतुक अपनी निर्धारित चेक-आउट तिथि पर पहुंच गए थे, लेकिन अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण होटल छोड़ने में असमर्थ हैं। बताया जा रहा है कि यह निर्देश मध्य पूर्व में बढ़े हुए क्षेत्रीय तनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसने उड़ान संचालन को बाधित कर दिया है और क्षेत्र के कुछ हिस्सों में यात्रा पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिए हैं।

## तमिलनाडु में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

### देश के विकास में तमिलनाडु का अहम योगदान: पीएम



**चेन्नई, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया।

इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को बोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

**तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में, अपराध बढ़ रहे:** पीएम मोदी ने कहा कि आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं। उन्हें याद आता है कि अम्मा के समय उनका जीवन कितना बेहतर था।

**कुछ लोग सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं- मोदी:** कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं। जब वे एनडीए की विशाल रैली देखेंगे, तो उनके सपने बुरे सपने में बदल जाएंगे। लोग जानते हैं कि ये चुनाव राज्य के लिए निर्णायक मोड़ हैं। मैं देख सकता हूं कि तमिलनाडु ने अपना मन बना लिया है। जनता ने फैसला कर लिया है।

#### भगवान मुरुगन के दर्शन करके दिव्य अनुभूति प्राप्त की: मोदी

यहां आने से पहले, मैं तिरुपरनकुंड्रम गया था और भगवान मुरुगन के दर्शन करके दिव्य अनुभूति प्राप्त की। मैंने तमिलनाडु और पूरे देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उसी समय मेरा हृदय भारी हो गया और मुझे उस युवा भक्त की याद आ गई जिसने अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज मैं उनकी पत्नी और उनके दो छोटे बच्चों से मिला। मुझे उनका दुख महसूस हुआ और मैंने उन्हें अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मैं प्रार्थना करता हूं कि भक्त की आत्मा को भगवान मुरुगन के चरणों में शांति मिले।

## एएआईबी की जांच में खुलासा: पेड़ों से टकराया फिर जमीन पर गिरा विमान



**मुंबई, जेएनएन।** बारामती विमान हादसे में महाराष्ट्र के दिग्गज नेता अजित पवार की मौत हो गई थीं। उनकी मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस बीच जांच में शामिल एजेंसियों ने अब तक हुए कामों और शुरुआती निष्कर्षों पर विस्तृत अपडेट जारी किया है। इस जांच का मकसद दुर्घटना के असली कारण और सहायक वजहों के बारे में जानने का है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बारामती एक अनकंट्रोल्ड एयरफील्ड है, जहां कोई नेविगेशनल एड्स नहीं हैं, सिवाय विंड सॉक्स के। विमान के मलबे की जानकारी भी रिपोर्ट में शामिल है, जिसमें दिखाया गया है कि विमान पहले पेड़ से टकराया और फिर जमीन पर गिरा। एएआईबी की रिपोर्ट में जांच की प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी गई है। फ्लाइट डेटा रेकॉर्डर से डेटा डाउनलोड कर लिया गया है और उसका विश्लेषण जारी है।

### 21 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी किए गए डिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि रविवार तड़के असम से बांग्लादेश के 21 अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेज दिया गया। इनमें बच्चे भी शामिल थे। सीएम हिमंत ने सरमा ने कहा आधी रात की कार्रवाई। ठीक 12.30 बजे, हमेशा सतर्क रहने वाली श्रीभूमि पुलिस की बदौलत 21 अवैध प्रवासियों को वापस भेज दिया गया। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि जब ज्यादातर लोग सो रहे थे, तब हमारी पुलिस देश के लिए रात भर जागकर ड्यूटी कर रही थी। कर्तव्य पुकारता है तो नींद का इंतजार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री द्वारा साझा की गई दो तस्वीरों में अवैध प्रवासियों के बीच सात बच्चे दिखाई दे रहे हैं।

## न्याय वितरण प्रणाली में बार और बेंच एक-दूसरे के पूरक: सीजेआई



**नई दिल्ली।** तिरुपति में जिला अदालत परिसर की आधारशिला रखते हुए चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने न्याय प्रणाली में बार (वकीलों) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्याय केवल न्यायाधीशों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि बार और बेंच इस प्रणाली के दो अपरिहार्य अंग हैं। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि बार और बेंच विरोधी नहीं, बल्कि एक ही संस्था के दो हाथ हैं। उन्होंने कहा, बार न्याय वितरण प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है और इसे अलग नहीं किया जा सकता। लोग अक्सर सोचते हैं कि न्याय केवल बेंच की जिम्मेदारी है, लेकिन यह एक मिथक हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि एक मजबूत बार बेहतर वकालत को जन्म देती है, जो जजों को गहराई से सोचने और स्पष्ट निर्णय लिखने के लिए प्रेरित करती है।

#### अदालत की तुलना अस्पताल से की

सीजेआई ने अदालतों की तुलना अस्पतालों से करते हुए कहा कि जैसे मरीज अस्पताल में खुद को सुरक्षित महसूस करता है, वैसे ही अदालत में आने वाले वादी को भी यह भरोसा होना चाहिए कि उसे न्याय मिलेगा। उन्होंने शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या का हवाला देते हुए राज्य सरकारों से अपील की कि वे ऐसा न्यायिक बुनियादी ढांचा तैयार करें जो अगले 50 से 100 वर्षों की जरूरतों को पूरा कर सके।

## मैं दुबई नहीं भारत में हूं: नोरा



मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। इसी बीच बॉलीवुड की स्टार डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही को लेकर भी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा थी। कई फैंस को लगा कि वो भी उन सितारों में शामिल हैं जो इस वक्त दुबई में फंसे हुए हैं। इन अफवाहों और चिंताओं पर विराम लगाते हुए नोरा फतेही ने एक वीडियो पोस्ट किया है। नोरा ने साफ किया है कि वह सुरक्षित हैं और भारत में हैं, लेकिन युद्ध के विजुअल्स देखकर बुरी तरह परेशान हैं। नोरा फतेही ने लोगों से एकजुट होने को कहा है और बोलीं कि शांति ही एकमात्र रास्ता है। नोरा फतेही ने अपने वीडियो की शुरुआत में उन लोगों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उनके हाल-चाल जानने के लिए मैसेज किए थे। लेकिन जो चीजें हो रही हैं, उनसे मैं पूरी तरह से डिस्टर्ब हूं। जो विजुअल्स सामने आ रहे हैं, उन्होंने मुझे अंदर तक हिला दिया है। हम सब बस दुनिया में शांति चाहते हैं। यह बहुत दुखद है कि हम लगातार डर के साये में जी रहे हैं और नहीं समझ पा रहे हैं कि आगे क्या होगा। नोरा ने युद्ध की स्थिति को केवल जमीन की लड़ाई नहीं, बल्कि एक मानसिक और आध्यात्मिक युद्ध बताया। उन्होंने कहा, चीजें अभी और बिगड़ेंगी और हम सत्ता का एक बड़ा बदलाव देखेंगे। अफसोस की बात यह है कि इसकी कीमत मासूम लोगों को चुकानी पड़ती है।

**संकट** ईरान-इजरायल युद्ध के बीच मिसाइल और धमाकों से बेजार हुईं कई जिंदगियां

## पश्चिम एशियाई देशों में फंसे 80 लाख से ज्यादा भारतीय

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में हालात बेकाबू हो गए हैं। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी मारे गए हैं। इसके बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई है। उसने पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों की मेजबानी करने वाले लगभग हर देश पर मिसाइलें दागी हैं। ऐसे में पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लिए भी खतरा बढ़ गया है। मध्य पूर्व में कितने भारतीय रहते हैं, जिन पर खतरा मंडरा रहा है।

**संयुक्त अरब अमीरात:** पश्चिम एशिया में सबसे ज्यादा भारतीय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहते हैं। 2025 के आंकड़ों के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 35 से 43 लाख के बीच है, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है।



**सऊदी अरब:** पश्चिम एशिया में दूसरी सबसे बड़ी भारतीय आबादी सऊदी अरब में रहती है। 2026 के आंकड़ों के अनुसार, सऊदी अरब में लगभग 24 से 25 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रह रहे हैं। यह सऊदी अरब का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है, जो देश की कुल आबादी का लगभग 10-13 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। मुख्य रूप से ये लोग विनिर्माण, स्वास्थ्य, निर्माण और आईटी क्षेत्रों में काम करते हैं।

**कुवैत में 10 लाख भारतीय :** भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी कुवैत में रहती है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय में कुवैत में रहने वाले भारतीय प्रवासी और भारतीय मूल या वंश के कुवैती नागरिक शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2023 तक लगभग 10 लाख से अधिक भारतीय थे। इनकी संख्या अब काफी बढ़ चुकी है।

### चौथी सबसे बड़ी आबादी कतर में

भारतीयों की चौथी सबसे बड़ी आबादी कतर में रहती है। कतर में भारतीयों की संख्या वर्तमान में 8.3 लाख (8,36,784) से अधिक होने का अनुमान है। कतर की कुल आबादी का लगभग 21 प्रतिशत से 25 प्रतिशत हिस्सा हैं। कतर में भारतीय डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट और शिक्षक जैसे पेशों में कार्यरत हैं। इजरायल में वर्तमान में भारतीय मूल के लोगों और भारतीय नागरिकों की कुल संख्या लगभग लगभग 18,000 से 42,000 के बीच अनुमानित है। अगस्त 2025 तक लगभग 20,000 भारतीय श्रमिक इजरायल में कार्यरत थे। जॉर्डन में लगभग 17,000 से 17,500 के बीच भारतीय नागरिक निवास करते हैं। अधिकांश भारतीय कपड़ा कारखानों, निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

**10 हजार भारतीय रहते हैं ईरान में:** सरकारी अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में ईरान में लगभग 9,000 से 10,765 भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं। इनमें एक बड़ी संख्या छात्रों (विशेषकर लगभग 2,000 मेडिकल छात्र), नाविकों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों की है।

## अनुशासित जीवनशैली से धीमी की जा सकती उम्र बढ़ने की प्रक्रिया

**भोपाल।** राजधानी में आयोजित इंडियन मीनोपॉज सोसाइटी की तीन दिवसीय वार्षिक कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस समागम के अंतिम दिन चिकित्सा जगत के दिग्गजों ने न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य, बल्कि बेहतर जीवनशैली और वित्तीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। समापन दिवस के साइंटिफिक सेशन में चिरायु अस्पताल के एमडी डॉ. अजय गोयनका ने रिवर्सल ऑफ एजिंग और स्टेप्स टू 100 विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि आधुनिक चिकित्सा और अनुशासित जीवनशैली के समन्वय से न केवल उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है, बल्कि 100 वर्ष की आयु तक स्वस्थ और सक्रिय जीवन भी जिया जा सकता है। वहीं, डॉ. बीना टंडन ने चिकित्सकों के लिए वित्तीय साक्षरता और स्वास्थ्य बीमा की अनिवार्यता पर सत्र लेकर उन्हें भविष्य के प्रति जागरूक किया।

#### वैक्सीन के लिए करेंगे जागरूक

कॉन्फ्रेंस का आकर्षण पब्लिक फोरम रहा, जिसमें नेशनल हेल्थ मिशन की एमडी डॉ. सलोनी सिडाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए एचपीवी वैक्सीन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# होली पर्व को लेकर प्रशासन सख्त, पुलिस एवं राजस्व अमले ने निकाला संयुक्त फ्लैग मार्च



**जागरण, पवई ।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार की शाम पवई नगर में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया गया तथा असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी भी दी गई। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओपी भावना दांगी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार त्रिलोक सिंह, थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार सहित थाना पवई, थाना सुनवानी, थाना शाहनगर एवं थाना सिमरिया का पुलिस बल शामिल रहा। संयुक्त दल ने नगर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च करते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली जैसे पारंपरिक एवं उल्लासपूर्ण पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने अथवा कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक पर्व के दौरान शांति, सौहार्द और सामाजिक मर्यादाओं का पालन करें। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे उत्साह में आकर कोई ऐसा कृत्य न करें जिससे दूसरों को असुविधा हो या विवाद की स्थिति निर्मित हो। एसडीएम समीक्षा जैन ने भी आमजन से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यदि किसी को किसी प्रकार की आशंका या शिकायत हो तो तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। फ्लैग मार्च के दौरान नगर में पुलिस की मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा का भाव दिखाई दिया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया कि होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और शांति भंग करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# नाबालिग के साथ बलात्कार

**पन्ना ।** कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय, पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी, एडीपीओ के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, अभियोजन का पक्ष संक्षेप में इस प्रकार है कि, फरियादी दिनांक 18.06.2024 को दिन में करीब 1.00 बजे फरियादी बकरियां चराने चला गया था, उसकी पत्नी घर पर थी एवं उसकी छोटी लड़की भी घर पर ही थी। जब पर बकरियां चराकर एक घंटे बाद घर वापस पहुंचा तो पीड़िता घर पर नहीं थी। उसने अपनी पत्नी से पूंछा तो उसने बताया कि अमानगंज बाजार सब्जी लेने गई है। जब शाम 5.00 बजे तक बच्ची वापस नहीं आई तो वह भी अमानगंज आ गया और अपनी बच्ची को तलाशता रहा, लेकिन उसकी बच्ची नहीं मिली। घर जाकर आसपास रिश्तेदारियों में पता किया, किन्तु उसकी बच्ची का कहीं पता नहीं चला। फरियादी के द्वारा थाना अमानगंज में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई। पीड़िता को दस्तयाब किया गया, उससे पूंछताछ कर उसके कथन अंकित किये गये,पीड़िता के कथनों के आधार पर धारा-366, 376(3), 376(2) (एन), 506 भा0दं0सं0 एवं धारा, 3/4, 5एल/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। विवेचक ने अन्य अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध धारा-363, 366, 376(3), 376 (2) (एन), एवं धारा 3/4, 5एल/6 पॉक्सो एक्ट, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी रामकिशोर उर्फ आकाश सपेरा के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान भी अरविंद कुमार शर्मा विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी श्री मानवेन्द्र सिंह द्वारा की गई।

# न कर्मचारी न स्वास्थ्य सुविधा, उप स्वास्थ्य बिसानी केन्द्र के हाल बेहाल




**जागरण, पन्ना ।** शाहनगर विकासखंन्ड के शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र बिसानी में मरीजों और परिजनों की मदद के लिये बनाई गई व्यवस्था पूरी तरह बिफल साबित हो रही है जबकी शासन की ओर से यह उप स्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक यानी एनक्वास प्रमाणीकरण से सम्मानित किया जा चुका है बिसानी उप स्वास्थ्य केन्द्र मे केवल दो लोगों का स्टॉप मौजूद है जबकी शासन की सबसे महत्वपूर्ण जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित रखना महिलाओं की प्रसव सुविधा के लिये केवल बिसानी ही डिलेवरी प्वांट बनाया गया है जहां 37गांव की महिलाओं की डिलेवरी कराई जाती है जहां केवल 1एएन दो गांव बिसानी और अमला दोनो को संभालती है हालात यह है की कभी कभी टीकाकरण या अन्य कार्यों केलिए मजबूरन स्वास्थ्य केन्द्र पर ताला भी लटकाना पडता है ।

## अप्रैल 2026 से बनी समस्या से विभाग उदसीन

ऐसा नही है की यह समस्या किसी से छुपी हुई है तत्कालीन सीएचओ निशि विश्वकर्मा के जबलपुर स्थानांतरण होने के बाद 10महीने हो गये स्थ्ती पर कोई सुधार नही कराया गया और एक एन एम ही अपने दायित्वों का पालन कर रही है ।

## सीएचओ की नियुक्ति पर नहीं की गयी ज्वाइनिंग

शासन के निर्देशानुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र बिसानी मे नियुक्ती तो की गयी पर आज दिनांक तक सीएचओ ने ज्वाइनिंग नही की । पर्याप्त मात्रा मे दवाई और मूलभूत सुविधा - उप स्वास्थ्य केन्द्र बिसानी मे पर्याप्त मात्रा मे दवाईयों का स्टाक शौचालय एवं पेयजल भी की सुविधाये पर स्टाप की कमी के कारण लोग परेशान देखे जा रहे है ।

**इनका कहना है :** जल्द ही दूसरे सीएचओ की व्यवस्था बिसानी उपस्वास्थ्य केन्द्र मे कराई जायेजे स्टाप की कमी तो जिला ही नही पूरे ब्लाकों मे पर व्यवस्था बिसानी उप स्वास्थ्य केन्द्र पर जरूरी है जो तत्काल कराई जायेगी।

**डॉ आर पी तिवारी**

# शादी के लिये लड़की देखने जा रहे युवक की बाइक हुई अनियंत्रित, दो घायल, एक की हालत गंभीर

**जागरण, पन्ना ।** थाना शाहनगर थानाक्षेन्तार्गत कचौरी से मैहर मार्ग पर अलौनी नदी के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से उसमे सवाल दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गये हादसे मे एक की हालत गंभीर बनी हुई है जानकारी के मुताबिक फरियादी रामनरेश यादव 23वर्ष निवासी सलैयाफेरन सिंह बोरी चौकी ने बताया की मेरे चचेरे भाई शिवप्रताप यादव पिता नरेश यादव 23वर्ष निवासी सलैया फेरन सिंह अपने चचेरे भाई सोनु यादव पिता छन्नु यादव 22 वर्ष निवासी सलैया फेरन सिंह के साथ मैहर जिले के गढवा गाव मे शादी के लिये अपने चचेरे भाई शिवप्रताप के लिये लडकी देखने जा रहे थे हम सभी लोग अलग अलग मोटरसाइकिल मे सवार होकर आगे पीछे जा रहे थे पीछे शिवप्रताप एवं सोनु यादव एक मोटरसाइकिल पर थे कचौरी गांव के बाहर निकलते ही अलौनी नदी के मोड पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गयी और दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये फिर 108वाहन की मदद से शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां सीएचओ अमन खॉन ने प्राथमिक इलाज पश्चात शिवप्रताप यादव की हालत मे सुधार न होने पर कटनी रेफर कर दिया गया जबकी सोनु यादव की हालत स्थिर बताई गयी है।

# होली के अवसर पर अमानक खोवा तथा पनीर की आवक लगातार जारी

**जागरण, पन्ना ।** पन्ना नगर में प्रतिदिन सैकड़ो कुंटल खोवा और पनीर बेधड़क बांदा की ओर से आ रहा है उक्त खोबा कानपुर महोबा तथा बांदा से पन्ना जिले के लिए सप्लाई किया जाता है पन्ना जिले के अजयगढ़ देवेंद्र नगर सहित अन्य स्थानों तक उक्त अमानक खोबा एवं पनीर पहुंच रहा है जिससे लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है साथ ही महंगे दामों पर पनीर एवं मिठाइयां लोगों को बेची जा रही है बताया जाता है कि चार पहिया वाहन से प्रतिदिन पनीर एवं खोवा की खेप आती है जो चिन्हित होटल संचालकों को देकर वापस चली जाती। हैं। पूर्व में खाद्य विभाग की टीम द्वारा इंद्रपुरी कॉलोनी में भारी मात्रा में नकली घी बरामद किया था तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अनेक होटल में अमानक खोबा एवं पनीर जप्त किया था तथा उनके खिलाफ सैंपलिंग की कार्यवाही की थी बाद में उनके ऊपर जुर्माना भी हुआ इस प्रकार से अमानक कारोबार लगातार चल रहा है खाद विभाग की टीम सिर्फ होटल संचालकों से अपना कमीशन तय किए हुए हैं और कोई कार्रवाई नहीं करते आम लोगों के स्वास्थ्य को नकली खाद्य पदार्थ बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं स्थानीय लोगों ने इस प्रकार के कारोबार पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# शाहनगर टीआई ने ग्रामिणों के साथ मिलकर किया जनसंवाद



**जागरण, पन्ना ।** शाहनगर कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत शाहनगर टीआई परशुराम डाबर ने शाहनगर विकासख ?न्ड के टूणा में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और पुलिस की तरफ से सायबर अपराध, महिला अपराध, सामाजिक कुरीतियों की जानकारी दी। ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज में जागरुकता फैलाएं। साथ ही नाबालिगों के वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणाम, सडक् दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि, शादी-विवाह के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने से उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को इन बुराइयों से दूर रहने एवं सतर्कता बरतने की समझाइश दी गई।

## कलेक्टर ने जिले में तहसीलदारों की किए स्थानांतरण, सुरेंद्र अहिरवार गुनौर के होंगे नए तहसीलदार

**पन्ना ।** कलेक्टर पन्ना उषा परमार द्वारा जिले में पदस्थ विभिन्न तहसीलों के तहसीलदारों के स्थानांतरण किए गए हैं जिसमें गुनौर तहसीलदार श्रीमती रतन रश्मि पांडे को अजयगढ़ का तहसीलदार बनाया गया है सुरेंद्र अहिरवार को गुनौर का तहसीलदार नियुक्त किया गया है प्रमोद पुष्पद को अमानगंज द्वारी रामनरेश सोनी को रैपुरा वीरेंद्र सिंह परस्ते को नजर तहसीलदार पन्ना हेमंत अवधिया को शाहनगर बिसानी हरि नारायण शर्मा को अजयगढ़ धर्मपुर व्रत आशीष रसिया को सुनवानी व्रत तहसील अमानगंज पदस्थ किया गया है।

# राधिका मंदिर में रात्रि जागरण, सुबह फूलों और अवीर गुलाल की होरी से सराबोर हुआ पन्ना धाम



**जागरण, पन्ना ।** जब देशभर में होली की आहट सुनाई देती है, तब मंदिरों का शहर पन्ना किसी साधारण नगर की तरह नहीं, बल्कि साक्षात ब्रज और बरसाना की छवि में ढल जाता है। यहां की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि कृष्ण-राधा भक्ति की जीवंत परंपरा है, जिसमें आस्था, संगीत और संस्कृति एक साथ रंग बिखेरते हैं। किलकिला तट पर बसा 'बरसाना', धाम में सजी 'बृजभूमि' पन्ना धाम में किलकिला नदी के समीप स्थित श्री महारानी जी (राधिका जी) का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बरसाना का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर श्री प्राणनाथ जी का मंदिर क्षेत्र बृजभूमि की अनुभूति कराता है। प्रणामी सम्प्रदाय के प्रमुख तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध यह धाम हर वर्ष फाल्गुन मास में ब्रज संस्कृति का सजीव रूप प्रस्तुत करता है। प्रणामी सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए यह स्थल गहन आस्था का केंद्र है, जहां श्री प्राणनाथ जी को पूर्णब्रह्म परमात्मा के रूप में पूजा जाता है और राधिका रानी के साथ दिव्य लीलाओं का भाव जगाया जाता है।

**ब्रज की धमार, बरसाने की होरी :** होलिका दहन के एक दिन पूर्व राधिका मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ रात्रि जागरण हुआ। भोग के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और फाग गायन प्रारंभ हुआ। मोहन खेलत होरी और गोकुल सकल ग्वालिन घर-घर खेलें फाग जैसे पारंपरिक धमार गीतों ने वातावरण को वृन्दावन की सुरमयी छटा से भर दिया। रात भर सखियों के भाव में डूबे भक्त राधिका जी को फाग खेलने का आमंत्रण देते रहे। यह दृश्य मानो बरसाना और वृन्दावन की होरी का सजीव प्रतिबिंब हो।

**सुबह खिली फूलों की होली :** रात्रि जागरण के बाद प्रातःकाल फूलों और अमीर गुलाल की होली खेली गई। मंदिर प्रांगण गुलाबी, केसरिया और लाल रंगों से आच्छादित हो उठा। भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। यहां की होली में न तो केवल रंगों की धूम है और न ही केवल रस्मों का निर्वहन, बल्कि यह राधा-कृष्ण के दिव्य मिलन की भावाभिव्यक्ति है।

## देशभर से उमड़ती आस्था

हर वर्ष की तरह इस बार भी देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पन्ना धाम पहुंचे हैं। कई श्रद्धालु तो विशेष रूप से ब्रज की होली का अनुभव लेने आते हैं, और पन्ना में उन्हें वही रस, वही उल्लास और वही आध्यात्मिक आनंद प्राप्त होता है। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तक यहां दण्ड स्थापना से लेकर होलिका दहन और रंगोत्सव तक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रहती है। पन्ना की यह होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ब्रज संस्कृति की वह जीवंत परंपरा है जो मध्यप्रदेश की धरती पर भी उसी आस्था और उल्लास के साथ आज तक संरक्षित है।

# अजा प्रतिभा योजना हेतु आवेदन 20 मार्च तक

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से प्रतिभा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन एमपीटीएएससी पोर्टल पर 20 मार्च तक किए जा सकते हैं। इस संबंध में जिला संयोजक केके पाण्डेय ने बताया कि प्रतिभावान अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा योजना के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य उन सक्षम और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की कठिनतम प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराया है। जिला संयोजक ने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के वे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे जिन्होंने जेईई, नीट, क्लैट, एम्स या एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर देश के प्रमुख संस्थानों आईआईटी, एनआईटी, एनएलयू या एम्स में प्रवेश लिया है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले छात्र भी इस योजना के पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक के पास विभाग का हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण होना आवश्यक है। छात्र का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है ताकि राशि सीधे खाते में भेजी जा सके। विभाग ने आवेदन की प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित और पारदर्शी रखा है। संस्थान में प्रवेश लेने के पश्चात छात्र को योजना के लिए आवेदन करना होगा, जिसकी पुष्टि संबंधित शिक्षण संस्थान द्वारा की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच के बाद, प्रोत्साहन राशि सीधे विद्यार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी।

# यूजीसी नेट जैसे सेट में भी पीएचडी करने मिले छूट

## छात्रों ने टीआरएस गेट पर किया प्रदर्शन, रखी मांग



**रीवा।** प्रदेश भर में 1 मार्च रविवार को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सेट परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षार्थियों ने सेट की परीक्षा देने के बाद टीआरएस कॉलेज रीवा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी। छात्र-छात्राएं ने यूजीसी नेट जैसे सेट में भी पीएचडी के लिए छूट मिलने की बात की, वहीं स्टूडेंट्स एजुकेशन वेल्फेयर एसोसिएशन के संयोजक छात्र इंद्रलाल ने बात को रखते हुए कहा कि जिस प्रकार यूजीसी नेट में छात्रों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा के ऑप्शन और अवसर मिलता है उसी प्रकार से एमपी-सेट (मध्य प्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा) में भी पीएचडी हेतु ऑप्शन और अवसर मिले, क्योंकि यूजीसी नेट और एमपी-सेट दोनों ही परीक्षाएँ यूजीसी के दिशानिर्देशों के तहत आयोजित होती हैं। दोनों का पाठ्यक्रम एवं नियम शत प्रतिशत समान है और दोनों ही असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अपने अपने क्षेत्र में समान पात्रता प्रदान करती हैं। नए नियम यूजीसी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 से नेट स्कोर को पीएचडी प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्य कर दिया है। जब राष्ट्रीय स्तर पर यूजीसी नेट को आधार बनाया गया है, तो यूजीसी के समकक्ष एमपी-सेट स्कोर को अपने राज्य में पीएचडी प्रवेश के लिए मान्यता मिले। नेट की भांति सेट में भी एक कॉलम पीएचडी के लिए जोड़ दिया जाए। इससे समय और संसाधन की बचत भी होगी और एमपी-सेट उत्तीर्ण छात्र दोबारा उसी विषय के लिए पृथक से प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सचिन पटेल, रोहित कुमार रावत, आनंद कुमार, आरती सिंह, राजकमल पाल, शिवेंद्र तिवारी, शैलेन्द्र रावत, संत कुमार मौर्य, विष्णुदेव सिंह, प्रेमलाल सिंह, राजेंद्र कुमार बैगा, जवाहरलाल पनिका, ज्योति पटेल, वीरेंद्र पटेल, प्रदुम्न गुप्ता, कृपाशंकर पटेल, ऋषि पटेल, विमल पटेल, राजकुमार पटेल एवं अन्य सेट परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# सॉवी मदर स्कूल के तीन छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन




**रीवा।** हाल में आए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा परिणाम में सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल के तीन छात्रों ने सफलता हासिल की है। दो छात्र 9वीं में प्रवेश के लिए व एक छात्र छठवी कक्षा में प्रवेश के लिए क्वालीफाई हुआ है। विद्यालय के संचलक डॉ सुजय सिंह के अनुसार मेधावी छात्र ऋषभ तिवारी (कक्षा 8वीं), संस्कार मिश्रा (कक्षा 8वीं) एवं बोधिधर्मन (कक्षा 5वीं) ने वर्ष 2026 की ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बताया कि इन सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय में नियमित अध्ययन करते हुए, बिना किसी बाह्य कोचिंग या अतिरिक्त सहायता के, अपने परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।

डायरेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल सदैव अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। यहाँ प्रत्येक बच्चे की क्षमता को पहचानकर उसे सही दिशा देने का निरंतर प्रयास किया जाता है। विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम जैसी मूलभूत मूल्यों का विकास करना है। प्रारंभ से ही यह उद्देश्य रहा है कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, आत्मनिर्भर बनें और अपने लक्ष्य को उच्चतम स्तर तक प्राप्त करें। श्री सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित करता है, नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करता है और उन्हें चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। आपने कहा कि विद्यालय के समर्पित शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को सतत मार्गदर्शन, प्रेरणा प्रदान किया। शिक्षकों के सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर सहयोग ने विद्यार्थियों की तैयारी को सशक्त आधार दिया। विद्यालय परिवार ने इसे गौरव का स्वर्णिम क्षण बताते हुए कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि संस्थान बच्चों पर विश्वास करे और उन्हें सही दिशा दे, तो वे असंभव को भी संभव बना सकते हैं। कहा कि सफलता संयोग नहीं, सतत प्रयासों का परिणाम होती है। जब लक्ष्य स्पष्ट हो, मार्गदर्शन सशक्त हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तब हर सपना साकार होता है।

# ऐतिहासिक गोविंदगढ़ किला संरक्षण हेतु हस्ताक्षर अभियान

## 20 हजार से अधिक लोग जन-अभियान में शामिल

**जागरण, रीवा।** विंध्य क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर गोवदिंगढ़ किला के संरक्षण एवं पारदर्शी प्रबंधन की मांग को लेकर पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह द्वारा व्यापक हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया है। अब तक लगभग 20,000 लोगों के हस्ताक्षर हो चुके हैं तथा अभियान निरंतर जारी है। इस संबंध में श्री सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर गोविंदगढ़ किले की ऐतिहासिक गरिमा के संरक्षण एवं संतुलित विकास हेतु आग्रह किया है। पत्र में गोविंदगढ़ किला के संरक्षण एवं नीतिगत पुर्नसमीक्षा की मांग के साथ ही बताया कि यह किला स्थापत्य, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण धरोहर है। इसका निर्माण राजस्थान स्थित सेक पैलेस की तर्ज पर किया गया था। किले के समीप निर्मित झील का निर्माण अकाल काल में स्थानीय नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कराया गया था, जो तत्कालीन लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है। बताया कि विगत लगभग दो दशकों से होटल प्रयोजन हेतु प्रदत्त लीज अवधि के दौरान अपेक्षित संरक्षण सुनिश्चित नहीं हो पाया। मूल स्थापत्य अवयवों मकराना संगमरमर, नक्काशीदार जालियाँ एवं अन्य प्राचीन संरचनात्मक तत्वों को क्षति पहुंचने की स्थिति सामने आई है।



## राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग

रिमही आवाम की ओर से भेज गए पत्र में वर्तमान लीज की सम्यक समीक्षा कर आवश्यकतानुसार निरस्तीकरण कर संरक्षण-आधारित, पारदर्शी एवं जवाबदेह नई लीज व्यवस्था लागू की जाने। किले को संतुलित विकास के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाने, राष्ट्रीय स्मृति-स्मारक घोषित किए जाने, सफेद बाघ मोहन की समाधि स्थल को राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित किये जाने , कीर्तिशेष महाराजा मार्तंड सिंह जी के जन्मस्थल 'बेबी महल' को राष्ट्रीय स्मृति-स्मारक घोषित किये जाने की मांग रही है।

# आईएसई स्कूल के 8 छात्रों का सैनिक स्कूल में हुआ चयन




**रीवा।** शहर में संचालित आइएसई स्कूल के 8 छात्रों का एक साथ सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए चयन किया गया है। प्रदेश में शायद यह पहला स्कूल हो सकता है कि जिसके इतने छात्र ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा में एक साथ सफलता हासिल की हो। इंटीग्रिटी स्कूल आफ एक्सीलेंस को मिली इस अभूतपूर्व उपलब्धि में कक्षा पाँच के धैर्य श्रीवास्तव, कक्षा छह की अपर्णा चौरसिया तथा कक्षा आठ के दिव्यांश सिंह, सोनल वर्मा, हुनर अशरा मंसूरी, भावना वर्मा, ईश पांडेय एवं विनीत वर्मा ने अपनी अदम्य मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रतिभा से न केवल सफलता हासिल की अपितु विद्यालय एवं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से कक्षा आठ की मेधावी छात्रा सोनल वर्मा, जो विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एम. आर. साकेत की पौत्री हैं, भविष्य में विंग कमांडर बनकर भारतीय वायुसेना में देश सेवा करने का संकल्प रखा है। यह सफलता विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एम. आर. साकेत के दूरदर्शी, सशक्त एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में आई.एस.ई. रीवा निरंतर उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## संयुक्त निगरानी दल द्वारा किया गया कृषि प्रतिक्षेत्र का निरीक्षण

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देश में संभागीय संयुक्त निगरानी दल द्वारा शासकीय कृषि प्रतिक्षेत्र गहवरा का निरीक्षण किया गया। दल द्वारा मैहर जिले के रबी वर्ष 2025-26 की फसलों का सत्यापन किया गया। निरीक्षण दल ने बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत मसूर फसल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। दल में सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। इसी क्रम में गत दिवस सहायक संचालक द्वारा सीधी जिले के मझौली तहसील अन्तर्गत बेलहाई एवं सिहावल तहसील के खोरवाखास गांव में सासा योजना के तहत फसलों का निरीक्षण किया गया।

# वनिता समाज की प्रेरक पहल, बुधेला विद्यालय में सव्य साची् लेखन, बहुभाषीय शिक्षा एवं योग को प्रोत्साहन

जागरण शक्तिनगर



प्रदेश के बुधेला ग्राम स्थित वीणा वाधिनी पब्लिक स्कूल ग्रामीण अंचल में नवाचारी संस्कारयुक्त एवं समग्र शिक्षा का विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यह विद्यालय विद्यार्थियों को दोनों हाथों से समान दक्षता के साथ लेखन का विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। दोनों हाथों से समान कुशलता रखने वाले व्यक्तियों के लिए हिंदी में सव्यसाची् शब्द प्रयुक्त होता है। विद्यालय की यह अभिनव पहल विद्यार्थियों में मस्तिष्कीय संतुलन एकाग्रता तथा समन्वय क्षमता के विकास में सहायक सिद्ध हो रही है। विद्यालय में सव्यसाची लेखन के साथ.साथ बहुभाषीय शिक्षा पर भी विशेष बल दिया जा रहा है जिससे उनकी भाषाई दक्षता अभिव्यक्ति क्षमता एवं आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास भी कराया जाता है। योग के माध्यम से बच्चों में अनुशासन आत्मनियंत्रण मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रकार विद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ.साथ शारीरिकए मानसिक एवं नैतिक विकास को समान महत्व दे रहा है। इस अवसर पर क्लब की सड़श्याओं द्वारा विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट एवं मिठाइयों का वितरण किया गया जिससे विद्यार्थियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम में वनिता समाज की अध्यक्षा श्रीमती प्रज्ञा नायक के साथ श्रीमती सुधा किशोर श्रीमती सस्मिता मोहंती नीतू मिश्रा तथा वनिता समाज की अन्य वरिष्ठ सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वनिता समाज की अध्यक्षा श्रीमती प्रज्ञा नायक ने कहा वीणा वाधिनी पब्लिक स्कूल द्वारा सव्यसाची् लेखन बहुभाषीय शिक्षा एवं योग जैसे समग्र विकासोन्मुख कार्यक्रमों को अपनाना अत्यंत प्रशंसनीय है। यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण बौद्धिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की रचनात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वास्तव में प्रेरणास्रोत है। वनिता समाज भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को अपना सहयोग प्रदान करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा वनिता समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरक सहयोग बताया गया। ग्रामीण परिवेश में गुणवत्तापूर्ण संस्कारयुक्त एवं नवाचार.आधारित शिक्षा के प्रसार की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है।

# मासूम बच्ची की हत्या का पर्दाफाश आरोपी महिला गिरफ्तार

## पति पर अवैध संबंध के शक में वारदात को दिया अंजाम



**जागरण सिंगरौली।** गढ़वा थाना क्षेत्र में मासूम बच्ची की अंधी हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि गत 22 फरवरी को फरियादी बच्ची के बाबा ने थाना गढ़वा में सूचना दी थी कि उसकी नातिन सुबह करीब 9 बजे घर से अचानक लापता हो गई है। इस पर अपराध क्र.31/26 धारा 137;/2 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान 23 फरवरी को बच्ची का शव घर के समीप खेत में गेहूं की फसल के बीच बरामद हुआ। रीवा में दोबारा हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर किए जाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने धारा 103/1 बीएनएस बढ़ाते हुए जांच तेज कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल सैयाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गढ़वा विद्यावारिधि तिवारी के मार्गदर्शन में बगदरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बंशीपति प्रसाद कोल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर रानी देवी पनिका पति बाबूलाल पनिका, 28 वर्ष निवासी ग्राम नेवारी थाना गढ़वा से पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला को अपने पति और मृत बच्ची की मां के बीच अवैध संबंध होने का शक था और बच्ची उसके पति की थी। इसी संदेह के चलते उसने 22 फरवरी की सुबह बच्ची को घर के अंदर अकेला पाकर गला दबाकर हत्या कर दी और शव को खेत में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी को 1 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया है।

### इनकी रही प्रमुख भूमिका

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी उपनिरीक्षक बंशीपति प्रसाद कोल मनोज सिंह सायबर सेल से उपनिरीक्षक पवन महिला उपनिरीक्षक उमेश तिवारी सहायक उपनिरीक्षक परमहंस पाण्डेय रामचरण सतनामी आरक्षक विश्वजीत यादव पुष्पराज अजीत उपाध्याय नवीनचंद्र सिंह अमित यादव बिट्टू सिंह भैयालाल यादव एवं कमलेश वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# बेटियों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं

## कलेक्टर की आम जन मानस से अपील

**जागरण वैढ़न।** कलेक्टर श्री गौरव बैनल ने जिला सिंगरौली की समस्त जनता से अपील की है कि 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को जिन्होंने 14 वा जन्मदिन मना लिया हों लेकिन 15वा जन्मदिन नहीं मनाया हों एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीका अवश्य लगवाएँ। उन्होने कहा कि यह टीका भविष्य में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत यह टीका जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार मोरवा देवसर निवास सरई चितरंगी एवं बैरदाह पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है जिसे समय पर टीकाकरण द्वारा काफी हद तक रोका जा सकता है। वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित यह टीका सुरक्षित है और किशोरावस्था में लगवाने पर अधिक प्रभावी होता है। अतः आप सभी अभिभावकों से आग्रह है कि अपनी बेटियों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए उन्हें निर्धारित तिथि एवं स्थान पर एचपीवी टीका अवश्य लगवाएँ। किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद आशा कार्यकर्ता या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन



**रीवा।** परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीपक के शताब्दी समारोह जनवरी 2026 में युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के बैरागी दीप में युग परिवर्तन की दैवीय योजना को साकार करने के संकल्प के साथ अथाह उल्लास और अदम्य संकल्पों के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में लिए गए संकल्पों को पूरा करने के लिए संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश जोन की सभी तहसील एवं जिला समन्वय समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

रीवा जिले की सभी 09 तहसीलों में 16 सदस्यीय समन्वय समितियां गठित की जा चुकी हैं। प्रभाकांत तिवारी उप जोन समन्वयक पड़खुरी एवं एस पी मिश्रा उप जोन सह समन्वयक की उपस्थिति तथा प्रमोद सिंह प्रधान ट्रस्टी की अध्यक्षता में गायत्री शक्तिपीठ रीवा में अखिल विश्व गायत्री परिवार रीवा की जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन 01 मार्च को किया गया। पुनर्गठन में जिले की सभी तहसीलों से गायत्री परिजन उपस्थित रहे। पुनर्गठन में प्रज्ञा मंडल महिला मंडल, युवा मंडल एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट के सदस्यों ने भाग लिया दीप प्रज्वलन एवं अतिथि संस्कार के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शांतिकुंज प्रतिनिधि ने मध्य प्रदेश जोन से प्राप्त दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिले की समस्त तहसीलों से आए परिजनों द्वारा सर्वसम्मत से रवीन्द्र सिंह करचुली को गायत्री परिवार के जिला समन्वयक का दायित्व सौंपा गया तथा 15 सदस्यीय जिला समन्वय समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रमोद सिंह प्रमुख ट्रस्टी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अभिमन्यु सिंह वित्त प्रबंधक, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ,राजेश कुमार शर्मा, एसपी निगम, सविता मिश्रा एवं जिले की समस्त तहसील समितियां के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थित रही एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

# एनसीएल की निगाही परियोजना ने सीएसआर के तहत वार्ड क्र. 24 में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



## 150 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ

**जागरण सिंगरौली।** एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय.समय पर अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है इसी क्रम में गत गुरुवार को एनसीएल की निगाही परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत वार्ड क्र.24 नवानगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान निगाही परियोजना से चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया। इस अवसर पर 150 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया जिसमें 30 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि एनसीएल अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

# कलेक्टर ने की कम्पनियों से संबंधित टीएल आवेदनों की समीक्षा

## समय सीमा में आवेदनो का निराकरण करने का दिए निर्देश



**जागरण वैढ़न।** जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनी एनसीएल जयंत एनसीएल निगाही प्रोजेक्ट महान एनर्जेन लिमिटेड कम्पनियों से संबंधित टीएल आवेदनो की समीक्षा कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। विदित हो कि कलेक्टर की जन सुनवाई में तथा कार्य दिवसो पर संबंधित कम्पनियों से संबंधित विस्थापन रोजगार एभत्ता आदि दिलाये जाने से संबंधित आवेदको के द्वारा आवेदन कलेक्टर को दिए गयें थे। जिन्हे समय सीमा के अंदर निरारकण कर टीएल में प्रस्तुत किए जाने हेतु कलेक्टर के द्वारा संबंधित प्रबंधको को निर्देशित किया गया था। जिनके निराकरण की जानकारी कलेक्टर द्वारा समीक्षा बैठक में ली गई। बैठक के दौरान कुछ कम्पनियों के द्वारा प्राप्त आवेदनो का निराकरण किया जाकर प्रगति प्रतिवेदन से कलेक्टर को अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गया कि आगामी टीएल बैठक के दौरान निराकरण हेतु शेष बचे आवेदनो को भी सभी कम्पनियां शत प्रतिशत निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। बैठक के दौरान एनसीएल जयंत एनसीएल निगाही एव महान एनर्जेन लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# होली पर रहेगा शुष्क दिवस

**जागरण वैढ़न।** होली त्योहार के अवसर पर शान्ति समिति में लिए गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम. 1915 की धारा.24 /1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव बैनल के द्वारा होली के त्योहार ;जिस दिन रंग खेला जायेगा पर सम्पूर्ण जिले में जिले की सम्पूर्ण मदिरा दुकानें स्टोरेज मद्यभाण्डागार एफएल.एएफएल एवं आरडब्लएस आदि अनुज्ञप्ति परिसर 3 मार्च की रात्रि के 11.30 बजे अनुज्ञप्ति बन्द होने के समय से 4 मार्च को सांयकाल 5 बजे तक शुष्क अवधि शुष्क दिवस घोषित किया गया। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया कि घोषित शुष्क अवधि में मदिरा का क्रय विक्रय परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों हेतु उल्लासपूर्ण पिकनिक का किया गया आयोजन



**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस लेक पार्क में विशेष रूप से दिव्यांग कर्मचारियों के लिए एक उल्लासपूर्ण पिकनिक का आयोजन किया गया। लगभग 15 दिव्यांग कर्मचारी अपने परिवारजनों सहित उत्साहपूर्वक शामिल हुएए जो संगठन की समावेशी भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान म्यूजिकल रेस लेमन.एंड.स्पून रेस और हाउजी जैसे मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। साथ ही कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने गीतए कविता और चुटकुलों की प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। प्रबंधन द्वारा भोजन एवं अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई जिससे सभी ने आरामदायक एवं यादगार अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन होली के रंगों के साथ हुआ जहां प्रतिभागियों ने गुलाल लगाकर एक.दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कर्मचारियों ने इस पहल के लिए प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

# स्वस्थ्य रहने के लिए करना होगा नियमित योग : अखिलेश कुमार

## होली मिलन समारोह में जमकर थिरके योगा परिवार के सदस्य



**जागरण, सिंगरौली।** रविवार को योगा परिवार द्वारा वर्कर्स क्लब सिंगरौली में रंगारंग होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर योगा परिवार के सदस्य एक दुसरे को रंग बिरंगे अबीर लगाकर, गले मिलकर होली की शुभकामनए दी। इस दौरान एस.पी. सिंह, खगेन्द्र सिंह, संजय सिंह पंडित, सुरेश सा, दुनिया प्रसाद, राजेश ओझा, मोनू सिंह द्वारा ढ़ोल, झाल मजीरा के साथ भोजपुरी फगुआ गीत की प्रस्तुति दी गयी। जिस पर कार्यक्रम में मौजूद लोग अपने को थिरकने से रोक नही पाये। होली खेले रघुबीरा... सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियो के बीच थिरकने को मजबूर हो गये। वही डीजे की धुनि पर रंग बरसे भीगे चुनर वाली... रंग में भंग जमा है चकाचक... सहित कई भोजपुरी एवं फिल्मी होली गीतो लोग जमकर झुमे। योगा परिवार द्वारा रविवार को स्पेशल डे घोषित कर प्रत्येक रविवार को चाय पार्टी का आयोजन किया जाता है। रविवार की सुबह एनसीएल स्टेडियम में रोजाना की तरह योग करने के बाद संगठन के वरिष्ठ सदस्य नबल सिंह द्वारा चाय बिस्किट का पार्टी दिया गया। सायं एनसीएल के वर्कर्स क्लब में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दिनेश गुप्ता, दुनिया प्रसाद, मोनू सिंह, सुरेश सा, विजय प्रकाश झा, पूनम चन्द्र मालवीय, राजेश सिंह, खगेन्द्र सिंह, सुनील अग्रवाल, सुरेश सा, आदित्य प्रताप सिंह, प्रयाग लाल वैश्य, अम्ब्रीश वैश्य विभिन्न प्रकार के होली गीतो की धुनी पर सामुहिक डांस से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर योगा परिवार के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज कल के दिनचार्या में स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित योग करना आवश्यक है। नियमित योग से कई प्रकार की बीमारिया ठीक हो जाती है। स्वस्थ्य रहने के लिए मोरवा क्षेत्र में योगा परिवारएक मिशाल के रूप में कार्य कर रहा है। प्रतिदिन सुबह मार्निग वॉक करने के साथ ही एनसीएल स्टेडियम मे विभिन्न प्रकार के योग से लोगो स्वस्थ्य रहने का संदेश करीब दो दशक से देते आ रहा है। रंगारंग प्रस्तुतियां ने यह साबित कर दिया की योगा परिवार के सदस्य किसी भी मायने में पीछे नही है। योगा परिवार के वरिष्ठ सदस्यो द्वारा उक्त कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के वरिष्ठ सदस्य अमर बहादुर कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी लोगो द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम के अंत में सामुहिक भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवार के अध्यक्ष अखिलेश कुमार, वरिष्ठ सदस्य दिनेश गुप्ता, काशीनाथ सिंह, एस.पी. सिंह, संजय पंडित, खगेन्द्र सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, प्रभात शुक्ला, अम्ब्रीश बैस, राजेश ओझा, अखिलेश चौबे, लालजी साहू, इंद्रबली सिंह, राजेश सिंह, निर्मल सिंह, नवल सिंह, सुरेश गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह, संजय कुशवाहा, राजकुमार गुप्ता, सुरेश शाह, पवन कुमार सिन्हा, शशि भूषण मिश्रा, रमेश जैन, प्रयाग लाल वैश्य, रामयश सिंह इत्यादि ने समारोह में भरपूर आनन्द लिया।



## टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में तीसरी बार भिड़ेंगी दोनों टीमें, मुकाबला पांच मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में

# भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल की हैट्रिक



जेएनएन, मुंबई

टीम इंडिया ने सुपर-8 के अंतिम मैच में वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत दर्ज कर टी-20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना एक बार फिर इंग्लैंड से होगा। पांच मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मैच लगातार तीसरा सेमीफाइनल होगा, जहां दोनों टीमों की टक्कर होगी। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराया था, जबकि 2024 में भारत ने 68 रनों से बदला लिया। अब घरेलू मैदान पर भारत की नजरें इंग्लैंड को फिर परास्त कर फाइनल में जगह बनाने पर होंगी। इससे पहले टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कोलकाता में खेला जाएगा। विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भारत और इंग्लैंड दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों ही टीमें दो-दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुकी हैं। भारत 2007 और 2024 के चैंपियन हैं, जबकि इंग्लैंड ने 2010 और 2022 में खिताब हासिल किया।

### दोनों टीमों का टूर्नामेंट में सफर

**भारतः** सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टीम का टी-20 विश्व कप में सफर शानदार रहा है। भारत ने 7 में से 6 मैच जीते और 20वां आईसीसी सेमीफाइनल रिकॉर्ड बनाया। ग्रुप-ए में भारत ने सभी मैच बड़े अंतर से जीते। इसमें यूएसए को 29 रनों से, नामीबिया को 93 रनों से, पाकिस्तान को 61 रनों से और नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराकर ग्रुप टॉप किया। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन जिम्बाब्वे को हराया और वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी मैच में संजू सैमसन की नाबाद 97 रनों की पारी से 5 विकेट से जीत हासिल की।

**इंग्लैंडः** हैरी ब्रूक की कप्तानी में इंग्लैंड का सफर भी उतार-चढ़ाव भरा रहा। ग्रुप चरण में नेपाल को 4 रनों से हराया, लेकिन वेस्टइंडीज से 30 रनों से हारे। फिर स्कॉटलैंड और इटली को हराकर सुपर-8 में जगह बनाई। सुपर-8 में श्रीलंका को 51 रनों से, पाकिस्तान को हराया (उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन) और न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी, जहां विल जैक्स और रेहान अहमद की देर रात की पारी निर्णायक साबित हुई। इंग्लैंड ने भी 7 में से 6 मैच जीते, लेकिन वे कभी परफेक्ट गेम नहीं खेल सके, जैसा कि जैक्स ने खुद कहा।

### टी-20 विश्व कप में भारत बनाम इंग्लैंड मैच

| साल | स्टेज | किसने किसे हराया |
|---|---|---|
| 2007 | ग्रुप स्टेज | भारत ने इंग्लैंड को 18 रन से हराया |
| 2009 | सुपर-8 | इंग्लैंड ने भारत को तीन रन से हराया |
| 2012 | ग्रुप स्टेज | भारत ने इंग्लैंड को 90 रन से हराया |
| 2022 | सेमीफाइनल | इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराया |
| 2024 | सेमीफाइनल | भारत ने इंग्लैंड को 68 रन से हराया |



### टी-20 विश्वकप

| हेड टू हेड | |
|---|---|
| कुल मैच | 05 |
| भारत जीता | 03 |
| इंग्लैंड जीता | 02 |
| **सेमीफाइनल** | |
| कुल मैच | 02 |
| भारत जीता | 01 |
| इंग्लैंड जीता | 01 |
| **टी-20** | |
| कुल टी-20 | 29 |
| भारत जीता | 17 |
| इंग्लैंड जीता | 12 |

### वानखेड़े में रिकॉर्ड

वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीमें इस फॉर्मेट में दो बार भिड़ चुकी हैं। ोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता है। 2012 में इंग्लैंड ने 6 विकेट से मैच जीता था। 13 साल बाद फिर दोनों टीमें इस मैदान पर 2025 में आमने-सामने रहीं, जिसमें भारत ने पिछला हिसाब चुकता करते हुए 150 रन से बड़ी जीत दर्ज की।

**2022** के एडिलेड सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से रौंदा, जबकि 2024 के गयाना सेमीफाइनल में भारत ने 68 रनों से बदला लिया।

### खिलाड़ियों के बीच टक्कर

- सूर्यकुमार यादव (359 रन, 153.41 एसआर) स्पिन को अच्छा खेलते हैं, लेकिन रशीद खान की लेग स्पिन चुनौती दे सकती है।
- जसप्रीत बुमराह की नई गेंद से शुरुआती विकेट लेने की क्षमता इंग्लैंड के ओपनर्स को परेशान कर सकती है। जोस बटलर या फिल साल्ट के लिए यह चुनौती हो सकती है।
- इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक स्पिन खेलने में माहिर हैं, लेकिन कुलदीप की चाइनामैन गेंदें गेम चेंजर हो सकती हैं।
- अभिषेक शर्मा की स्पिन के खिलाफ कमजोरी (कम आत्मविश्वास) इंग्लैंड के लिए फायदेमंद हो सकती है, जहां विल जैक्स (ऑलराउंडर, 4 प्लेयर ऑफ द मैच) और लियाम डॉसन जैसे स्पिनर असरदार साबित हो सकते हैं।
- जोफ्रा आर्चर की पेस भारतीय ओपनर्स को शुरुआती झटका दे सकती है। इशान किशन (355 रन, 200.56 एसआर) और शिवम दुबे की पावर हिटिंग इंग्लैंड के लिए खतरा है, जबकि सैम कुरेन की डेथ ओवर बॉलिंग भारत को रोक सकती है।

---

### मैदान से हटकर

## लाइव शो में बुमराह को अंग्रेजी सिखाने लगीं संजना गणेशन

भारतीय टीम टी-20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत की जीत में संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह का अहम योगदान रहा। सैमसन ने 97 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं बुमराह ने एक ही ओवर में दो विस्फोटक बल्लेबाज रोस्टन चेज और शिमरोन हेटमायर को आउट कर दिया। मैच खत्म होने के बाद बुमराह का इंटरव्यू उनकी पत्नी संजना गणेशन ने लिया। संजना विश्व कप में आईसीसी के लिए





प्रजेंटर की भूमिका में हैं। इंटरव्यू शुरू करने से पहले संजना ने बुमराह को इंग्लिश के शब्द सब्सक्राइब का उच्चारण करना सिखाया। बुमराह सब्सक्राइब सही से नहीं बोल पा रहे थे। संजना ने उन्हें कई बार सब्सक्राइब बोलकर सभी उच्चारण करना बताया। बुमराह का संजना ने कई बार इंटरव्यू किया है। इस दौरान दोनों प्यार से नोक-झोंक करते रहते हैं। इसी इंटरव्यू के खत्म होने के बाद बुमराह ने माइक को हवा में उछालकर कैच लिया। इसपर संजना ने कहा इक्विपमेंट महंगे होते हैं और माइक उनके हाथ से ले लिया। बुमराह ने इस विश्व कप में किफायती गेंदबाजी की है। (जेएनएन)

## मेसी के डबल गोल से जीता इंटर मियामी

### एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराया



**09** मैचों के बाद मियामी ने इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली जीत हासिल की।

- अर्जेंटीना के स्टार मेसी ने एमएलएस में अब 52 गोल पूरे कर लिए हैं, जिसमें ऑरलैंडो के खिलाफ 5 मैचों में 8 गोल शामिल हैं।
- मेसी का कुल करियर गोल अब 898 पहुंच गया है, और उन्होंने 22 लगातार कैलेंडर वर्षों में गोल या असिस्ट का रिकॉर्ड बनाया।

जेएनएन, ऑरलैंडो

लियोनेल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया, जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

## टेस्ट पर फोकसः बीसीसीआई ने जहीर खान के बाद हरभजन से किया संपर्क



जेएनएन, कोलकाता

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था। इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं, जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## अफगान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन वनडे खेलेगा भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अफगानिस्तान की टीम भारत के अपने आगामी दौरे में एक टेस्ट मैच और तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि अफगानिस्तान एक टेस्ट मैच खेलेगा, जिसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टेस्ट मैच छह से 10 जून, 2026 तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। यह टेस्ट मैच हालांकि भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए भारत इस प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है और इसलिए उसने तीन वनडे मैच का कार्यक्रम बनाया है। वनडे सीरीज का पहला मैच 14 जून को धर्मशाला में शुरू होगा, जिसके बाद के मैच लखनऊ (17 जून) और चेन्नई (20 जून) में खेले जाएंगे। सभी वनडे मैच भारतीय दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे।

## ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप आज से, दुंबई में फंसी सिंधू का बाहर रहना तय, लक्ष्य पर रहेगी नजरें

**बर्मिंघम, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का मंगलवार से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है, क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय स्टार खिलाड़ी को पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिडा कटेथोंग का सामना करना था, लेकिन दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ेगा। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य





सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना यहां पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे।

- महिला एकल में मालविका बंसोड़ को टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की सायका हिरोटा और अयाको सकुरामोतो से होगा।

## पश्चिम एशिया में युद्ध टेनिस सितारे भी फंसे

**लंदन, जेएनएन।** अमेरिकी ओपन के पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने बताया कि वह उन 'कुछ खिलाड़ियों और टीम सदस्यों में शामिल है, जिन्हें 'एटीपी टूर' दुबई से सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के कारण व्यापक स्तर पर उड़ानें रद्द हो गई हैं और यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। मेदवेदेव के इंस्टाग्राम से सोमवार को रूसी भाषा के टेनिस पोर्टल 'बोल्शे' की एक रिपोर्ट रीपोस्ट की गई, जिसमें कहा गया कि वह सुरक्षित हैं और दुबई में एक मित्र के अपार्टमेंट में ठहरे हुए हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में एटीपी टूर्नामेंट जीता था, जिसके बाद उड़ान रद्द होने से वे वहीं रुकना पड़ा।

### सिटी स्पोर्ट्स

## प्रियांशी ने तिराना में जीता रजत



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश कुश्ती अकादमी की पूर्व खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू दूसरी रैंकिंग सीरीज मुहम्मत मालो अंतरराष्ट्रीय कुश्ती टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। यह प्रतियोगिता अल्बानिया की राजधानी तिराना में आयोजित की गई। प्रियांशी ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक अपने नाम किया।

## वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 7 मार्च को

**भोपाल, खेप्र।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रसिद्ध छात्र नेता रहे स्व. विनय सिंह सेंगर की स्मृति में 7 मार्च को वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन और भोपाल वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 200 से अधिक पुरुष एवं महिला भारोत्तोलक हिस्सा लेंगे। एमवीएम में शनिवार सुबह 10 बजे से आयोजित इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुरुष और महिला दोनों के लिए कुल 8 भार वर्ग होंगे।

## ऑल इंडिया मास्टर्स कप 15 मार्च से

**भोपाल, खेप्र।** स्व. कैलाश नारायण सारंग मेमोरियल नौवां ऑल इंडिया मास्टर्स कप वेटरन क्रिकेट टूर्नामेंट 15 मार्च से शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट ओल्ड चैंपियन मैदान पर खेला जाएगा। आयोजन सचिव योगेन्द्र व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में भोपाल की 4 टीमों के अलावा ग्वालियर, विदिशा, इंदौर और मुंबई की टीम हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता के साथ-साथ विभागीय और कॉर्पोरेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। कॉर्पोरेट और विभागीय टीमों की पांच-पांच टीमें हिस्सा ले रही है।

## युद्ध से दूर ईरान अपना पहला महिला एशियाई कप मैच दक्षिण कोरिया से हारा

जेएनएन, गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)

महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जहरा घनबारी की अगुआई वाली ईरान की टीम को दक्षिण कोरिया से हार का सामना करना पड़ा जो इजराइल और अमेरिका के अपने देश पर हमले से शुरू हुए युद्ध से बहुत दूर थीं। दक्षिण कोरिया के खिलाफ मिली हार से पहले ईरानी मुख्य कोच मरजियाह जाफरी ने हमले और अपने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर बयान देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि टीम को टूर्नामेंट पर फोकस करने की जरूरत है। राष्ट्रगान के दौरान ईरान की खिलाड़ी उदास दिख रही थीं, हालांकि गोल्ड कोस्ट स्टेडियम में समर्थकों को देखकर उनके चेहरे पर मुस्कुराहट भी दिखी। पर 2022 महिला एशियाई कप की उप विजेता रही दक्षिण कोरिया की टीम ने 3-0 से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में ईरान टीम का लक्ष्य अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप में जगह पक्की करना है और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया में उसे कम से कम क्वार्टर फाइनल में पहुचना होगा। ईरान का अगला मैच बृहस्पतिवार को मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा।



## गुकेश की गलती से अब्दुसत्तोरोव की एक और जीत, दिव्या की पहली जीत

**प्राग (चेक गणराज्य), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा। इस बीच नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जो पांच



मैचों में अपनी चौथी जीत के बाद लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांचवें दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराया। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को पांच मैचों में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने हराया। स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोव को, जबकि ईरान के परहम मगसूदलू ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराया। चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने साथी भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

### कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी होली पर्व की शुभकामनाएं

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के सभी नागरिकों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि होली आपसी सद्भाव और प्रेम मिलन का त्यौहार है। इसे सद्भाव के साथ मनाएं। होली पर्व में किसी तरह का अमर्यादित आचरण न करें। सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर होली का पर्व मनाएं।

### वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**सतना।** मार्च माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम , अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्लचवायर के फंदे में फंसा तेंदुआ

## वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**जागरण सतना**

उचेहरा वन परिक्षेत्र की खोखर्रा बीट में सोमवार को एक डेढ़ वर्षीय तेंदुआ क्लच वायर के फंदे में फंसा पाया गया। यह तेंदुआ पिछले दो दिनों से राजस्व भूमि क्षेत्र में देखा जा रहा था जिस पर वन विभाग की टीम निगरानी कर रही थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव के कुत्तों ने उसे खदेड़ दिया था जिसके बाद वह एक पेड़ पर चढ़ गया। दोपहर में कुत्तों के हटने पर तेंदुआ जंगल की ओर भागा लेकिन इसी दौरान वह बांस के भीरा में लगाए गए क्लच वायर के फंदे में फंस गया। आशंका है कि यह फंदा अज्ञात शिकारियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से लगाया गया था। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन नामदेव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पन्ना टाइगर रिजर्व से वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संदीप कुमार गुप्ता भी अपनी रेस्क्यू टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। विशेषज्ञ टीम ने सावधानीपूर्वक तेंदुए को फंदे से आजाद कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पिंजरे में कैद कर परसमनिया के जंगल क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वन विभाग ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस सफल रेस्क्यू अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन नामदेव डिप्टी रेंजर भारत सिंह नागर ब्रजमोहन रावत वन रक्षक शंकर प्रसाद यादव महेश प्रजापति और ध्रुव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



वन विभाग ने आमजन से वन्यजीवों से संबंधित किसी भी जानकारी या अवैध शिकार की गतिविधियों की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है।

# पेंशन संबंधी बढ़ रही शिकायतों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## कहा राशन दुकानो की नियमित जांच कराये

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने अनुविभाग में राशन दुकानों की नियमित जांच के लिए दल गठित करें और प्रत्येक राशन दुकान की नियमित जांच कराये। उन्होंने राशन दुकान के सेल्समैन और समिति प्रबंधकों की हर 3 माह के अंतराल में समीक्षा बैठक करने के निर्देष भी दिये है। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सार्वजनिक लक्षित वितरण प्रणाली, रेल्वे, एयरपोर्ट, नर्मदा घाटी विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, जल निगम, स्वरोजगार योजनायें, जनगणना की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम अनिकेत शांडिल्य, महिपाल सिंह गुर्जर, जीतेन्द्र वर्मा, आरएन खरे सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

जनगणना कार्य की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में गणना ब्लाक का गठन, फील्ड ट्रेनर का चयन ग्राम स्तर, नगर स्तर और चार्ज स्तर पर संधारित किये जाने वाले रजिस्ट्रारों की कार्यवाही पूर्ण कर 5 मार्च तक रिपोर्ट भेंजे। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के चार्ज अधिकारी वार की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने षहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संयुक्त रूप से अनुविभागीय जनगणना अधिकारी होंगे। नगर निगम क्षेत्र सतना के लिए उपायुक्त सत्यम मिश्रा को नगर जनगणना अधिकारी बनाया गया है।



कलेक्टर ने बताया कि बटाई पर खेती करने वाले सिकमी किसानों को भी ई-विकास पोर्टल पर खाद प्राप्त करने की सुविधा दी जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली पर फोकस रहते हुए कार्य करे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग ई-आफिस का प्रयोग करते हुए अपनी फाइलें कलेक्टर को प्रेषित करेंगे। उन्होंने कहा कि हिट एण्ड रन तथा कैषलेस ट्रीटमेंट योजना की समीक्षा के लिए 12 मार्च को बैठक की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग की पेंषन संबंधी शिकायतें बहुत बढ़ रही है। मध्यांचल ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक ने बताया कि पेंशन भुगतान से संबंधित साफ्टवेयर अपग्रेड कर लिया गया है। एक सप्ताह के पश्चात सभी पेंषनधारियों को सुगमता से पेंषन का भुगतान होने लगेगा।


## होली की हार्दिक शुभकामनाए



राजमणी सिंह - अध्यक्ष न.प. कोटर | डॉ पूजा द्विवेदी - सीएमओ न.प. कोटर | प्रभाकर तिवारी - उपा.न.प. कोटर | बब्लू गौतम - सभापति.न.प. कोटर

होली खेलने के दौरान स्वच्छता का पूरा ध्यान रखे , अनावश्यक पानी नष्ट न करें। पालीथीन एवं प्लास्टिक का उपयोग न करें। हर्बल एवं प्राकृतिक रंगो से होली मनाये।


## ग्रामोदय विवि के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**जागरण सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत् शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 मार्च 2026 तक कर दी गई है। निदेशक प्रो् कमलेश कुमार थापक ने बताया कि सत्र 2025.26, जनवरी सत्र में संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में एमपी ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को विस्तारित कर 30 मार्च 2026 कर दी गई है। दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के पंजीकृत विद्यार्थियों को एमपी ऑनलाईन के माध्यम से पाठ्यक्रम परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि को भी बढ़ा कर 30 मार्च 2026 कर दिया गया है।

## जनरल मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा डॉक्टर साहब को दी गई श्रद्धांजलि

**जागरण सतना।** जनरल मर्चेंट एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न हुई उसमें उपस्थित संस्था के सभी पदाधिकारी संस्था सदस्य सभी लोगों द्वारा डॉक्टर साहब को कीण् सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निर्देशक डॉ बीके जैन जी श्रद्धांजलि दी गई साथ ही विचार विमर्श उनके द्वारा संस्था के सदस्य किसी को भी जाने पर जो पूर्ण रूप से सहयोग मिलता था या अन्य किसी व्यक्ति को वहां जाने पर जो सहयोग प्राप्त होता था वह अब सिर्फयादों में रह गया है उनके मार्गदर्शन और मधुर व्यवहार को हमेशा याद रखा जाएगा उनके द्वारा जो सहयोग प्राप्त हुआ वह भी स्मरणीय रहेगा संस्था संरक्षक मनोहर लाल वाधवानी संस्था अध्यक्ष जेठानंद वाधवानी अन्य सभी संस्था के पदाधिकारी राजेंद्र अग्रवाल राजेंद्र गुप्ता मनोहर लाल बसंतानी मनोहर मोरियानी जी संदीप तोलवानी विजय तेजवानी शंकर लाल वाधवानी जितेंद्र सबनानी अनिल धनवानी मनोज दुधनी सागर गुप्ता जगदीश प्रसाद अग्रवाल अशोक गुप्ता संस्था के कई वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रदेशवासियों को होली एवं होलिका दहन की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और खुशहाली का प्रतीक है। उन्होंने प्रार्थना की है कि होलिका की पावन अग्नि बुराइयों, विसंगतियों और रोगों को समाप्त करे तथा सभी के जीवन में सुख-समृद्धि के रंगों का संचार करे। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की अपील की है।

# डॉ बीके जैन ने अपना समूचा जीवन सेवा में लगा दिया : सांसद

**जागरण सतना।** डॉक्टर बीके जैन के निधन पर शोक संवेदना देने सांसद गणेश सिंह सदगुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट पहुंचकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद श्री सिंह ने बताया कि डॉक्टर बीके जैन से मेरे सन 1995 से नजदीकी रिश्ते रहे हैं वे सदगुरु सेवा ट्रस्ट से सन 1974 में जुड़े थे तब से लेकर आज तक संस्थान की सेवा और नेत्र चिकित्सा में अपना समूचा जीवन बिना कोई स्वार्थ बिना अपने लिए कुछ बनाए समर्पित कर दिया । ऐसे विरले लोग ही होते है जो सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य मानकर जीते हैं उनमें से एक डॉक्टर बीके जैन भी थे सदगुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा हर वर्ष लगभग सवा दो लाख लोगों के नेत्रों का ऑपरेशन होता है जिसमें से एक लाख सत्तर हजार लोगों की निशुल्क सेवा यहां पर की जाती है एयह अपने आप में एक बड़ा इतिहास हैए संस्थान हमेशा मानवता की सेवा के लिए स्थापना से लेकर अब तक कार्य करता रहा है डॉक्टर जैन ने संस्थान को बहुत ऊंचाई तक पहुंचाया है और संस्थान ने भी डॉक्टर जैन को बहुत ऊपर पहुंचाया यह एक तरह से एक दूसरे के पूरक थे।

## संसदीय कार्यालय में नहीं मनेगी होली

**सतना।** इस बार होली का त्यौहार सतना सांसद गणेश सिंह के संसदीय कार्यालय में नहीं मनाई जाएगी। सांसद ने यह सूचना जारी कर बताया है कि बिगत दिनों पहले मेरे छोटे भाई गुलाब सिंह के बड़ी बेटी श्रीमती अविना सिंह एवं मेरे सहयोगी कौशलेंद्र सिंह ; रिंकूद्ध सहित इन दोनों लोगों के निधन हो जाने पर दिनांक 3 एवं 4 मार्च 2026 को संसदीय कार्यालय सतना में होली मिलन एवं फगुआ का कार्यक्रम पूर्णता निरस्त किया गया है।












## मंहगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि स्वगत योग्य



**सतना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा होली के पावन अवसर पर शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि कर 58 प्रतिशत किए जाने का निर्णय अत्यंत सराहनीय एवं स्वागतयोग्य है। यह निर्णय कर्मचारियों और उनके परिवारों को वर्तमान परिस्थितियों में महत्वपूर्ण संबल प्रदान करेगा। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने इस संवेदनशील एवं कल्याणकारी निर्णय हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

**सतना।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है।













जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com